आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी 12:32 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 252, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



5 अरब वर्ष बाद भी जीवित रहेगी हमारी पृथ्वी **14** | 250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1 **13**

# सीओ हत्याकांड : सभी 10 दोषियों को उम्रकैद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- जुर्माना भी लगाया गया सीबीआई कोर्ट ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार :** प्रतापगढ़ जिले की कुंडा सर्किल के तत्कालीन डिप्टी एसपी (सीओ) जिलाउल हक हत्याकांड में 11 साल बाद फूलचंद यादव समेत दोषी सभी 10 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश धीरेंद्र कुमार ने साथ ही प्रत्येक पर 19,500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई कोर्ट ने फैसले में कहा है कि जुर्माने की आधी धनराशि मृतक डिप्टी एसपी जियाउल हक की पत्नी परवीन आजाद को दी जाएगी।

कोर्ट ने बीते 5 अक्टूबर को आरोपी फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटे लाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पाल उर्फ बुल्ले पाल को हत्या के आरोप में दोषी ठहराया था। सभी दोष सिद्ध आरोपियों को बुधवार को सीबीआई कोर्ट ने सजा के प्रश्न पर सुनने के लिए जेल से तलब किया था। सुनवाई के बाद अदालत ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ जुर्माने से उन्हें दंडित किया। अदालत ने एक अन्य आरोपी सुधीर यादव को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है।

# भारत ने खोया रतन, उद्योग जगत में शोक

## मुंबई के अस्पताल में 86 वर्ष की आयु में टाटा ने ली अंतिम सांस



मुंबई, एजेंसी

टाटा समूह के मानद चेयरमैन और दिग्गज उद्योगपति पद्म विभूषण रतन टाटा का बुधवार देर रात मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि रतन टाटा का दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में रात साढ़े 11 बजे निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन से देशभर में उद्योग जगत में शोक व्याप्त हो गया है। टाटा का जन्म 28 दिसंबर 1937 को हुआ था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि उद्योगपति रतन टाटा का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। टाटा के परिवार ने एक बयान में कहा कि हम - उनके भाई, बहन और परिवार, उन सभी लोगों से मिले प्यार और सम्मान से सांत्वना और सुकून पाते हैं, जो उनका सम्मान करते थे। हालांकि, अब रतन टाटा व्यक्तिगत रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी विनम्रता, उदारता और उद्देश्य की विरासत भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक बयान में रतन टाटा को अपना मित्र और मार्गदर्शक बताया। चंद्रशेखरन ने कि हम रतन नवल टाटा को गहरे दुख के साथ विदाई दे रहे हैं। वह वास्तव में एक असाधारण नेतृत्वकर्ता थे, जिनके अतुलनीय योगदान ने न केवल टाटा समूह को बल्कि हमारे राष्ट्र के ताने-बाने को भी आकार दिया है। उन्होंने कहा कि 1991 से रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार किया। रतन टाटा ने अपनी मृत्यु से दो दिन पहले यानी सात अक्टूबर को अपने स्वास्थ्य को लेकर सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि मैं अपने स्वास्थ्य के बारे में हाल ही में फैली अफवाहों से अवगत हूं और सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि ये दावे निराधार हैं।

### दूसरों को कुछ देने का जुनून था : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया। मोदी ने एक्स पर लिखा कि रतन टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। रतन टाटा जी का सबसे अनोखा पहलू था बड़े सपने देखने और दूसरों को कुछ देने का उनका जुनून।

### उद्योग जगत के थे महानायक : राजनाथ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर कहा कि रतन टाटा के निधन से मुझे गहरा दु:ख पहुंचा है। वह भारतीय उद्योग जगत के महान नायक थे। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

### सच्चे अर्थों में देश के रत्न थे : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रतन टाटा के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। एक्स पर उन्होंने लिखा कि प्रख्यात उद्योगपति पद्म विभूषण रतन टाटा जी का निधन अत्यंत दु:खद है। वे सच्चे अर्थों में देश के रत्न थे।

नवरात्रि के पावन महोत्सव की
एम.के. बन्धानी हींग परिवार
की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
एम.के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## एक नजर

### उत्तराखंड में 28 जनवरी से होंगे राष्ट्रीय खेल

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में होंगे। 25 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित भारतीय ओलंपिक संघ की आमसभा की बैठक में इसका पूरा कार्यक्रम जारी किया जाएगा। राष्ट्रीय खेलों के साथ ही विंटर नेशनल गेम का आयोजन भी उत्तराखंड होगा।

### गोलियों से छलनी मिला जवान का शव

**श्रीनगर, एजेंसी।** सेना के मंगलवार से लापता जवान का गोलियों से छलनी शव बुधवार सुबह अनंतनाग जिले में बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्रादेशिक सेना (टीए) की 162 यूनिट का एक जवान मंगलवार को होरनाग शंगुस वन क्षेत्र में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान लापता हो गया था। आतंकियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। बुधवार सुबह सैनिक का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ। (पेज-11)

# गरीबों को दिसंबर 2028 तक मिलेगा मुफ्त पौष्टिक चावल

## कैबिनेट बैठक : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिया कल्याणकारी योजना को जारी रखने का निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

- योजना पर व्यय होगी 17,082 करोड़ रुपये की धनराशि



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पौष्टिक तत्वों से भरपूर चावल की मुफ्त आपूर्ति खाद्य कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत 17,082 करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2028 तक जारी रखने का बुधवार को फैसला किया। पौष्टिक तत्वों से भरपूर यानी फोर्टिफाइड चावल लोगों में खून की कमी (एनीमिया) के समाधान और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए अहम माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की प्रक्रिया में भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों (लौह, फोलिक एसिड, विटामिन बी12) से भरपूर 'फोर्टिफाइड' चावल कर्नेल (एफआरके) को नियमित चावल (कस्टम मिल्ड चावल) में मिलाया जाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई, 2024 से दिसंबर, 2028 तक फोर्टिफाइड चावल की मुफ्त आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति के लिए कुल वित्तीय योजना 17,082 करोड़ रुपये की होगी। इस व्यय का पूरा वित्तपोषण केंद्र सरकार करेगी। बयान के अनुसार, चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की पहल केंद्रीय क्षेत्र की पहल के रूप में जारी रहेगी। इसका 100 प्रतिशत वित्तपोषण पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा, जिससे कार्यान्वयन के लिए एक एकीकृत संस्थागत तंत्र उपलब्ध होगा।

### 2022 से 2024 तक लागू की गई थी योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में पोषण सुरक्षा की जरूरत बताई थी। सरकार ने कहा है कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस), अन्य कल्याणकारी योजनाओं, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), पीएम पोषण (पूर्ववर्ती एमडीएम) के माध्यम से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति की पहल की गई है। अप्रैल, 2022 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मार्च, 2024 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में चावल पौष्टीकरण पहल को लागू करने का निर्णय लिया था। तीनों चरण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं और मार्च, 2024 तक सभी सरकारी योजनाओं में पोषक तत्वों से भरपूर चावल देने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

### लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर के विकास को मंजूरी

सरकार ने बुधवार को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएमएचसी) के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एनएमएचसी परियोजना के विकास में लगभग 22,000 नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। इसमें 15,000 प्रत्यक्ष रोजगार और 7,000 अप्रत्यक्ष रोजगार होंगे। एनएमएचसी से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा और स्थानीय समुदायों, पर्यटकों, शोधकर्ताओं, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों, पर्यावरण और संरक्षण समूहों तथा व्यवसायों को काफी मदद मिलेगी।

# भाजपा विधायक को पुलिस के सामने पीटा, कपड़े फाड़े

## अर्बन कोऑपरेटिव बैंक चुनाव के नामांकन के दौरान विवाद

- डीएम ने चुनाव फिलहाल स्थगित किया, आईजी लखीमपुर पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, खीरी



भाजपा विधायक से मारपीट करते लोगों को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अर्बन कोऑपरेटिव बैंक प्रबंध समिति चुनाव के लिए नामांकन के दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा और बैंक की निवर्तमान अध्यक्ष के पति बार संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह में कहासुनी हुई।

गुस्साए अवधेश सिंह ने विधायक को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद उनके समर्थकों ने विधायक को लात-घूंसों से पीटा। इस दौरान विधायक का कुर्ता भी फट गया। जिलाधिकारी ने चुनाव स्थगित कर दिया है। शाम को आईजी लखीमपुर पहुंचे और जानकारी ली। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मामले में ट्वीट कर चुटकी ली है। बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक की प्रबंध समिति के लिए नामांकन हो रहे थे। निवर्तमान चेयरमैन पुष्पा सिंह और पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल का खेमा मैदान में है। दोनों डेलिगेट्स के साथ बैंक पहुंचे। थोड़ी देर बाद सदर विधायक योगेश वर्मा भी पहुंच गए। उन्होंने नामांकन पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हो रही है। इसी पर पुष्पा सिंह के पति बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह भड़क गए, गुस्से से तमतमाए वे तेजी से विधायक के पास पहुंचे और थप्पड़ जड़ दिया। पीछे से उनके समर्थक भी आ गए और विधायक को पीटने लगे। मारपीट में उनका कुर्ता भी फट गया। इंस्पेक्टर सदर और पुलिसकर्मी रोकते रहे लेकिन स्थिति काफी खराब हो गई। एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत किया। देर शाम आईजी लखनऊ जोन प्रशांत कुमार लखीमपुर पहुंचे। इधर विधायक के समर्थकों ने कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।

> विधायक से मारपीट मामले में जांच की जा रही है, जो भी तथ्य पाए जाएंगे, उसके आधार पर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
> **-प्रशांत कुमार**, आईजी लखनऊ परिक्षेत्र

> विधायक शराब पीकर घूम रहे थे। महिलाओं के साथ पर्चा लेने गईं मेरी पत्नी ने विरोध किया। जानकारी पर मैं पहुंचा तो विधायक अभद्रता पर उतारू हो गए।
> **-अवधेश सिंह**, अध्यक्ष बार संघ

> पहले व्यापार मंडल अध्यक्ष राजू अग्रवाल के साथ मारपीट हुई। चुनाव निष्पक्ष नहीं हो रहा था, विरोध करने पर मेरा कुर्ता फाड़ दिया गया। एक विधायक के ऊपर हाथ उठाया है। अवधेश वकील हैं, उन्हें इसका खामियाजा भुगतान पड़ेगा।
> **-योगेश वर्मा**, विधायक सदर

# विधानसभा उप चुनाव के लिए सपा ने की 6 प्रत्याशियों की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस से समझौते के पहले ही जारी की नामों की सूची
- 6 में से 5 सीटों पर नेताओं के बेटे-बेटी, पत्नी व रिश्तेदार

**अमृत विचार :** हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम आने के 24 घंटे के भीतर ही समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उप्र. में 10 सीटों के लिए होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए। कांग्रेस से सीट बंटवारे पर समझौता किए बगैर अखिलेश यादव ने पहल करते हुए टिकट वितरण में परिवार पर भरोसा जताया है। हालांकि, सपा ने बुधवार को जो सूची जारी की है, उसमें ऊपर लिखा है- होगा पीडीए के नाम-एकजुट मतदान।

सपा की सूची में अखिलेश यादव के चचेरे भाई, पूर्व सांसद की बेटी, पूर्व विधायक की पत्नी, वर्तमान सांसद की पत्नी, वर्तमान सांसद के पुत्र को प्रत्याशी बनाया गया है। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर अजित प्रसाद को उतारा गया है, अजीत सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे हैं। अखिलेश ने करहल से चचेरे भाई तेज प्रताप यादव को टिकट दिया है। तेज प्रताप बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं। कानपुर की सीसामऊ सीट से नसीम सोलंकी को उतारा गया है। नसीम पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी हैं। इरफान की विधानसभा सदस्यता रद की जा चुकी है व सजायाफ्ता है। अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से टिकट पाने वाली शोभावती वर्मा अम्बेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा की पत्नी हैं। मिर्जापुर की मझवां से ज्योति बिंद को उतारा गया है। केवल प्रयागराज की फुलपुर सीट पर अलग हटकर पूर्व विधायक मुज्जतफा सिद्दीकी को टिकट दिया गया है।

# इस बार तीन वैज्ञानिकों को रसायन का नोबेल

- प्रोटीन संरचना पर काम करने के लिए मिला सम्मान

**स्टॉकहोम।** रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार इस साल डेविड बेकर, डेमिस हस्साबिस और जॉन जंपर को प्रोटीन की संरचना का पूर्वानुमान लगाने और डिजाइन करने संबंधी कार्य के लिए प्रदान किया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने बुधवार को उनके नाम की घोषणा की। रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष हीनर लिन्के ने कहा कि इस पुरस्कार से उस अनुसंधान को सम्मानित किया जाएगा जिसने अमीनो एसिड की श्रृंखला और प्रोटीन संरचना के बीच कड़ी जोड़ी है।

# रेपो दर यथावत, नीतिगत दर में कटौती के संकेत

मुंबई, एजेंसी

## मौद्रिक नीति की समीक्षा



- आरबीआई ने 10वीं बार रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार 10वीं बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने अपेक्षाकृत आक्रामक रुख को बदलकर तटस्थ कर दिया।

रुख में बदलाव का मतलब है कि आरबीआई मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर नजर रखते हुए जरूरत के हिसाब नीतिगत दर को बढ़ा या घटा सकता है। यह एक संकेत है कि मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक में नीतिगत दर में कटौती को लेकर संभवतः कदम उठाया जा सकता है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने पुनर्गठित मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार को शुरू हुई पहली बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि एमपीसी ने नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया है। समिति के छह सदस्यों में से पांच ने नीतिगत दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआइ मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए इसका उपयोग करता है। इस दर के यथावत रहने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है।

### समीक्षा की मुख्य बातें

- फरवरी 2023 से रेपो दर में बदलाव नहीं।
- मौद्रिक नीति रुख को बदलकर तटस्थ किया गया।
- चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी की वृद्धि का अनुमान 7.2% पर बरकरार।
- दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7%, तीसरी तिमाही के लिए 7.4% और चौथी तिमाही के लिए 7.4%
- चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.5% पर कायम।

### अब यूपीआई वॉलेट की सीमा 5 हजार रुपये

आरबीआई ने यूपीआई 123 पे (फीचर फोन) में प्रति लेनदेन सीमा 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये करने का प्रस्ताव किया है। साथ ही यूपीआई लाइट वॉलेट की सीमा को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये करने तथा प्रति लेनदेन सीमा को दोगुना कर 1,000 रुपये करने की घोषणा की है।

**अमानवीयता** | आरोपियों ने पीड़ितों के मुंह पर कालिख पोती, पेंट से सिर पर लिखा चोर, पीटते हुए गांव में घुमाया, तीन गिरफ्तार

# 5 किलो गेहूं चोरी के आरोप में तीन किशोरों का मुंडवाया सिर

संवाददाता, बहराइच



वायरल वीडियो में एक साथ बैठे दिख रहे पीड़ित।

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** पांच किलो गेहूं चोरी का आरोप लगाते हुए मुर्गी फार्म संचालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर तीन किशोरों के मुंह पर कालिख पोती। पिटाई की और सिर भी मुंडवाये। इसके बाद सिर पर पेंट से चोर लिखकर उन्हें पूरे गांव में घुमाया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया। तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बहराइच की कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम ताजपुर टेडिया निवासी राजित राम पासवान ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा है कि गांव के नाजिम खां का गांव में मुर्गी फार्म है। नाजिम अपने मुर्गी फार्म पर काम कराने के लिए उसके और दो अन्य पड़ौसियों के बच्चों को अक्सर घर से जबरदस्ती धमकाकर बुला ले जाते है।

मंगलवार को दोपहर करीब 1 बजे नाजिम खां व उसका लड़का कासिम खां, इनायत पुत्र अब्दुल सलाम तीनों लोग मेरे तथा पड़ोसी के घर पर आये और अपनी मुर्गी फार्म से 5 किलो गेहूं के चोरी का आरोप लगाते हुए तीनों किशोरों को घर से मारते पीटते हुए अपने मुर्गी फार्म पर ले गये और किशोरों को बुरी तरह पीटा। इसके बाद नाजिम, कासिम ,इनायत ने मिलकर किशोरों के सिर मुंडवा दिये। सिर पर पेंट से चोर लिखा और मुंह पर कालिख पोतकर गांव में घुमाया। शाम को तीनों को मुक्त किया। परिवार वालों को जान से मारने की धमकी भी दी।

बुधवार को इसका वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आयी। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। सीओ नानपारा प्रदुमन कुमार सिंह ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सड़क हादसे में मंत्री संजय निषाद घायल

**सलोन (रायबरेली)।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए। मंत्री की कार उनके एस्कॉर्ट से टकरा गई। उनके घुटने में चोट आई हैं। काफिले की कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। निषाद को प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सुबह संजय निषाद लखनऊ से प्रतापगढ़ के विकास भवन समीक्षा बैठक के लिए जा रहे थे। लगभग 10 बजे वह रायबरेली के सलोन थाना क्षेत्र के करहिया बाजार के पास पहुंचे थे। तभी एस्कॉर्ट के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे मंत्री की कार एस्कार्ट से टकरा गई।

# दिल्ली में मुख्यमंत्री का आवास किया गया सील

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के इशारे पर आवास जबरन खाली कराने का आरोप

दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में आरोप लगाया कि सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर जबरन खाली कराया गया, क्योंकि उपराज्यपाल वीके सक्सेना इसे भाजपा के एक नेता को आवंटित करना चाहते हैं।

उपराज्यपाल कार्यालय या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। बयान में कहा गया है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का सामान भी आवास से हटा दिया गया है। आतिशी से पहले इस आवास में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहते थे। बयान में दावा किया गया है कि बंगला किसी महत्वपूर्ण भाजपा नेता को आवंटित करने की योजना है। इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा था कि अधिकारी मुख्यमंत्री आतिशी को बंगला आवंटित नहीं कर रहे हैं और वहां उनका कैंप कार्यालय भी खाली करा दिया गया है।

# प्रत्याशी उतार अखिलेश ने बढ़ा दी कांग्रेस की बेचैनी

## मप्र व हरियाणा में कांग्रेस से मिली उपेक्षा पर तेवर तीखे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** हरियाणा चुनाव परिणामों के सामने आते ही समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में अपनी राजनीतिक चाल तेज कर दी है। दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशी उतारकर सपा ने कांग्रेस की बेचैनी बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि मध्य प्रदेश व हरियाणा में कांग्रेस से मिली उपेक्षा से सपा आहत है और मौका देखकर अब उसने आक्रामक तेवर दिखा दिया है। इससे यहां विपक्षी गठबंधन पर भी संकट गहरा सकता है।

दरअसल, कांग्रेस ने पूर्व में पांच सीटें मंझवा, फूलपुर, मीरापुर, खैर व गाजियाबाद सीट पर दावा पेश किया था लेकिन सपा ने बुधवार को जो छह प्रत्याशियों की सूची जारी की है, उसमें मंझवा व फूलपुर भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, अगर सपा कांग्रेस को मीरापुर व खैर सीट नहीं देना चाहती। हालांकि, सपा गाजियाबाद सीट दे सकती है जो भाजपा का गढ़ है।

फिलहाल, सपा ने कांग्रेस से उप्र. उपचुनाव को लेकर कांग्रेस से राजनीतिक समझौता किए बिना प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस पर दबाव बढ़ा दिया और अपनी नाराजगी भी जाहिर कर दी है।सपा ने जिन सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं उनमें से लगभग उसके ही सदस्यों के इस्तीफे से सीटें खाली हुई है। बीते विधानसभा चुनाव में सपा ने इन सीटों पर जीत दर्ज की थी।

खास बात यह है कि सपा ने उम्मीदवारों की घोषणा करने में अपने पीडीए फॉर्मूले का ध्यान रखा है। वहीं, फूलपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए सपा ने पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी को प्रत्याशी घोषित करके कांग्रेस को झटका दे दिया है। इस सीट से कांग्रेस भी अपना प्रत्याशी उतारने की बात कह रही थी।

### कांग्रेस सभी सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस विधानसभा उप चुनाव में सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस ने सभी सीटों पर प्रत्याशियों के आवेदन मांगें हैं। अब तक आ चुके आवेदन पर मंथन भी शुरू हो चुका है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करती है। गठबंधन के तहत शीर्ष स्तर के पदाधिकारी जो तय करेंगे, उसी के अनुसार चुनाव लड़ा जाएगा, पर सूत्रों का कहना है कि सपा के रुख देखते हुए पार्टी ने पहले से ही सभी सीटों पर चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसी के तहत संविधान सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। सभी सीटों पर पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि सपा व कांग्रेस के बीच सीटें शीघ्र तय न होने पर कांग्रेस अपने प्रत्याशी घोषित कर सकती है।

## कटेहरी में परिवारवाद की चर्चा शुरू

**अमृत विचार, अंबेडकरनगर :** सांसद लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा को कटेहरी सीट से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से समाजवादी पार्टी में परिवारवाद को लेकर आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। यत अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। हालांकि वह काफी समय से राजनीति में भी सक्रिय नहीं थी। सपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में कटेहरी से लालजी वर्मा को उम्मीदवार बनाया था और वह जीत कर विधायक बन गए थे। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से लालजी वर्मा को उम्मीदवार बनाया और वह भारी मतों से जीतकर हासिल कर देश की सर्वोच्च संसद में पहुंच गए। जिसके बाद से कटेहरी विधानसभा सीट खाली हो गई है। सपा ने एक बार फिर से लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा को कटेहरी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बना कर राजनीतिक हलचल को बढ़ा दिया है।

**हॉट सीट फूलपुर**

## 3 बार के विधायक मुज्तबा को उतारने से कांग्रेस का प्लान फेल

**अमृत विचार, प्रयागराज :** लोकसभा चुनाव के बाद खाली हुई विधानसभा की सीट पर समाजवादी पार्टी ने तीन बार के विधायक मुज्तबा सिद्दीकी को प्रत्याशी बनाया तो कांग्रेस का प्लान फेल हो गया। कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता लगातार सम्मेलन कर इस सीट पर अपने प्रत्याशी को उतारने की दावेदारी ठोंक रहे थे। वहीं बसपा ने इस सीट से शिव बरन पासी को मैदान में उतारा है। इस सीट पर ओवैसी और पल्लवी पटेल की पीडीएम भी प्रत्याशी उतारने की तैयारी में लगे हुए हैं। प्रयागराज की फूलपुर सीट उत्तर प्रदेश की हॉट सीटों में गिनी जाती है। भाजपा के प्रवीण पटेल के सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हो गयी थी। अभी तक भाजपा ने यहां से उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। बता दें कि उपचुनाव को लेकर कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं यहां आकर चुनावी समीक्षा की थी। इस सीट पर चुनाव प्रभारी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बनाया गया है। इस सीट पर केशव के साथ कई नेताओं की साख दांव पर लगी हुई है।

**कब-कब रहे विधायक :** मुज्तबा सिद्दीकी 2002 से 2012 तक सोरांव विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। 2017 में प्रतापपुर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। साल 2022 के चुनाव में उन्होंने फूलपुर से दावेदारी करते हुए चुनाव लड़े लेकिन 2775 वोटों से हार गए।



मुज्तबा सिद्दीकी

**किसके कितने वोट**

ओबीसी – 43 प्रतिशत
जनरल – 25 प्रतिशत
मुस्लिम – 15 प्रतिशत
एससी – 18 प्रतिशत

**2024 लोकसभा चुनाव में मिले वोट**

| विस क्षेत्र | भाजपा | सपा |
|---|---|---|
| फाफामऊ | 80160 | 88999 |
| सोरांव | 83376 | 96312 |
| फूलपुर | 89650 | 107510 |
| पश्चिमी | 106414 | 91629 |
| उत्तरी | 91440 | 61735 |

### लोकसभा चुनाव में जीती भाजपा लेकिन फूलपुर में सपा प्रत्याशी से कम मिले थे वोट

लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रवीण पटेल को कुल 4 लाख 52 हजार 600 वोट मिला था। जबकि सपा के अमरनाथ मौर्य को 4 लाख 48 हजार 268 वोट पड़ा था। प्रवीण पटेल 4332 वोट से लोकसभा चुनाव जीते थे। लोकसभा चुनाव में प्रवीण पटेल जीत जरूर गए लेकिन अपनी विधानसभा फूलपुर में सपा प्रत्याशी से 17860 मतों से हार का मुंह देखना पड़ा था। इससे पहले 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रवीण पटेल को 1 लाख 3 हजार 557 वोट मिले और उन्होंने 1 लाख 825 वोट हांसिल करने वाले सपा के मुज्तबा सिद्दीकी को 2732 वोट से हराया। बसपा के राम लोटन यादव कुल 33 हजार 36 पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे।



पत्रकारों से बात करतीं नसीम सोलंकी।

**सीसामऊ से प्रत्याशी घोषित होते ही फूट-फूटकर रोईं पूर्व विधायक हाजी इरफान सोलंकी की पत्नी**

## डरी हूं न डरूंगी, मुकाबला डटकर करूंगी : नसीम

**अमृत विचार, कानपुर :** सीसामऊ विधानसभा सीट उप चुनाव में सपा से प्रत्याशी घोषित किए जाने की खबर मिलते ही पूर्व विधायक हाजी इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी परिवार के सदस्यों से गले लगकर फूट-फूट कर रो पड़ीं। आंसू पोछते हुए बोलीं, 'न वह डरी हैं, न डरेंगी, मुश्किलों का डटकर मुकाबला करेंगी।'

जाजमऊ स्थित आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए नसीम ने कहा कि सीसामऊ के साथ पूरा शहर और प्रदेश जानता है कि उनके पति बेगुनाह हैं। उन्हें राजनीतिक द्वेष के तहत फंसाया गया है। अब वे पति के ख्वाबों को पूरा करेंगी। इस दौरान सपा के दोनों विधायक रूमी हसन व अमिताभ वाजपेयी के साथ सरताज अनवर भी मौजूद रहे। सपा जिलाध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि क्षेत्र में वार्ड स्तर पर चुनाव की तैयारी पूरी हो चुकी है, जिनके नाम मतदाता सूची में नहीं है, डोर-टू-डोर सपा की टीम जाएगी और छूटे लोगों के नाम जुड़वाएगी। जल्द ही विभिन्न क्षेत्रों में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सूचीबद्ध किया जाएगा, ताकि चुनाव के बाद उन्हें पूरा किया जा सके।

**सीसामऊ में गठबंधन धर्म निभाएगी कांग्रेस**

**अमृत विचार, कानपुर :** सीसामऊ सीट पर सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी को कांग्रेस समर्थन देगी। बुधवार को जीटी रोड पर आयोजित संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी इंचार्ज अविनाश पांडे ने साफ कह दिया कि विधान सभा सीटों पर उपचुनाव कांग्रेस और सपा मिलकर लड़ेगी। हालांकि कांग्रेस महासचिव के अनुसार प्रदेश में 6 प्रत्याशी उतारने के मामले में सपा ने उन्हें जानकारी नहीं दी। लेकिन बाकी 4 सीटों पर कांग्रेस के लिए संभावनाएं बरकरार हैं।

# सांसदों-विधायकों के सामने ऊंची कुर्सी पर नहीं बैठ सकेंगे अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**विधानसभा की संसदीय अनुश्रवण समिति की सिफारिश पर शासन ने जारी कर दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** शासन स्तर पर और जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाली बैठकों में अधिकारी सांसदों व विधायकों के सामने सोफे या ऊंची कुर्सी पर नहीं बैठ सकेंगे। इस संबंध में विधानसभा की संसदीय अनुश्रवण समिति की सिफारिश पर सभी अधिकारियों को शासन ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

कई विधायकों व सांसदों ने शिकायत की थी कि बैठकों में अधिकारी प्रोटोकाल का ध्यान नहीं रखते हैं, स्वयं ऊंची कुर्सियों या सोफे पर बैठते हैं, जबकि जनप्रतिनिधियों के बैठने के लिए सामान्य कुर्सी की व्यवस्था की जाती है। दरअसल, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने हाल ही में एक नई नियमावली की रूपरेखा तैयार की है. जिसके तहत जिलों में तैनात डीएम, एसपी, कमिश्नरों और पुलिस आयुक्तों को अब विधायकों, जनप्रतिनिधियों को बराबर का सम्मान देना होगा। जैसी कुर्सी पर अधिकारी विराजमान है ठीक उसी तरह की सुसज्जित कुर्सी उन्हें जनप्रतिनिधियों को भी देना ही होगा।

संसदीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव जेपी सिंह द्वितीय ने इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों, डीएम और कमिश्नरों को पत्र भेज कर यह व्यवस्था लागू करने को कहा था। इस संबंध में विधानसभा की अनुश्रवण समिति में भी सहमति बनी जिसकी सिफारिश पर आदेश जारी किए गए।

# दिवाली पर सरकार का तोहफा, 728 चकबंदी लेखपाल बने कानूनगो

## 8 वर्षों से कर रहे थे पदोन्नति का इंतजार, वर्ष 2016 से रिक्त थे कानूनगो के पद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**68 जिलों में किया गया प्रमोशन**

**सबसे अधिक 60 बरेली के, मुरादाबाद के 35 और कन्नौज के 41 लेखपाल बने कानूनगो**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने चकबंदी लेखपालों को दीपावली पर बड़ा तोहफा दिया है। 8 साल से पदोन्नति का इंतजार कर रहे 68 जिलों के 728 चकबंदी लेखपालों को चकबंदीकर्ता (कानूनगो) के पद पर प्रोमोट किया गया है।

चकबंदी आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बुधवार को बताया कि 2016 से विभिन्न जिलों में कानूनगो के कई पद रिक्त चल रहे थे, जिसके कारण भूमि पुनर्संयोजन और चकबंदी प्रक्रिया में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। इससे किसानों की भूमि से जुड़े विवादों के समाधान में देरी हो रही थी और भूमि सुधार के प्रयासों को भी नुकसान पहुंच रहा था।

मुख्यमंत्री योगी ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किया गया, जिसके माध्यम से 728 योग्य चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति दी गई है।


इस पदोन्नति प्रक्रिया में बरेली जिले के 60 चकबंदी लेखपालों को कानूनगो बनाया गया है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इसके बाद कन्नौज में 41, मुरादाबाद में 35, गोरखपुर में 32 और ललितपुर में 25 चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति मिली है। यह फैसला इन जिलों में चकबंदी प्रक्रिया को नई ऊर्जा देगा माना जा रहा है कि इसके बाद प्रदेश में भूमि विवादों के निपटारे में तेजी आने के साथ राज्य के कृषि क्षेत्र में समृद्धि आएगी।

### 33 उद्यमी मित्रों की जल्द होगी नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार जल्द ही 33 उद्यमी मित्रों की नियुक्ति करने जा रही है। प्रदेश में 20 नव सृजित और 13 पूर्व रिक्त पदों के लिए इन्वेस्ट यूपी ने चयन प्रक्रिया पूरी कर ली है। उद्यमी मित्र के तौर पर 33 चयनित अभ्यर्थियों को संविदा पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद मेरिट के आधार पर पूरा किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री योगी ने पहली बार 102 उद्यमी मित्रों की तैनाती की थी। इसके पीछे विजन था कि वह प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और सरकारी मशीनरी के बीच सेतु की तरह काम करते हुए तमाम समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। ऐसे में, योगी सरकार द्वारा 33 उद्यमी मित्रों की तैनाती के जरिए प्रदेश में निवेश सरलीकरण की प्रक्रिया को और गति मिलेगी।



**अष्टम महागौरी**



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य - दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र- श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com

व्हाट्सएप
8112979390


**मौसम**

दिन में उमस और रात में मौसम रहेगा शुष्क।

35.4° अधिकतम तापमान | 24.5° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**



- केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम- 10:00 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन के लोहिया सभागार में लाभार्थी परक योजनायों की सीडीओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक- 4:30 बजे।

# जनेश्वर मिश्र पार्क में एक माह में निकल गई साइकिलों की हवा

## लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनुमति के बगैर ही बढ़ा दिया गया किराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मेरठ की रैविर कंपनी ने पार्क में शुरू की थी एक और दो सीटर साइकिल सेवा
- स्टंटबाजी में टूट-फूट की मरम्मत से नुकसान की भरपाई के लिए कर दी किराए में बढ़ोत्तरी
- चेतावनी पर कंपनी ने किराया घटाया, लेकिन बढ़ोत्तरी के लिए दिया उपाध्यक्ष को पत्र

**अमृत विचार :** गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क घूमने और व्यायाम करने के लिए शुरू हुई साइकिल सेवा की एक माह में ही हवा निकल गई। साइकिलों की टूट-फूट से मरम्मत और संचालन में अधिक खर्च आया तो कंपनी ने बिना स्वीकृति के किराया बढ़ा दिया। इसकी शिकायत हुई तो लखनऊ विकास प्राधिकरण के अफसरों की चेतावनी पर किराया कम कर दिया गया, लेकिन संस्था ने इस प्रोजेक्ट में नुकसान बताकर साइकिल का किराया बढ़ाने के लिए उपाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र दे दिया है।

करीब 376 एकड़ में फैले जनेश्वर मिश्र पार्क में घूमने के लिए मेरठ की रैविर कंपनी ने 10 सितंबर को साइकिल सेवा शुरू की थी। एक व दो सीटर साइकिलें पर कम समय में पूरा पार्क घूमना आसान हो गया। एलडीए से अनुबंध के तहत एक सीटर साइकिल का 30 रुपये प्रति आधा घंटा व दो सीटर का 60 रुपये प्रति आधा घंटा निर्धारित किया गया था। सप्ताह भर पहले कंपनी ने बिना किसी आदेश और स्वीकृति के नुकसान बताकर एक सीटर साइकिल का 50 रुपये और दो सीटर का किराया बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया।

अचानक बढ़े किराया बढ़ाने का विरोध करने के साथ लोगों ने एलडीए के अधिकारियों से शिकायत की। कार्रवाई से पहले कंपनी ने किराया घटा दिया। किंतु संचालन और मरम्मत में अधिक खर्च बताते हुए किराया बढ़ाने के लिए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार से स्वीकृति मांगी है।



### 3 साइकिलें चोरी, स्टंट में कई टूट भी गईं

कंपनी के निदेशक वरुण कौशिक ने बताया कि बढ़ा किराया लिया नहीं गया है बल्कि उपाध्यक्ष को प्रस्ताव दिया है। परिसर में दो व तीन सीटर 60 साइकिलें हैं। इसमें लोग घूमने के लिए कम इस्तेमाल करते बल्कि युवक साइकिल लेकर स्टंट ज्यादा करते हैं। इससे रोजाना साइकिलें टूटती हैं। कई के टायर घिस कर फटने की स्थिति में पहुंच गए हैं। पांच साइकिल के हैंडिल टूट गए हैं। लोग साइकिल ले जाकर स्टैंड खड़ी करने के बजाए इधर-उधर छोड़ देते हैं। इससे तीन साइकिल चोरी हो चुकी हैं। लोग स्टॉफ से अभद्रता करते हैं। 20 दिन में 50 हजार रुपये साइकिल की मरम्मत में लगाए गए हैं। साइकिल के पाट्‌र्स लुधियाना में मिलते हैं जो काफी महंगे हैं। बराबर घाटा हो रहा है। इसलिए किराया बढ़ाया जाना मजबूरी है।



टूटी साइकिल। अमृत विचार

> अभी जल्द ही यह कार्यभार मिला है। इस मामले की जानकारी नहीं है। उच्चाधिकारियों से वार्ता कर ही कदम उठाए जाएंगे।
>
> -शशि भारती, उद्यान अधिकारी, एलडीए



जनेश्वर मिश्र पार्क में दो सीटर साइकिल चलातीं किशोरियां। अमृत विचार

### 7 लाख रुपये हर साल एलडीए को देना है

मेरठ की कंपनी ने एलडीए से स्वीकृति लेकर पार्क में साइकिल का प्रोजेक्ट पांच साल के लिए लिया है। कंपनी ने खुद लाखों रुपये लगाए हैं। साथ ही हर वर्ष एलडीए को सात लाख रुपये देना है। लेकिन, उतनी कमाई नहीं है। इसी तरह पूर्व में एक निजी कंपनी द्वारा साइकिलिंग की सेवा शुरू की गई थी। जो कोरोना काल में बंद हो गई थी।



टूटी साइकिल। अमृत विचार

## चार दिन बाद गिरेगा पारा, होगा गुलाबी ठंड का एहसास

**अमृत विचार, लखनऊः** चार दिन बाद मौसम का मिजाज बदलेगा और न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। इससे गुलाबी ठंड का एहसास होगा, लेकिन दिन में गर्मी और उमस का एहसास होगा।

बुधवार को सुबह से ही चटख धूप खिली थी और गर्मी एवं उमस ने बेहाल कर रखा था। दोपहर में कुछ देर के लिए बादल छाने पर राहत मिली। अधिकतम तापमान 34.5 और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि मौसम साफ और शुष्क रहेगा। दिन में गर्मी और उमस का एहसास होगा। चार दिन बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। रात का तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। इससे हल्की ठंड का एहसास होगा।

# 100 की रफ्तार से दौड़ाई कार, 5 को कुचला

## ई-रिक्शा को टक्कर मारने के बाद ठेलिया से टकराकर रुकी कार, भीड़ ने चालक को पीटा, कार के शीशे तोड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घायलों को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, चल रहा इलाज

**अमृत विचारः** सआदतगंज चोरघाटी चौराहे के पास बुधवार सुबह 8:40 बजे 100 किमी की रफ्तार से दौड़ रही स्विफ्ट कार ने सड़क किनारे खड़े मजदूरों को टक्कर मारी। सड़क पर गिरे दो मजदूरों को कुचलते हुए कार पहले ई-रिक्शे को टक्कर मारी फिर ठेलिया से टकरा कर रुकी।

आसपास मौजूद लोगों ने चालक को पकड़कर जमकर पीटा और कार के शीशे भी तोड़ दिए। भीड़ को चकमा देकर चालक भाग निकला। पांच घायलों को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। एक घायल की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट कर ली गई है।

### हादसे में ये हुए घायल

पुलिस के मुताबिक, हादसे में ठाकुरगंज बर्फखाना निवासी मजदूर नरेंद्र सिंह (35), माल निवासी मजदूर किशोरी लाल (45), सआदतगंज निवासी ठेलिया चालक इमरान खान (31), सीतापुर निवासी मजदूर पवन कुमार (22) और हरदोई के नेवादा निवासी मिठाई कारीगर मूलचंद्र (25) घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रहा है।

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार के मुताबिक, मजदूर नरेंद्र ने बताया कि सुबह वह पेट्रोल पंप के पास काम की तलाश में अन्य मजदूरों के साथ खड़ा था। इस दौरान बालागंज की तरफ से लाल रंग की कार तेज गति आती दिखी। कार की रफ्तार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा रही होगी। अचानक कार मुख्य रोड से नीचे कच्चे रास्ते की तरफ आ गई। वह लोग कुछ समझ पाते तब तक कार ने टक्कर मार दी। टक्कर से नरेंद्र हवा में उछल कर सड़क पर गिरा और अन्य मजदूर भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

इमरान ने बताया कि ठेलिया लेकर सआदतगंज मोड़ की तरफ से आ रहा था। मजदूरों को कुलचने के बाद कार ई-रिक्शे को टक्कर मारी, फिर उसकी ठेलिया से टकराकर रुक गई। टक्कर से पलटी ठेलिया के नीचे इमरान दब गया था। राहगीरों ने उसे निकाला। हादसे के बाद चालक कार से उतरकर भागने लगा। जिसे राहगीरों ने दौड़ा उसे पकड़ लिया और जमकर पीटा। कुछ लोगों ने पथराव कर कार के शीशे भी तोड़ दिए। इसी बीच भीड़ को चकमा देकर चालक भाग निकला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। इमरान की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

**हिट एंड रन**





हादसे को अंजाम देने वाली कार।

### जिसके नाम कार वह बीमार

इंस्पेक्टर ने बताया कि कार का पंजीकरण वर्ष 2008 का है। पंजीकरण नंबर के आधार पर पुलिस कार मालिक तक पहुंची। तब पता चला कि मालिक ने कार आलमबाग निवासी चमन को बेच दी है। कार मालिक का पीजीआई में इलाज चल रहा है। चमन ने कार मलिहाबाद निवासी ठेलिया चालक जयंत सिंह को दी थी। पुलिस जयंत की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटनास्थल से कुछ सीसी फुटेज मिले हैं। जिसकी मदद से आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।



गोदाम से उठता धुआं और मौके पर मौजूद दमकल कर्मी। अमृत विचार

# गोदाम में लगी आग, कंप्रेशर के धमाकों से घरों की दीवारें दरकीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्लास्टिक और थर्माकोल के धुएं से लोगों को सांस लेने में आई दिक्कत
- 17 टैंकरों से 50 गाड़ी पानी डालकर 6 घंटे में पाया काबू

**अमृत विचार:** मड़ियांव स्थित भिठौली क्रासिंग के पास रिहायशी इलाके में अवैध रूप से संचालित इलेक्ट्रानिक उपरकणों के गोदाम में बुधवार सुबह आग लग गई। धमाकों के साथ फ्रीज, एसी के कंप्रेशर फटने से दहशत फैल गई। धमाकों से आसपड़ोस के कई मकानों की दीवारें दरक गईं। प्लास्टिक और थर्माकोल के धुएं से लोगों को सांस लेने में आई दिक्कत तो पुलिस ने लोगों को खाली करा दिया। दमकल की 15 और एयरफोर्स की 2 टैंकर से 50 गाड़ी पानी डालकर 6 घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। शुरुआती जांच में आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। सीएफओ मंगेश तिवारी ने बताया कि एनओसी न होने के कारण गोदाम मालिक को नोटिस दी जाएगी।

भिठौली क्रासिंग के पास व्यवसायी मोहित भार्गव का बड़ा मकान है। मकान के एक हिस्से में बाउंड्रीवाल बनाकर किराए पर दे रखा है। इसमें कोलकाता निवासी पुलकित वैध ने ग्रेट इंस्टर्न कम्पनी के नाम से गोदरेज समेत कई इलेक्ट्रानिक उपकरणों का गोदाम बनाया है। बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे गोदाम से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। मोहित के परिजन और पड़ोसी ने शोर मचाया और पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। मोहित के नौकर पानी डालकर आग पर काबू करने का प्रयास किया लेकिन प्लास्टिक, गत्ते और थर्माकोल के कारण आग विकराल हो गई। धुएं से लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसी बीच कंप्रेशर फटने से धमाके होने लगे। एलआईसी एजेंट अनिल कुमार के मकान की दीवार में दरार आ गई। कुछ ही देर में सीएफओ मंगेश कुमार, एफएसओ बीकेटी, हजरतगंज, इंदिरानगर और सरोजनीनगर टीम के साथ पहुंचे और आग पर काबू करने में जुट गए। हाईड्रोलिक प्लेटफार्म को बुलाया गया। कुछ देर में एयरफोर्स के दो टैंकर भी पहुंच गए। करीब 6 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। सीएफओ ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत तीन दमकल और कुछ कर्मचारी रोके गए हैं। कंपनी के लखनऊ में 2 गोदाम और 7 शोरूम हैं। सूचना मिलने पर मालिक कोलकाता से आ रहे हैं। गोदाम इंचार्ज दीपेश ने बताया कि आग से करोड़ों के नुकसान का अनुमान है।

### तीन टीमों में बांटे फायर फाइटर्स, तोड़ी दीवार

आग का विकराल रूप देख दमकल कर्मियों को तीन टीम में बांटा गया। एक तरफ से एफएसओ बीकेटी प्रशांत कुमार, तो दूसरी तरफ से एफएसओ चौक पुष्पेंद्र कुमार आग पर काबू करने में जुटे रहे। एफएसओ सरोजनीनगर सुमित टीम के साथ शटर कटवाने लगे। जेसीबी से दो तरफ से दीवार को तोड़कर हाइड्रोलिक मशीन से पानी डाला गया।

### गोदाम में काम करते 35 कर्मी

गोदाम में गोदरेज और अन्य कंपनियों के फ्रिज, वाशिंग मशीन व एसी रखे थे। सहारा स्टेट निवासी गोदाम इंचार्ज दीपेश श्रीवास्तव गोदाम ने बताया कि गोदाम में 35 कर्मचारी काम करते हैं। मंगलवार रात गाड़ियों में माल लाद कर गोदाम बंद किया गया था। सुबह 10:30 बजे पहुंचे और 10 मिनट बाद शटर खोला, तभी गोदाम में आग लग गई।

### बिना मानक चल रहा था गोदाम

आबादी वाले इलाके में गोदाम संचालक और मालिक ने जमकर अनदेखी की थी। सीएफओ ने बताया कि क्षेत्र में गोदाम अवैध तरीके से चल रहा था। जिसकी कोई भी परमिशन नहीं ली गई थी।

## एक नजर

### बीडीओ बीकेटी को लोकपाल ने दिया नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी में मनरेगा के कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत पर लोकपाल आरआर जैसवार को अभिलेख नहीं दिए गए। इस कारण वह जांच नहीं कर पाए। बीडीओ से पत्राचार करने पर भी संज्ञान नहीं लिया। इस पर उन्होंने बीडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और तीन दिन में अभिलेख व आख्या मांगी है।

### मेरठ में 11 नवंबर को चयन रैली

**अमृत विचार, लखनऊ :** लड़कों की घुड़सवारी के लिए खेल कैडेट की खुली चयन रैली 11 से 14 नवंबर तक रिमाउंट वेटरनरी कोर (आरवीसी) और कॉलेज, मेरठ कैंट में आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक स्क्रीनिंग के लिए उम्मीदवारों को 11 नवंबर की सुबह 4 से 6 बजे तक रैली स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। चयनित उम्मीदवारों को 10वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा, भोजन और आवास, बीमा, चिकित्सा सुविधा और घुड़सवारी में कोचिंग प्रदान की जाएगी।

### लोहिया और बेगम हजरत महल पार्क का किराया बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने लोहिया पार्क और बेगम हजरत महल पार्क का किराया 5 रुपये बढ़ा दिया है। अब 15 रुपये का टिकट लगेगा। उद्यान अधिकारी शशि भारती ने बताया बुधवार को किराये में बढ़ोतरी की गई है। दोनों पार्क का अभी तक किराया 10 रुपये था। मासिक पास 100 से बढ़ाकर 150 रुपये व वार्षिक एक हजार से बढ़ाकर 1500 रुपये का कर दिया गया है। 60 साल से ऊपर व 12 वर्ष से कम आयु वालों का प्रवेश पहले की तरह निशुल्क रहेगा।



**प्रस्तुति**

कुंभ के उपलक्ष्य में 1090 चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते बुंदेलखंड के कलाकार। अमृत विचार

# लखनऊ से छपरा वंदे भारत स्पेशल ट्रेन 25 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** दीपावली, भईया दूज और छठ पर्व में बिहार जाने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल से होकर गुजरने वाली लखनऊ-छपरा वंदे भारत स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

यह जानकारी देते हुए उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कुलदीप तिवारी ने बताया कि ट्रेन नम्बर-02270 लखनऊ-छपरा वंदे भारत स्पेशल 25 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक लखनऊ से दोपहर 2:15 बजे रवाना होगी, जो सुल्तानपुर जं., वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर होते हुए छपरा जं. रात्रि 9:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 02269 छपरा-लखनऊ वंदे भारत स्पेशल छपरा से 25 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक रात्रि 11 बजे प्रस्थान करेगी जो लखनऊ अगले दिन सुबह 6:30 बजे पहुंचेगी।

# हनुमंतनगर की बिजली 35 घंटे से गुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अधिशासी अभियंता ने नहीं रिसीव किया उपभोक्ताओं का फोन
- कई इलाकों में 5 से 3 घंटे तक आपूर्ति रही बाधित
- त्योहारी सीजन में कटौती से कारोबार हो रहा प्रभावित

**अमृत विचारः** आरडीएसएस योजना से मरम्मत और फाल्ट के करण गुल हो रही बिजली ने लोगों की समस्या बढ़ा दी है। त्योहारी सीजन में बिजली न होने से कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। हनुमंतनगर इलाके में 35 घंटे से बिजली गुल है, तो अन्य इलाकों में बुधवार को 3 से 5 तक आपूर्ति ठप रही।

कमलापुर के हनुमंतनगर इलाके में सोमवार दोपहर ट्रांसफार्मर फुंक गया। लोगो ने जेई, एसडीओ को फोन लगाए लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। 35 घंटे बाद भी बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हुई। इससे लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। अधिशासी अभियंता नादरगंज को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। महानगर, निरालानगर, अलीगंज, बिजनौर, सरवननगर, चौक सहित कई क्षेत्रों में अंडरग्राउंड केबल में ब्रेकडाउन, ट्रांसफार्मर में खराबी और तार टूटने से 5 घंटे से ज्यादा की बिजली सप्लाई बाधित है। त्योहार के समय बिजली न होने से व्यापार चौपट हो रहा है। शारदा नगर उपकेंद्र से जुड़े माती, बलवंत खेड़ा, ठकुराइन खेड़ा में भी 3 घंटे बिजली गुल रही। बिजनौर के सरवन नगर की बिजली सप्लाई 2 घंटे से ज्यादा गुल रही।

निरालानगर के शंकरपुरवा, आठ नंबर चौराहा, मेट्रो स्टेशन आईटी कॉलेज के आसपास, बड़ा चांदगंज, चांदगंज गार्डेन, भिड़िया टोला, महानगर सेक्टर- डी सहित आसपास भी 2 घंटे और महानगर के सेक्टर- जे, गोल चौराहे, छन्नीलाल चौराहे, भाऊराव देवरस अस्पताल के क्षेत्र में 3 घंटे तक सप्लाई बाधित रही। अलीगंज के मेंहदीटोला, चौधरीटोला, पांडे टोला, बनारसी टोला, ततारपुर आसपास 4 घंटे से ज्यादा लोग बिजली के लिए परेशान रहे। व्यापारियों के अनुसार त्योहार का सीजन में विभाग ने 24 घंटे आपूर्ति का दावा किया लेकिन कई-कई घंटे बिजली गुल हो रही है। इससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। अधिकारी और कर्मचारी फाल्ट सुधारने में घंटों लगाते हैं। आला अधिकारी भी सुनवाई नहीं करते हैं।

## दीवाली से पहले निपटें कर्मियों की समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊः** नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने नगर आयुक्त को पत्र लिखाकर दीवाली से पहले कर्मचारियों की समस्याएं दूर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 27 सितंबर को संघ प्रतिनिधियों की बैठक में दिए गए आश्वासन को याद दिलाया है। पत्र में अध्यक्ष ने विभागाध्यक्षों को बिन्दुवार कार्रवाई के लिए कार्यवृत्त जारी करना आवश्यक बताया है। अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के देयकों का भुगतान विदाई समारोह में ही करने की मांग भी की है।

**व्यवस्था** | चेक बाउंस के बढ़ते मामलों के चलते नगर आयुक्त ने लिया फैसला

# नगर निगम में अब चेक से जमा नहीं होगा गृहकर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम में अब चेक से गृहकर जमा नहीं होगा। चेक बाउंस के बढ़ते मामलों को देखते हुए नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने यह फैसला लिया गया है। गृहकर वसूली की समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास ने चेक बाउंस पर नाराजगी जताई थी। भवन स्वामी ऑनलाइन या नगर निगम के कैश काउंटर पर गृहकर जमा कर सकते हैं।

दरअसल बकाया गृहकर वसूली अभियान के दौरान दबाव बढ़ने पर भवन चेक से भुगतान करते थे। बड़ी संख्या में चेक बाउंस हो जाते थे। लगभग 3 करोड़ के चेक बाउंस हो चुके हैं और इस बकाए की वसूली भी नहीं हो पाई है।

### गृहकर भुगतान के लिए ये तरीके अपनाएं

चेक की व्यवस्था बंद होने के बाद नगर निगम ऑनलाइन भुगतान को बढ़ावा दे रहा है। भवन स्वामी ऑनलाइन के साथ नगर निगम के कैश काउंटरों में गृहकर जमा कर सकेंगे। इंटरनेट बैंकिंग, आरटीजीएस, एनईएफटी, ड्राफ्ट, एचडीएफसी और एक्सिस बैंक की समस्त शाखाओं, पेटीएम और भारत पे पर भी गृहकर जमा किया जा सकता है।

### निरीक्षक दबाव बनाकर करते थे अवैध वसूली

गृहकर वसूली में राजस्व निरीक्षक भी खेल करते थे। वित्तीय वर्ष के आखिरी तीन महीनों में दबाव बनाकर भवन स्वामी से अवैध वसूली करके चेक ले लिए जाते थे। गृहकर वसूली का दबाव पड़ने पर चेक जमा कर देते थे। इससे नगर निगम को लगातार राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा था।

### बड़े बकायेदारों से वसूली को चलेगा अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकर के बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम ने सभी 8 जोन से गृहकर के बड़े बकायेदारों की सूची मांगी है। इनमें ज्यादातर व्यावसायिक सम्पत्तियों के बकायेदार शामिल हैं। बकाया धनराशि जमा न करने पर नगर निगम कुर्की व भवन की सीलिंग कार्रवाई करेगा।

> चेक से गृहकर भुगतान की व्यवस्था बंद कर दी गई है। भवन स्वामी नगर निगम के कैश काउंटरों, एचडीएफसी और एक्सिस बैंक की शाखाओं और ऑनलाइन माध्यम से गृहकर जमा कर सकते हैं।
>
> -अशोक सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, लखनऊ नगर निगम

# अवैध निर्माण पर अधिकारियों-अभियंताओं को चेतावनी

## मुकदमों में जवाब दाखिल न करने पर उपाध्यक्ष ने फटकार लगाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने प्रवर्तन अनुभाग की मासिक समीक्षा बैठक में विहित प्राधिकारी न्यायालय में योजित अवैध निर्माण के मुकदमों में जवाब न दाखिल करने वाले अधिकारियों व अभियंताओं को फटकार लगाई। साथ ही सभी जोनल अधिकारी, अभियंता व पेशकार को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत देते हुए एक माह के अंदर सभी लंबित मामलों में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए।

बुधवार शाम प्राधिकरण कार्यालय में उपाध्यक्ष ने दो माह में अवैध निर्माण के खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्योरा मांगते हुए बारी-बारी से जवाब तलब किया। कितने प्रकरणों में सीलिंग के आदेश पारित हुए और इनके सापेक्ष कितने में स्थल पर आदेश का अनुपालन होने की जानकारी। इसमें अंतर मिलने पर जोनल अधिकारियों व अभियंताओं को सख्त निर्देश दिये कि सीलिंग के आदेश पारित होने पर हर हाल में निर्धारित दिन पर स्थल पर कार्रवाई करें। ऐसा न करने पर सम्बंधित स्टॉफ की जिम्मेदारी तय करते हुए रिपोर्ट प्रेषित करते हुए कड़ी कार्रवाई करेंगे। बैठक में अधूरी जानकारी के साथ आए अधिकारियों को फटकार लगाई।



अवैध निर्माण की समीक्षा करते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार। अमृत विचार

उपाध्यक्ष ने कहा कि जानकारी के अभाव में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कराने वाले या फिर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अतिरिक्त निर्माण कराने वाले स्वामियों को शमन मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण को नियमित कराने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा शहर में अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे बहुमंजिला भवनों, व्यावसायिक निर्माणों व रो-हाउस भवनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह एवं सोमकमल सीताराम समेत समस्त जोनल अधिकारी, सहायक अभियंता, अवर अभियंता व पेशकार उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पीजीआई में डॉक्टर्स कैफेटेरिया खुला

**अमृत विचार, पीजीआई :** संजय गांधी पीजीआई संस्थान में बुधवार को डॉक्टर्स कैफेटेरिया शुरू हो गया है। कैफेटेरिया का उदघाटन संस्थान निदेशक डॉ. आरके धीमन ने किया। इस मौके पर निदेशक ने बताया कि कैफेटेरिया में उच्च गुणवत्ता वाले ही खाद्य पदार्थ मौजूद रहेंगे और इसे प्लास्टिक मुक्त रखा जाएगा। वहीं कैफेटेरिया के प्रभारी संजय कुमार जैन ने बताया कि इस कैफेटेरिया का लाभ पीजीआई संस्थान के 320 संकाय सदस्य, 775 रेजिडेंट समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को मिलेगा। इस अवसर पर सीएमएस प्रो. संजय धीराज, एमएस प्रो. वीके पॉलीवाल, संयुक्त निदेशक प्रशासन ले. कर्नल जयदीप सिंह घुम्मन, सयुक्त निदेशक सामग्री प्रबंधन श्रीप्रकाश सिंह, पीके अग्रवाल समेत तमाम संकाय सदस्य, रेजीडेंट डाक्टर्स, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### साइबर ठगी से बचाव के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के पैथलॉजी विभाग की ओर से साइबर क्राइम सेल हजरतगंज के मध्यम से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान में आयोजित हुए कार्यक्रम में साइबर क्राइम सेल से उप निरीक्षक राकेश कुमार मिश्र, उप निरीक्षक आरती वर्मा, सीसीओ अमित तिवारी तथा सीसीओ सुनील कुमार ने साइबर अपराधों से बचाव को लेकर जानकारी साझा की। लोगों द्वारा अपनी बातें साझा नहीं की जाती है और लोग अकेले डर का, लालच का सामना करते रहते हैं और अपराधियों को अपनी मेहनत की कमाई का बेशकीमती पैसा भेजते रहते हैं। जबकि घटना की शिकायत www.cybercrime.gov.in व 1930 पर कॉल कर की जा सकती है।

### महापौर ने बड़ी काली जी मंदिर में किए दर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवरात्र के अवसर पर बुधवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने चौक स्थित बड़ी काली जी मंदिर में मां काली के दर्शन करने के साथ महंत स्वामी विवेकानंद का आशीर्वाद प्राप्त किया। महापौर ने कहा कि प्राचीन मंदिर में मां काली के दर्शन करना मेरे लिये अद्भुत अनुभव रहा। इस अवसर पर पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू उपस्थित रहे।

# 2250 फार्मेसी कॉलेजों में नहीं शुरू हो पाई काउंसिलिंग

## पीसीआई नियमों के अनुसार प्रति वर्ष जारी करता है मान्यता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** फार्मेसी कॉलेजों में सत्र 2024-25 में प्रवेश को लेकर काउंसिलिंग बुधवार से शुरू होने वाली थी, लेकिन नहीं हो सकी। लखनऊ समेत प्रदेश के 2250 फार्मेसी कॉलेजों में प्रवेश को लेकर संकट बना हुआ है। मामला पीसीआई (फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया) की ओर से प्रदेश के फार्मेसी कॉलेजों को मान्यता नहीं देने का है। नियमों के अनुसार पीसीआई प्रत्येक वर्ष फार्मेसी कॉलेजों को मान्यता प्रदान करता है, जिसके बाद ही काउंसिलिंग और प्रवेश की प्रक्रिया होती है।

हालांकि पीसीआई ने प्रदेश के उन कॉलेजों को काउंसिलिंग शुरू करने की हरी झंडी दे दी जिनको मान्यता मिली हुई है। ऐसे कॉलेजों की संख्या 850 है। लेकिन इन कॉलेजों में भी काउंसिलिंग नहीं शुरू हुई। यदि कुछ कॉलेजों में काउंसिलिंग होती है और कुछ में नहीं तो मामला न्यायालय में जा सकता है। इसी आशंका के चलते कॉलेजों ने काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू ही नहीं की। प्रदेश भर में कुल 2250 कॉलेज हैं जिनमें 850 को मान्यता मिली हुई है।

**▸▸ लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटका**

प्राविधिक शिक्षा परिषद की ओर से दो बार पीसीआई को पत्र भेजा जा चुका है। हमारे पास सभी कॉलेजों की सूची नहीं आई है। ऐसे में हम सीट मेट्रिक्स जारी नहीं कर सकते हैं। हम चाहते है छात्रों को परेशानी न होने पाए।

–अजीत कुमार मिश्र, सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद

**कुल सीट एक लाख 36 हजार**

प्रदेश भर में फार्मेसी कोर्स को लेकर कुल सीटों की संख्या एक लाख 36 हजार है। जबकि सत्र 2024-25 में प्रवेश को लेकर करीब दो लाख छात्रों ने आवेदन किया था। जिसमें एक लाख 12 हजार छात्रों ने उत्तीर्ण किया। पीसीआई ने इन कॉलेजों को मान्यता देने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित किया है। ऐसे में सवाल है कि आखिर कब काउंसिलिंग होगी, प्रवेश होगा और कब छात्र पढ़कर परीक्षा देंगे।

**14 अगस्त से सत्र आरंभ होना था**

सभी शिक्षण संस्थानों का सत्र पटरी पर लाने के लिए मई 2025 तक परीक्षाएं पूरी कराने का लक्ष्य रखा गया था। सरकार की तरफ से स्पष्ट निर्देश था कि शैक्षिक संस्थान अपनी प्रक्रिया समय से पूरी कर लें। इसे देखते हुए प्राविधिक शिक्षा परिषद ने सभी संस्थानों को 14 अगस्त से सत्र शुरू करने का निर्देश दिया था। लेकिन फार्मेसी कोर्स में अब तक प्रवेश प्रक्रिया ही शुरू नहीं हुई।

# काम का दबाव और मोबाइल की लत बना रहा मानसिक रोगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**मानसिक स्वास्थ्य दिवस आज**


**▸▸ अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ी मरीजों की संख्या**

**▸▸ अवसाद के कारण बढ़ रहीं आत्महत्याएं**

**अमृत विचार :** काम की टेंशन और मोबाइल की लत बच्चों के साथ बड़ों को भी मानसिक रोगी बना रहे हैं। अस्पतालों के मानसिक रोग विभाग की ओपीडी में ऐसे रोगियों की संख्या बढ़ी हुई है।

इस साल मानसिक स्वास्थ्य दिवस का विषय 'कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य' है, जो इस बात पर जोर देता है कि सुरक्षित और सहयोगी कार्यस्थल न केवल कर्मचारियों को स्थिरता और उद्देश्य प्रदान करते हैं, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं।

केजीएमयू के मानसिक स्वास्थ्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. आदर्श त्रिपाठी ने बताया कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य का सीधा असर न केवल व्यक्ति के कामकाज पर, बल्कि उसके जीवन की गुणवत्ता पर भी पड़ता है। नौकरी छोड़ने की प्रवृत्ति जैसी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। इनका असर कार्यस्थलों के साथ-साथ समाज पर भी पड़ता है। ऐसे में कर्मचारियों के प्रतिनिधि संगठनों को मिलकर ऐसी नीतियां बनानी चाहिए जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए कामकाजी वातावरण को सुरक्षित बनाएं। इसमें उचित मानसिक स्वास्थ्य समर्थन, कर्मचारियों के लिए लचीले कामकाज के घंटे, तनाव प्रबंधन के उपाय, और मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम शामिल होने चाहिए।



**घरेलू महिलाएं भी हो रहीं शिकार**

सिविल अस्पताल की मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति सिंह ने बताया कि मानसिक से जुड़ी 'निरोसिस' और साइकोसिस दो प्रमुख बीमारी हैं। निरोसिस में मरीज को अपनी बीमारी के बारे में पता चल जाता है। जबकि, साइकोसिस ग्रसित मरीज को बीमारी का पता नहीं चल पाता है। परिजन उसकी बीमारी के बारे में बताते हैं। इसमें महिलाएं ज्यादा प्रभावित हो रही हैं।

## स्क्रीन देखने की लत खराब कर रही आंखे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**विश्व दृष्टि दिवस आज**

**▸▸ अस्पतालों की ओपीडी में बढ़े नेत्र रोगी**

**अमृत विचार :** यदि आपका भी बच्चा आंखों में जलन, खुजली, सिर दर्द या फिर देखने मे धुंधलेपन की शिकायत कर रहा है तो सतर्क हो जाएं। यह समस्या मोबाइल की स्क्रीन से है। इस समय ज्यादातर बच्चे घंटों तक लगातार मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वजह से उनके आंखों में ड्रायनेस (सूखापन) की शिकायत हो रही है। ऐसे ही मामले इन दिनों नेत्र चिकित्सकों के पास आ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इसको लेकर अभिभावकों को जागरूक होने की जरूरत है।

बलरामपुर अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि विश्व दृष्टि दिवस प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को नेत्रों के प्रति जागरूक करना है। डॉ. संजीव के मुताबिक आज कल बच्चे आउटडोर गेम से दूर होते जा रहे। मोबाइल, लैपटॉप की स्क्रीन पर घंटों तक समय बिता रहें है। जो उनके नेत्रों के लिए घातक साबित हो रहा। उन्होंने बताया कि इसके बचाव के लिए स्कूलों में नियमित नेत्र चेकअप कैंप लगाना चाहिए। बच्चों और अभिभावकों की काउंसिलिंग करनी चाहिए।

केजीएमयू नेत्र रोग विभाग के डॉ. अरुण शर्मा ने बताया कि बच्चों से लेकर बड़े तक को स्क्रीन की लत लग चुकी है। इसकी वजह से ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या सबसे ज्यादा लोगों में देखने को मिल रही है। इस बीमारी से पीड़ित प्रत्येक ओपीडी में 20 से 25 मरीज आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि स्वस्थ्य आंखें हर समय आंसू का निर्माण करती हैं। यह लगातार फ्लूइड से ढंकी होती हैं। जिसे टियर फिल्म कहा जाता है। यदि आंसू ग्रंथियां कम आंसू पैदा करती हैं, तो टियर फिल्म अस्थिर हो सकती है। यह जल्दी ही टूट सकता है, जिससे आंखों की सतह पर सूखे धब्बे बन सकते हैं।

# लोक निर्माण विभाग तेजी से कर रहा सड़कों की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**▸▸ शहीदपथ को किया गया गड्ढामुक्त, आवागमन में होगी सहूलियत**

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग ने बारिश और अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को गड्ढामुक्त करने का कार्य तेजी से करा रहा है। सड़कों का मरम्मत कार्य जल्द ही पूरा हो जायेगा। अधिकांश सड़कों पर कार्य पूरा हो गया है वहीं आधा दर्जन से अधिक सड़कों पर कार्य प्रगति पर है जो जल्द ही समाप्त हो जायेगा।

इंदिरानगर, राजाजीपुरम, विकास नगर, गोमतीनगर, आलमबाग में गड्ढामुक्त करने का कार्य हो चुका है। शहीद पथ के सर्विस लेन पर सभी गड्ढे भर दिये गये हैं। यह जानकारी देते हुये लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता सत्येन्द्र नाथ ने बताया कि जिन सड़कों पर गड्ढा भरने का कार्य चल रहा है वहां जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। जल्द ही लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। लोग सड़कों पर सुरक्षित आवागमन कर सकेंगे।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने लोकबंधु अस्पताल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने बुधवार को लोकबंधु अस्पताल और वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण कर सुविधाएं परखी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को गंभीर नवजात के उपचार के लिए एनआईसीयू स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में संचालित वन स्टाप सेंटर का मुआयना कर घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया।

महिला अयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने निरीक्षण के दौरान गायनी ओपीडी, एएनसी,वार्ड, लेबररूम, ओटी, पोस्ट नेटल वार्ड, पीडिया व आईसीयू वार्ड का निरीक्षण कर रोगियों से बातचीत कर सुविधाओं के बारे में बातचीत की। अस्पताल के वार्ड, किचन, शौचालय की सफाई तथा मरीजों को मिलने वाले खाने व उपचार की व्यवस्था परखी। अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या मौजूद रहीं।



लोकबंधु अस्पताल का निरीक्षण करतीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता चौहान।

**▸▸ वन स्टाफ सेंटर की भी परखी व्यवस्थाएं**

**महिलाओं को बनाएं आत्मनिर्भर**

डॉ. बबिता चौहान ने अस्पताल परिसर स्थित वन स्टाप सेंटर में संचालित कौशल विकास केन्द्र को देखा। उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को होटल मैनेजमेंट कोर्स, पार्लर पेंटिंग व सिलाई व कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाएं। अध्यक्ष ने सेंटर की प्रभारी अर्चना सिंह से कहा कि हुनरमंद महिलाओं के तैयार उत्पाद को बिक्री के लिए काउंटर खोलें। उन्होंने केस वर्कर फील्ड,फैसिलिटेर यूनिट, महिला पुलिस चौकी, काउंसलिंग कक्ष, मेडिकल कक्ष, कैन्टीन, अल्पावास गृह आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान वह सेंटर की प्रभारी अर्चना सिंह की कार्यशैली से संतुष्ट दिखीं।

## सतेन्द्र यादव पर फिल्माया जाएगा गीत मन रंगीला है

**अमृत विचार , लखनऊ :** फिल्म अभिनेता सतेंद्र सिंह यादव उर्फ हीरो भैया का गीत मन रंगीला है जल्दी ही शूट की जाएगी। मैनपुरी, लखनऊ, आगरा और फिरोजाबाद में इसकी शूटिंग की जाएगी। सतेन्द्र यादव अभी हाल में हिन्दी फीचर फिल्म क्रेश बूम बैंग की मुंबई में डबिंग पूरी होने के बाद वापस लौटे हैं। सतेंद्र सिंह यादव उर्फ हीरो भैया ने मैनपुरी से फोन पर बताया कि फिल्म क्रेश बूम बैंग मार्च में देश भर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक गाना मन रंगीला है को शूट करने की तैयारी चल रही है। इस गाने को अरुण डागा ने अपनी आवाज से सजाया है।

# डेंगू के 54 मरीज मिले, 8 भवन मालिकों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में डेंगू के साथ मलेरिया और चिकनगुनिया भी हमलावर हो गया है। बुधवार को भी डेंगू के 54, मलेरिया के 3 और चिकनगुनिया का एक मरीज मिला है। सभी को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। सीएमओ का कहना है किसी भी मरीज की स्थिति चिंताजनक नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी से अब तक जनपद में डेंगू के कुल 907 एवं मलेरिया के 436 और चिकनगुनिया के 67 रोगी पाये गए।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को नए मिले मरीजों में चन्दरनगर सीएचसी क्षेत्र के 8, टूडियागंज-4, रेडक्रास-4, एनके रोड-3, सिल्वर जुबली-7, इन्दिरानगर-7, अलीगंज-8, बीकेटी-2, चिनहट-2, गोसाईगंज-2, सरोजनीनगर-4 और ऐशबाग सीएचसी क्षेत्र के 3 मरीज हैं। इसके अतिरिक्त मलेरिया के भी अलीगंज, चन्दरनगर और चिनहट का एक-एक मरीज है। वहीं इन्दिरानगर सीएचसी क्षेत्र में चिकनगुनिया का एक मरीज मिला है।



एंटी लार्वा रसायन का छिड़काव करते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

**डेंगू से बचाव के लिए यूनिटी कॉलेज में बच्चों को किया जागरूक**

अमृत विचार, लखनऊ : डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए नगर निगम ने बुधवार को जोन 6 में जागरुकता अभियान चलाया। यूनिटी कॉलेज हुसैनाबाद में बच्चों को संचारी रोगों की जानकारी दी गई। जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव ने कहा कि इस तरह के अभियान से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग मिलता है। अभियान में एंटी लार्वा और ब्लीचिंग का छिड़काव किया गया। सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग देने, प्लास्टिक का उपयोग न करके कपड़े और कागज के थैले का प्रयोग करने, कूड़ा नाला या नाली में और सड़क पर न डालने के प्रति जागरूक किया।

**▸▸ मलेरिया के 3 और चिकनगुनिया का भी 1 मरीज मिला**

टीम ने लगभग 1457 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों की जांच की। इनमें से 8 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी की गई। टीम ने लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक किया।



दान किए गए बेड के साथ क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

# प्रेम निवास में दान किया बेड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ लखनऊ बारादरी की ओर से मदर टेरेसा के मिशनरीज ऑफ चैरिटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम 'प्रेम निवास' को एक बेड दान किया गया।

क्लब की पदाधिकारी सुषमा गर्ग ने बताया कि सप्रू मार्ग स्थित इस प्रेम निवास में निराश्रित बुजुर्गों की देखभाल की जाती है। इनके इलाज की भी जिम्मेदारी यहां के लोगों द्वारा निभाई जा रही है। बीमार बुजुर्गों के इलाज में यह बेड सहायक होगा।

इस मौके पर क्लब की प्रेसीडेंट मीतुल रस्तोगी, सचिव सुनीता डेंबला, मंजु गुरनानी व वाईस प्रेजिडेंट हेमा गर्ग मौजूद रहीं।

# यति नरसिंहानंद के खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई करे सरकार : अनीस मंसूरी

**अमृत विचार , लखनऊ :** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की शान में यति नरसिंहानंद की गुस्ताखी असहनीय है। उन्होंने कहा कि नफरती यति नरसिंहानंद ने इस्लाम के पैगम्बर की शान में कहे गए निंदनीय शब्द न सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व के मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले और असहनीय हैं।

बुधवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से मुखातिब अनीस मंसूरी ने कहा कि सरकार को ऐसे व्यक्ति पर एनएसए के तहत मुकदमा चलाना चाहिए। क्योंकि यह करोड़ों मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला मामला है। उन्होंने कहा कि इस्लाम की अवधारणा स्पष्ट है कि सभी धर्मों की जो पवित्र हस्तियां हैं, चाहे हम उन पर विश्वास रखते हों या न रखते हों, लेकिन हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम उनका सम्मान करें और उनके अनुयायियों के दिलों को ठेस पहुंचाने से बचें। उन्होंने कहा कि इस्लाम एक खुदा में विश्वास रखता है, मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं रखता लेकिन जिन देवी देवताओं को दूसरे समुदाय पूजते हैं, कुरान मजीद में उन्हें बुरा भला कहने से मना किया गया है। धर्म के मामले में वह सही मार्ग जिससे समाज में शांति व्यवस्था कायम रह सकती है।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रुमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीआॅक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### चश्मे की दुकान में लटका मिला कर्मचारी का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग में एक चश्मे की दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी का शव मंगलवार रात दुकान में फंदे से लटकता मिला। पुलिस का कहना है कि कर्मचारी ने आत्महत्या की है। नजीराबाद निवासी अतुल कुमार (40) लालबाग स्थित एक चश्मे की दुकान में नौकरी करता था। भाई बंटू ने बताया रोजाना की तरह अतुल मंगलवार को ड्यूटी पर गया था। देर रात जब घर वापस नहीं लौटा तो भतीजे सौरभ को दुकान पर देखने को भेजा। दुकान का दरवाजा खोलकर जैसे ही सौरभ अंदर पहुंचा तो अतुल का शव पंखे में रस्सी के सहारे लटकता मिला। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस भी पहुंच गई। भाई ने बताया कि जब वह लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां पर तीन मोबाइल रखे हुए थे। दुकान में लगे सारे सीसीटीवी फुटेज गायब थे।

### खाते से गायब किए 1.46 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाज ने क्लोन बनाकर युवक के खाते से 1.46 लाख रुपये पार कर दिए। इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है। जुगौली निवासी राजेश कुमार गुप्ता का बचत खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में है। जालसाज ने उनके खाते से चार बार में 1.46 लाख रुपये गायब कर दिए। बैंक में शिकायत करने के बाद पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के आरोपी को दुबग्गा पुलिस ने बाजनगर अंडर पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मौलवीखेड़ा अमेठिया सलेमपुर का रहने वाला है। 7 अक्टूबर को किशोरी की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं, मलिहाबाद पुलिस ने 15 वर्षीया किशोरी को भगाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हसनगंज उन्नाव का रहने वाला है। 8 अक्टूबर को किशोरी की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### व्यापारी के घर चोरी तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा में व्यापारी के घर में घुसकर चोरों ने अलमारी में रखे 2 लाख रुपये चोरी कर लिए। पीड़ित ने तीन युवकों पर शक जाहिर करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। जलालपुर के शिवपुरी निवासी उमेश साहू की रस्तोगी ज्वैलर्स के नाम से घर में ही दुकान है। मंगलवार सुबह नींद खुलने पर अलमारी का ताला खुला मिला। अंदर देखा तो झोले में रखे 2 लाख रुपये गायब थे। उमेश के परिचित चंदू, अरशद व आयुष पर शक जाहिर करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# समीक्षा अधिकारी व संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री बनकर ठगे 1.05 करोड़

## जमीन से कब्जा हटवाने, कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट और राजभवन में नौकरी का दिया था झांसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- काम न होने पर वापस मांगी रकम तो डीएम, एसडीएम और मानवाधिकार आयोग का भेजा फर्जी आदेश
- डीएम के निर्देश पर ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी और संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री बन कर जालसाजों ने ठाकुरगंज के डॉ. नरेंद्र वर्मा से 1.05 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। जालसाजों ने जमीन से कब्जा हटवाने, कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट में भांजे, उसकी पत्नी की नौकरी और राजभवन में दूसरे भांजे की नियुक्ति के नाम पर रुपये लिए। कोई काम न होने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो डीएम लखनऊ, एसडीएम और मानवाधिकार आयोग का जमीन खाली करने संबंधी फर्जी आदेश भेज दिया। डीएम सूर्यपाल गंगवार के निर्देश पर ठाकुरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ठाकुरगंज के बरौरा निवासी नरेंद्र वर्मा ने बताया कि कुछ माह पहले किराएदार शैलेंद्र सिंह की बीमारी के दौरान उसके परिचित मान सिंह उर्फ विकास से उसकी मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान मान सिंह ने खुद को समीक्षा अधिकारी बताया था। नरेंद्र ने बताया कि उनके दो प्लॉट बरौरा रोड व बालागंज में हैं। जिस पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। इसको हटवाकर जमीन पर कब्जा लेने के लिए मान सिंह से बात हुई थी। मान सिंह ने कहा कि उसके मित्र प्रदीप दुबे संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री हैं। उनसे ही काम करवा दूंगा। जिसमें करीब 50 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके




बाद नरेंद्र ने बैंक लोन, गोल्ड लोन और साथियों से कर्ज लेकर जून माह में 50 लाख रुपये दिए। इसी दौरान मान सिंह ने बताया कि कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट लखनऊ में नर्सिंग के पदों पर भर्ती होनी है। 20 लाख देकर सीधे नियुक्ति मिल जाएगी। अगर किसी की नौकरी लगवानी हो तो बताना। नरेंद्र ने अपने भांजे अनुज पटेल और उसकी पत्नी पूजा की नौकरी के लिए 35 लाख नकद और 5 लाख खाते में ट्रांसफर किए। 8 जुलाई को लिस्ट जारी हुई तो उसमें दंपति का नाम नहीं था। साथ ही दूसरे भांजे की राजभवन में नौकरी के लिए 15 लाख दिए थे। नौकरी न मिलने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो कहा कि काम हो जाएगा। इसके बाद मान सिंह ने उन्हें और शैलेंद्र को कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट बुलाया। वे पहुंचे तो मान सिंह ने कहा कि साहब रजिस्ट्रार के पास नाम चढ़वाने गए हैं। शाम को ऑनलाइन देखा गया तो नाम नहीं था। कोई काम न होने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने अपने व्हाट्सएप से जमीन खाली करने का डीएम लखनऊ, एसडीएम और मानवाधिकार आयोग का आदेश भेज दिया। पीड़ित ने आदेश के बारे में जानकारी की तो पता चला कि वह फर्जी है। रुपये वापस मांगने पर मान सिंह, उसकी पत्नी माया और प्रदीप ने फर्जी मामले में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। पीड़ित ने डीएम लखनऊ से मुलाकात कर शिकायत की। जांच में आरोप सही मिलने पर ठाकुरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## कारोबारी समेत चार के खातों से उड़ाए 3.11 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर में कारोबारी से ऐंठे 2.69 करोड़
- मोहनलालगंज में दो से ट्रांसफर कराए करीब 33 लाख
- मड़ियांव में निवेश के नाम पर युवक से जमा कराए 9.28 लाख

**अमृत विचार :** साइबर जालसाज लगातार लोगों के खातों में सेंध लगा रहे हैं। जालसाजों ने स्टॉक मार्केट में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर कारोबारी समेत चार के खातों से 3.11 करोड़ रुपये उड़ा लिए। गोमतीनगर, मोहनलालगंज और मड़ियांव में रहने वाले पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामलों की जांच की जा रही है। विनीत खंड -1 निवासी कारोबारी शलभ गुप्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले गूगल पर स्टॉक मार्केट के लिए सर्च कर रहा था। इसी दौरान व्हाट्सएप पर मैसेज आया। मैसेज में युवती ने खुद को मोतीलाल ओसवाल शेयर ब्रोकर कम्पनी का प्रतिनिधि बताया। निवेश पर तीन गुने से अधिक के मुनाफे का झांसा दिया। फिर एक लिंक भेजकर ग्रुप पर एड किया। उसके बाद एक एप डाउनलोड कराई और 15 दिन के अंदर 2,69,42,000 रुपये कई खातों में ट्रांसफर करा लिए। एप में मुनाफा 29 करोड़ दिखने पर पीड़ित ने क्रेडिट करने का प्रयास किया तो ब्लॉक कर दिया गया। वहीं, मोहनलालगंज के पुरसेनी निवासी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर उन्हें फंसाया गया। लिंक भेजकर एप डाउनलोड कराई और फिर 27.30 लाख रुपये खातों में जमा कराए। मुनाफा दिखने पर पीड़ित ने रुपये निकालने का प्रयास किया तो 20 प्रतिशत टैक्स मांगा गया। इसी थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ निवासी सुधीर कुमार ने बताया कि जालसाज ने कॉल और मैसेज कर ट्रेडिंग निवेश पर मुनाफे का आश्वासन दिया। फिर एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़कर 5.55 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। उधर, मड़ियांव के फैजुल्लागंज स्थित केशव नगर निवासी प्रिंस सोनी ने बताया कि टेलीग्राम के माध्यम से स्टॉक ट्रेडिंग के एक ग्रुप पर एड हुआ। जाल में फंसे प्रिंस ने बताए गए 8 खातों में 16 बार में 9,28,956 रुपये ट्रांसफर कर दिए। मुनाफा निकालने का प्रयास किया तो उन्हें ब्लॉक कर दिया गया।

# सैन्य कर्मी को अगवा कर दो दिन कार से घुमाया, 2.76 लाख वसूले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्लॉट दिखाने के लिए बुलाया था मड़ियांव, असलहा लगाकर बनाई अश्लील वीडियो
- कई बदमाश थे शामिल आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** कैंट में तैनात सैन्यकर्मी को प्लॉट दिखाने के बहाने बदमाशों ने मड़ियांव बुलाया। फिर असलहे के बल पर अगवा कर दो दिनों तक कार में घुमाते रहे। इस दौरान एक कमरे में उनकी अश्लील वीडियो बनाई। जिसे वायरल करने की धमकी देकर खाते में 2.76 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। कोर्ट के निर्देश पर आशियाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित ने बताया कि वह एक प्लॉट खरीदने का इच्छुक था। बीते 23 नवंबर 2023 को उनके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें प्लॉट देखने के लिए मोहिबुल्लापुर रेलवे स्टेशन के पास बुलाया। अगले दिन वह पहुंचा तो एक युवक मिला। वह गलियों में घुमाते हुए एक मकान में ले गया और कमरे में बैठा दिया। कुछ देर बाद उसके दो साथी आए। सभी ने असलहा तानकर उन्हें बंधक बना लिया। पीड़ित के विरोध करने पर मोबाइल छीनकर डंडे से पीटा और कपड़े उतरवाए। नग्न वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। आरोप है कि ब्लैकमेल कर उसे वायरल करने की धमकी देकर पासवर्ड पूछा। ओला कार से उसे हरदोई रोड पर दो दिनों तक इधर-उधर घुमाते रहे। बाद में अतरौलिया के जंगल में ले गए, जहां उनके अन्य साथी पहुंच गए। आरोप है कि बदमाशों ने कई मदों में 2.76 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए और उनके नाम पर 1.80 लाख रुपये का लोन भी ले लिया। पीड़ित ने घर से बात कराने के लिए कहा, तो बदमाशों ने हाथ तोड़ दिया। कहा कि अब तुम परिवार से बताना कि कानपुर में हो। इसके बाद बदमाशों ने उसकी बेटी से बात करायी। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि सर्विलांस की मदद से छह आरोपितों की तलाश में टीम लगी हुई है।

### पत्नी ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

पीड़ित के घर न पहुंचने पर परेशान पत्नी ने आशियाना थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। वह घर पहुंचा और परिवार के साथ थाने गया। पुलिस ने उनका मेडिकल कराया। अगले दिन पुलिस ने उसे रमाबाई पुलिस चौकी भेजा, लेकिन चौकी प्रभारी ने कोई भी कार्रवाई नहीं की।

### लाइसेंसी रिवाल्वर सहित 6 कारतूस चोरी, बरामद

**अमृत विचार, सरोजनी नगर :** बिजनौर में बुधवार दोपहर सफारी गाड़ी से एक व्यक्ति का लाइसेंसी रिवाल्वर और 6 कारतूस चोरी हो गए। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने सीसी फुटेज की मदद से करीब 3 घंटे में रिवाल्वर और कारतूस बरामद कर आरोपी को पकड़ लिया।

विभूति खंड के विराज खंड निवासी नवीन प्रकाश सिंह सफारी गाड़ी से बिजनौर स्थित उपनिबंधक कार्यालय में रजिस्ट्री कराने के लिए आए थे। वह बिजनौर हेरिटेज बिल्डिंग के पास गाड़ी खड़ी कर उपनिबंधक कार्यालय चले गए। इस दौरान अपनी 32 बोर लाइसेंसी रिवाल्वर व छह जिंदा कारतूस ड्राइवर सीट के पास छोड़ गए। कुछ देर बाद वापस लौटे तो गाड़ी से रिवॉल्वर व कारतूस गायब थे।

# भवनों की सील तोड़ कर कराया निर्माण, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराने पर दो इमारतों को एलडीए ने सील किया था। भवन मालिकों ने सील को तोड़ कर दोबारा निर्माण कार्य शुरू करा दिया। निरीक्षण के बाद एलडीए अधिकारियों ने अमीनाबाद और गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जोन-6 के अवर अभियंता एसके दीक्षित ने अमीनाबाद कोतवाली में नाजनीन फातिमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गन्ने वाली गली में नाजनीन ने बिना नक्शा पास कराए निर्माण कार्य शुरू किया था। सूचना पर मार्च 2024 को एलडीए की तरफ से भवन पर सीलिंग की कार्रवाई की गई थी। कुछ दिन पहले सूचना मिली कि सील तोड़ कर निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण करने पर आरोप सही पाए गए। वहीं, गोमतीनगर थाने में जोनल अधिकारी ने विपुल खंड निवासी सुषमा सत्संगी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि भवन मालिक ने सील तोड़ कर निर्माण कार्य शुरू किया था।



सरोजनी नगर क्षेत्र में सड़क पर पड़े फल और मौके पर एकत्रित भीड़।

## फल विक्रेता को पीटा, पलटा ठेला

**अमृत विचार, लखनऊ/सरोजनी नगर :** अमौसी के हनुमान पुरी निवासी फल विक्रेता बबलू कश्यप ने शुभम त्रिपाठी, क्षितिज व एक अन्य के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वह सरोजनी नगर में शांति नगर स्थित सेंट थॉमस स्कूल के सामने फलों का ठेला लगाता है। बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे शुभम उसकी दुकान पर फल लेने पहुंचा। फल लेने के बाद उसने पैसे नहीं दिए। रुपये मांगने पर शुभम ने क्षितिज और एक अन्य के साथ मिलकर उसे पीटा। मां और भाभी बीनू कश्यप ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें भी मारा। साथ ही धमकी देते हुए फलों का ठेला पलट दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### कार में ब्वॉयफ्रेंड संग पत्नी को देख टोका तो पीटकर भागा

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना इलाके में एक रेस्त्रां के बाहर कार में पत्नी को ब्वॉयफ्रेंड के साथ देख पति आग बबूला हो गया। पति के विरोध करने पर ब्वॉयफ्रेंड मारपीट करते हुए धक्का देकर भाग निकला। पीड़ित ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुशांत गोल्फ सिटी निवासी पीड़ित ने बताया कि 20 अगस्त को वह आशियाना की तरफ निजी काम से गया था। स्पाइसी हब रेस्टोरेंट के पास पहुंचने पर उसे पत्नी की कार खड़ी नजर आई। जिसमें पत्नी के साथ आदित्य उपाध्याय मौजूद था। पत्नी को उसके साथ देख पीड़ित दरवाजा खुलवाने का प्रयास करने लगा। काफी देर तक बीच सड़क पर हंगामा हुआ। विवाद बढ़ने पर आदित्य मारपीट करते हुए धक्का देकर फरार हो गया। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि मंगलवार को पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# योगी को ट्वीट करने के बाद हरकत में आई पुलिस

संवाददाता, लखनऊ/पीजीआई

- गोरखपुर की महिला से निजी अस्पताल में बिल कम कराने के नाम पर हुई थी ठगी, रिपोर्ट

**अमृत विचार :** गोरखपुर निवासी कुसुमावती बीमार बड़े बेटे संदीप (24) का इलाज कराने साउथ सिटी स्थित एक निजी अस्पताल आई थी। यहां उसकी मुलाकात एक युवक से हुई। उसने ऊंची पहुंच बताते हुए बिल कम करवाने की बात कही। बीते 13 सितंबर को युवक महिला के पास आया और बोला कि वह एक लाख के बिल में 40 हजार रुपये कम करवा देगा।

जाल में फंसाकर पीड़िता से 60 हजार ट्रांसफर भी करवा लिया। आरोपी के गायब होने पर पीड़िता ने चौकी पर आपबीती बताई, लेकिन पुलिस ने उसे टरका दिया। कुछ दिन बाद महिला, बेटे को लेकर गोरखपुर वापस लौट गई, लेकिन इसी दौरान बेटे की मौत हो गई। बेटे का अंतिम संस्कार कराने के बाद महिला बुधवार को वापस लौटी और साउथ सिटी पुलिस चौकी पहुंची, लेकिन फिर पुलिस ने उसे वापस भेज दिया। पीड़िता एसीपी कैंट कार्यालय पहुंची और अपनी आपबीती सुनाई। इसी दौरान किसी ने उसका ट्वीट मुख्यमंत्री को टैग कर दिया। पीजीआई इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, छानबीन की जा रही है।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

### कॉलेज में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेस बाराबंकी शाखा में बुधवार को मर्डर यूनाइटेड नेशन कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें युवाओं की ओर से प्रस्तुति दी गई। सहयोग में प्रमुख संरक्षक और सांसद लोकसभा सदस्य, महाप्रबंधक व न्यायाधीश, छात्र एवं छात्राएं, प्राध्यापक गण की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। एलपीएस स्कूल एंड कॉलेजेस बाराबंकी शाखा में मॉडल यूनाइटेड नेशंस के विभिन्न जिलों जैसे लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी और दिल्ली के स्कूलों को शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में सबसे अधिक प्रतिनिधियों और उनके शिक्षक समन्वयू ने उत्साही भागीदारी निभाई। जिसमें यूएसडीपी-यूएनएससी और इसके एवीपन व आईपी समितियां शामिल थीं, एमयूएन के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार और बहस वायाचारी समाधानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। छात्राओं में गंभीर विचार कूटनीति और नेतृत्व कौशल को विकसित करने का मार्ग बताया। कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चलती कार में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ/राजाजीपुरम :** राजाजीपुरम ए ब्लॉक सुब्रत प्लाजा के सामने बुधवार दोपहर करीब 2 बजे चलती कार में शार्ट सर्किट से इंजन में धुआं उठने लगा। जब तक कार मलिक अंकित अग्रवाल निवासी मनोहर नगर कॉलोनी ठाकुरगंज कुछ समझ पाता, लपटें निकलने लगीं। बिना देर किए वह कार से बाहर निकल आया। आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ/आलमबाग :** कृष्णा नगर स्थित केसरी खेड़ा फाटक के पास बुधवार को कूड़ा बिन रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शव की पहचान नहीं हो पायी है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 28 वर्ष के करीब लग रही है। शरीर पर नीली रंग की जीन्स पैन्ट व आसमानी रंग की शर्ट थी।

### सीसी कैमरे बंद कर स्कूल में चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ/पीजीआई :** पीजीआई थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात स्कूल में घुसे चोरों ने सीसीटीवी कैमरे बंद करने के बाद मैनेजर के रूम का ताला तोड़कर नकदी समेत कीमती सामान पार कर दिया। डॉ. शशिभूषण शर्मा राजीव नगर घोसियाना खरिका तेलीबाग में रहते हैं। उनका वृन्दावन योजना के सेक्टर 19 पिपरी खेड़ा स्थित शशिभूषण पब्लिक स्कूल के नाम से 8वीं तक स्कूल है। चोरों ने अलमारी में रखे 25 हजार रुपये की नकदी, इनवर्टर व बैटरी चोरी किये हैं। पीड़ित ने थाने में शिकायत करते हुए दो स्थानीय लोगों पर शक जताया है। पुलिस को मौके से एक लोहे का राड मिली है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ/सरोजनीनगर :** बंथरा इलाके में बुधवार को युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हुलास खेड़ा निवासी हंसराज रावत (37) पेंटिंग का काम करता था। मंगलवार शाम हंसराज शराब के नशे में घर पहुंचा और खाना खाने के बाद सो गया। बुधवार सुबह हंसराज की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने हंसराज को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी नीलम, दो बेटी खुशी, रिया और बेटा आर्यन हैं।

### गुंडा टैक्स न देने पर धमकाया

**अमृत विचार, लखनऊ/गोसाईंगंज :** गंगागंज क्षेत्र के रहमतनगर गांव में जमीन का काम करने वाले व्यक्ति ने रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। सेलीब्रेटी ग्रीन सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि गांव के रहने वाले राम कुमार वर्मा व उनके साथी अक्सर उनकी साइट पर आकर गुंडा टैक्स मांगते हैं। रुपये न देने पर गाली गलौज कर धमकाते हैं। मंगलवार को पीड़ित की साइट पर नवरात्र पर यज्ञ का आयोजन चल रहा था। तभी आरोपी राम कुमार वर्मा और उसके कुछ अन्य साथी पहुंच गए और गाली गलौज करने लगे। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गये।

# मंदिर के बाहर महिला ने फेंके मांस के टुकड़े, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूछताछ में महिला बोली, कुत्तों के लिए डाला था
- आरोपी गिरफ्तार, बाजारखाला कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बाजारखाला में कटरा खुदा यार खां मोहल्ले में स्थित एक मंदिर के बाहर एक महिला ने मंगलवार देर शाम कुछ मांस के टुकड़े फेंक दिए। स्थानीय लोगों ने यह देखकर विरोध किया तो महिला झगड़ने लगी। डायल 112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी पश्चिम ओमवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार देर शाम सूचना पर बाजारखाला इंस्पेक्टर संतोष आर्य पुलिस बल के साथ पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला कभी किसी के घर के बाहर तो कभी मंदिर के बाहर मांस के टुकड़े फेंकती है। मामला गंभीर देख पुलिस ने नाराज लोगों को शांत कराया। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर साफ सफाई कराई। स्थानीय लोग महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। इसके बाद पुलिस ने महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम अलीजा बताया। पूर्व में वह सआदतगंज इलाके में रहती थी। अब थाना क्षेत्र में अकेले किराए पर रहती है। पूछताछ में सामने आया कि महिला स्ट्रीट डॉग प्रेमी है। इसी वजह से उसने ऐसा किया।

### डेंटल कॉलेज के हॉस्टल में छात्र पर हमला

**अमृत विचार, लखनऊ/पीजीआई :** सरदार पटेल डेंटल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र पर मंगलवार शाम कॉलेज के ही दूसरे छात्र ने दो साथियों के साथ हमला कर दिया। सिर पर वार से वह बेहोश हो गया। पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार रात पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित विद्यासागर बस्ती जिले का रहने वाला है और सरदार पटेल डेंटल कॉलेज से मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। उसने बताया कि मंगलवार शाम वह अपने रूम पर ही था।

तभी मामूली बात को लेकर दूसरा छात्र राजमन चौधरी अपने दो साथियों के साथ जबरन घुस आया और आते ही रूम में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आयी और वह वहीं बेहोश हो गया।

# अवैध संबंध के विरोध में सिपाही ने पत्नी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बलिया जिले में तैनात है सिपाही और महिला मित्र
- परेशान होकर मायके लौटी पीड़िता, गोसाईंगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** महिला सिपाही से अवैध संबंधों का विरोध करने पर एक सिपाही ने पत्नी से मारपीट की। वहीं, सास-ससुर दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे। परेशान होकर मायके लौटी पीड़िता ने गोसाईंगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोसाईंगंज निवासी महिला की शादी मई 2022 में बाराबंकी के रहने वाले सिपाही आकाश रावत से हुई थी। महिला के पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया था। पीड़िता ने बताया कि ससुराल पहुंचने के बाद उसे दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा। पत्नी को ससुराल में छोड़ कर आकाश ड्यूटी पर बलिया चला गया। कुछ समय पहले पीड़िता को पति आकाश के संबंध एक महिला सिपाही से होने की जानकारी मिली। पीड़िता ने पति पर बलिया ले चलने का दबाव बनाया। बात बढ़ने पर वह उसे ले गया। वहां आकाश की महिला मित्र भी थी। पीड़िता ने बताया कि अवैध संबंध का विरोध करने पर आए दिन उसे पीटा जाता था। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने बड़ी बहन को सारी बात बताई। पीड़िता ने बताया कि आकाश और महिला सिपाही के कई आपत्तिजनक वीडियो भी हैं। जिसे खुद आरोपी ने पत्नी को मोबाइल पर दिखाए थे। इसके बाद विरोध करने पर उसे मारा पीटा जाने लगा। प्रताड़ना से आजिज पीड़िता मायके आ गई थी। 20 जुलाई को आकाश रावत बड़े भाई के साथ उसके घर पहुंचा और जमकर हंगामा किया। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत की बात कही तो उसे धमकाया कि सिपाही हूं, तुम्हारी सुनवाई कोई नहीं करेगा। परेशान होकर पीड़िता ने गोसाईंगंज थाने में पति, सास-ससुर और जेठ के खिलाफ दहेज प्रताड़ना समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अंग्रेजी शराब की दुकान पर आबकारी विभाग का छापा

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

- हरियाणा-उत्तराखंड की शराब बरामद की गई
- बिजनौर में नटकुर पुलिस चौकी के पास स्थित है अंग्रेजी शराब की दुकान

**अमृत विचार :** बिजनौर थाना क्षेत्र में बुधवार को आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कर हरियाणा-उत्तराखंड के ब्रांड की शराब बरामद की। सुबह से शुरू हुई अवैध शराब की जांच देर शाम तक चलती रही। इस दौरान दो पिकअप डाला में भरकर नकली शराब को अन्य जगह भेज दिया गया। हालांकि जिला आबकारी विभाग की टीम ने मामले में अभी कुछ भी बताने से इनकार किया है।

बताया जा रहा है कि मुल्लाही खेड़ा गांव के पास अंग्रेजी शराब की दुकान है। बुधवार सुबह जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने दुकान पर छापा मारा। बताया जाता है कि आबकारी विभाग की टीम को जांच के दौरान हरियाणा व उत्तराखंड ब्रांड की भारी मात्रा में शराब मिली। टीम ने शराब खरीदारों से भी पूछताछ की। खरीदारों ने बताया कि यहां से खरीदी गई शराब से नशा नहीं चढ़ता था। सूत्रों की मानें तो नटकुर पुलिस चौकी से दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित दुकान पर दूसरे प्रदेशों की शराब बिक्री किए जाने की कई बार शिकायत की गई, लेकिन पुलिस ने ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद कुछ खरीदारों ने इसकी शिकायत आबकारी विभाग से की। जिसके बाद छापेमारी की गई।

> बिजनौर थाना अन्तर्गत नटकुर चौकी के पास अंग्रेजी शराब की दुकान पर छापा मारा गया। जिसमें अधिक मात्रा में दूसरे राज्यों की शराब, बारकोड स्टीकर और काफी संख्या में बोतलों के ढक्कन मिले हैं। आगे की कार्रवाई की जा रही है।
>
> -राकेश कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी




बिजनौर में नटकुर पुलिस चौकी के पास स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान।

# तेज रफ्तार कार पलटी बाल-बाल बचे लोग

संवाददाता, गोसाईंगंज

**अमृत विचार :** शहीद पथ स्थित पुलिस मुख्यालय के पास बुधवार रात एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार तीन लोग बाल-बाल बच गए। सूचना पाकर ट्रैफिक इंस्पेक्टर व सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मौके पर पहुंची। कार को कब्जे में लेने के साथ ही आवागमन शुरू कराया।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि रात करीब 9 बजे एक कार चिनहट की तरफ जा रही थी। पुलिस मुख्यालय के पास पीछे से आ रही एक कार ने दूसरी कार को ओवर टेक किया। कार चालक ने हड़बड़ाहट में ब्रेक लगाई। जिससे



दूसरी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, चालक समेत तीन लोग कार में सवार थे। जिन्हें राहगीरों ने सकुशल बाहर निकाला। पुलिस के आने से पहले तीनों लोग चले गए थे। ट्रैफिक इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से कार को हटवाकर सड़क खाली कराई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पुस्तकस्था तु या विद्या, परहस्तगतं च धनम्।
कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तद् धनम्॥

पुस्तक में रखी विद्या और दूसरे के हाथ में गया धन, ये दोनों ही समय आने पर किसी भी काम नहीं आया करते।

## संपादकीय

# अप्रत्याशित नतीजे

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे तमाम विश्लेषणों और सर्वेक्षणों के उलट साबित हुए। चुनाव बाद हुए सभी सर्वेक्षण हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय और भाजपा की बुरी हार घोषित कर चुके थे। अब हर कोई चुनाव परिणामों से हैरान है। जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान लगाया जा रहा था, मगर वहां भी नतीजे सर्वेक्षण के विपरीत आए। जम्मू-कश्मीर में जनता ने जहां अलगाववादी ताकतों के हिमायती दलों को नकार दिया है, वहीं विकासवादी व शांति के हिमायती दलों को मौका दिया है। संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकांश प्रावधान के हटने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। चुनावी विश्लेषक यह उम्मीद कर रहे थे कि भाजपा को अच्छी बढ़त मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने मिलकर बहुमत से अधिक सीटें हासिल की हैं। हरियाणा चुनाव में जाट और गैर-जाट का मुद्दा निर्णायक साबित हुआ। जाट कांग्रेस की तरफ केंद्रित हो गए थे। यद्यपि कांग्रेस ने गैर-जाट को अपनी तरफ करने की भरपूर कोशिश की, पर उसमें कामयाब नहीं हो सकी। इस बार आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी आदि दलों ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे थे, लेकिन ये दल चार फीसद से अधिक वोट हासिल नहीं कर सके। भाजपा के प्रतिबद्ध मतदाता इधर से उधर नहीं हुए। छोटे दलों ने जो वोट अपने पाले में खींचे, वे अगर मिल जाते, तो कांग्रेस को बहुमत मिल सकता था, मगर भाजपा ने चुनाव से कुछ समय पहले मुख्यमंत्री बदलकर और गैर-जाट वोट को आकर्षित कर शानदार विजय सुनिश्चित कर ली।

हरियाणा ने अपनी स्थापना के 58 साल में पहली बार इतिहास रचा, जिसमें किसी पार्टी को लगातार तीसरी बार जनादेश मिला। यहां भाजपा ने सत्ता की हैट्रिक लगाकर एंटी इन्कम्बेंसी के फैक्टर को धराशायी किया ही साथ ही लगातार तीन बार सत्ता हासिल करने वाली पहली पार्टी बन गई है। भाजपा ने एक बार फिर नायब सैनी जैसे नए चेहरे के साथ दांव खेला और बेहतर परिणाम मिला। भाजपा हमेशा की तरह एकजुट होकर लड़ी और उसे संघ का पूरा साथ मिला। भाजपा की यह जीत उसके दस वर्ष के कामकाज की भी विजय है। जनता ने एक बार फिर भरोसा जताकर भाजपा की हरियाणा के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ा दिया है। दोनों चुनावों में लोकतंत्र ने अपनी ताकत दिखाई है। हालांकि दोनों राज्यों में सरकारों के सामने चुनौतियां कठिन हैं। हरियाणा में भाजपा के लिए विश्वास जीतने की चुनौती है तो कश्मीर में केंद्र के साथ तालमेल बनाए रखने की।

# संविधान एक अंतहीन बहस और लचीला हथियार



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

संविधान स्थितप्रज्ञ बुजुर्ग वांछनीयता में मुस्करा रहा है। यही हो रहा है। कहा जा रहा है देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होगा। सभी निर्वाचित संस्थाओं संसद, विधानसभाओं और हो सके तो पंचायत और नगरीय संस्थाओं के चुनाव भी एकसाथ करा लिए जाएं।

वर्तमान में संविधान की पोथी राजनीतिक कशमकश के कारण हर नागरिक के हाथ में हथियार बनाकर पकड़ाए जाने का सियासी शगल चल रहा है। ज्यादातर नेताओं, सांसदों, विधायकों को संविधान की अंतर्धारा की बारीकियों की सही जानकारी नहीं होती। संविधान उनके लिए झुनझुना है जिसे बजाकर मतदाताओं को बाल बुद्धि का समझकर बहाला, फुसला उन्हें भूख से तड़पने के बदले चुप कराया जा सके। ज्ञान की धमनभट्ठी से संविधान निर्माताओं ने हड्डियां गलाकर रोशनी का पुंज संविधान पैदा किया, जो भारत के भविष्य को अज्ञात समय तक आलोकित कर सकता है। संविधान ही नहीं, पूरा भारत जिन कंधों पर टिका है, वह गांधी के शब्दों में आखिरी छोर पर खड़ा आदमी जीता जागता भारत है। पेड़, पत्ते, पहाड़, नदियां, खदानें, जंगल, पूरा आसमान, बल्कि पूरी कायनात संविधान की मुट्ठी में है।

वही संविधान अब कुलबुला रहा है। करवटें ले रहा है। उसे बहलाए, सहलाए जाने की कोशिशें हो रही हैं। उस पर अलग-अलग बल्कि पुश्तैनी दावा ठोका जा रहा है। उसका पेटेंट किया जा रहा है। उसकी अभिव्यक्तियों का कापीराइट दर्ज हो रहा है। जनता ही भारत है। उसे ही तमाशबीन बना दिया गया है। जनता के नुमाइंदे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, सेना और संसद आदि कहलाते जनता के मालिक बन गए हैं, जो चाहे संविधान की मुश्कें बांधने कमर कसकर देश को अखाड़ा समझ रहा है।

संविधान स्थितप्रज्ञ बुजुर्ग वांछनीयता में मुस्करा रहा है। यही हो रहा है। कहा जा रहा है देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होगा। सभी निर्वाचित संस्थाओं संसद, विधानसभाओं और हो सके तो पंचायत और नगरीय संस्थाओं के चुनाव भी एकसाथ करा लिए जाएं। इसके लिए कोई गंभीर रायशुमारी नहीं हुई है। संविधान की आंत में नीयतें और मशविरे दर्ज हैं। उनसे पूछा तक नहीं गया है। मौजूदा निजाम हर पूर्वज वचन और हिदायत को पचहत्तर पार के संरक्षक मंडल का आर्तनाद समझता है। वह कथित तौर पर समय, श्रम, धन और अनावश्यक परेशानियों को कम करना चाहता है। इसके लिए संविधान में संशोधन करने की तजवीज है। इक्कीसवीं सदी में आलिम फाजिल और वैश्विक संपर्क के हो रहे भारतीय नागरिकों को भी समझाया जा रहा है कि यह तो छोट-मोटा ऑपरेशन है। फिर तो पूरे देश में एक साथ हर तरह के चुनावों की जश्नेबहार होगी।

मन करता है सवाल पूछें, जो लोग इस इंतजाम से मुतमईन हैं और वे भी जिन्हें यह नागवार गुजरता है। उन्होंने अपने आईन की स्तरों को किस तरह उलट पलटकर देखा है। संसद संविधान सभा नहीं है, जो नया संविधान बनाए। शुरुआत तो वहां से हो जब संविधान तीन बरस की मशक्कत में तीन सौ निर्वाचित सदस्यों के साथ भविष्य के भारत का बीजक लिख रहा था। पुरखों ने ऐलानिया कहा देश के लिए एक संसद और सभी प्रदेशों के लिए विधानसभाएं होंगी और कहीं-कहीं विधान परिषदें भी।

> आंबेडकर की तरह शिब्बनलाल सक्सेना ने जोर देकर कहा था हमारे संविधान में यह शामिल नहीं किया गया है कि हर चार वर्ष के बाद अवश्य ही चुनाव होगा जैसा कि अमेरिका में होता है। भारत में शायद किसी न किसी प्रदेश में हमेशा चुनाव होते ही रहेंगे। भारत में देशी रियासतों के शामिल होने पर लगभग तीस प्रदेश हो जाएंगे।

सबसे जिम्मेदार वक्तव्य हुआ गांधी, नेहरू और पटेल की सहमति से चुने गए प्रारूप समिति के सभापति डा. भीमराव आंबेडकर का। उन्होंने साफ कहा भारत में प्रतिनिधि संस्थाओं के चुनाव स्थायी प्रकृति के होंगे। यह नहीं होगा कि चुनाव हो गए और फिर उनसे छोड़ छुट्टी या खामोशी या उनसे खुट्टी। आंबेडकर ने कहा था इसमें कोई शक नहीं कि शुरू में हमने सोचा कि हर पांच साल में चुनाव होंगे, लेकिन जानते हैं फिर लगातार उपचुनाव होंगे। हम जानते हैं विधानसभाएं भंग होंगी और फिर अलग-अलग चुनाव का इंतजाम करना होगा। इस वास्ते मतदाता सूचियां बार-बार तरोताजा की जाती रहेंगी तथा और भी कई काम होंगे। एक स्थायी चुनाव आयोग की जरूरत हम महसूस करते हैं, जो आंबेडकर ने कहा वैसा हुआ भी। ऐसी कद काठी के विचारक को तो प्रज्ञा पुरुष कहते हैं, भविष्यदर्शी भी। उनके पास सच्ची डिग्रियां थीं, इतनी ज्यादा जो संविधान सभा में किसी के पास नहीं थीं।

आंबेडकर की तरह शिब्बनलाल सक्सेना ने जोर देकर कहा था ''हमारे संविधान में यह शामिल नहीं किया गया है कि हर चार वर्ष के बाद अवश्य ही चुनाव होगा जैसा कि अमेरिका में होता है। भारत में शायद किसी न किसी प्रदेश में हमेशा चुनाव होते ही रहेंगे। भारत में देशी रियासतों के शामिल होने पर लगभग तीस प्रदेश हो जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर भी विधान-मंडल का विघटन हो जाएगा। इसलिए मुमकिन है केंद्र तथा प्रदेशों के विधान मंडलों के चुनाव एक ही समय पर न हों। हर समय कहीं न कहीं चुनाव होता रहेगा। हो सकता है कि अभी शुरुआत में अथवा पांच या दस वर्षों तक ऐसा नहीं हो, लेकिन दस बारह वर्ष के बाद हर समय किसी न किसी प्रदेश में चुनाव होता रहेगा।''

पेचीदा प्रश्न आता था। तब आंबेडकर आत्मविश्वास के साथ संवैधानिक ज्ञान की वर्जिश करते दुनिया के चुनिंदा संविधानों के उन हिस्सों की तरफ सभा की बहस ले जाते थे, जिन्हें अन्यथा सदस्यों ने या तो पढ़ा नहीं होता था या उन्हें मालूम तक नहीं होता था। आंबेडकर नहीं चाहते थे कि ऐसा संविधान बन जाए, जिसका लोकतांत्रिक देशों की संविधान परंपरा से कोई समानांतर रिश्ता भी नहीं रहे। अन्यथा भविष्य में भारतीय संविधान व्याख्याओं को लेकर दुनिया से अलग-थलग पड़ा रह सकता था। ऐसा बौद्धिक चमत्कार वही कर सकता था, जिसने दुनिया के संविधानों को भारतीय संदर्भ में अपने सोच में जज्ब कर लिया हो। आंबेडकर के इस कहे को मिटाने की कोशिश वे लोग कर रहे हैं, जिन्हें संविधान का ककहरा व्यापारिक बहीखाता लगता है। आंबेडकर ने कभी इशारा तक नहीं किया था कि जम्हूरियत के कारवां को कभी लौटकर फिर इब्तदा करनी होगी। वे जानते थे जम्हूरियत का रास्ता वर्तुलाकार या गोल नहीं होता। वह आगे बढ़ता है। भारतीय लोकतंत्र को अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस, कनाडा, आयरलैंड, स्विटजरलैंड और दक्षिण अफ्रीका आदि कई देशों के संविधान के साथ लोक मर्यादाओं को लेकर भी कदमताल करना होगा। विश्व संविधानों की समझ का बहस घर एक तरह का संयुक्त राष्ट्र संघ ही तो है। उनकी नजर, नीयत और भारत की नियति में कोई खोट नहीं थी। आज जो सत्ता में हैं, वे दूर दृष्टि से बाधित हैं। उनकी निकट दृष्टि कहती है हर प्रदेश में भी जल्द से जल्द सत्ता पर काबिज हो जाओ। आगे जो होगा देखा जाएगा। हालिया महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव भी होना है। उन चुनावों को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनावों के साथ जो शामिल नहीं कर सके। वे हिन्दुतान में एक साथ चुनाव कराने का दिन में ख्वाब देख रहे हैं।

समझना फिर जरूरी है। आंबेडकर ने दो टूक कहा था कि अमूमन सभी विधायिकाओं का कार्यकाल पांच वर्ष के लिए ही होगा। सिवाय इसके कि कोई उपचुनाव हो जाएं या पांच वर्ष के पहले विधायिका को भंग कर दिया जाए। आंबेडकर ने ऐसा कतई इशारा या कथन नहीं किया था कि केन्द्र सरकार चाहे तो किसी विधानसभा का कार्यकाल घटा, बढ़ा दें। चुनाव लोकतंत्र की आत्मा और मतदाता का मौलिक अधिकार हैं। संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव संबंधी प्रावधानों का ब्यौरा है। गवर्नमेन्ट आफ इंडिया एक्ट, 1935 और अन्य ब्रिटिश कानूनों के तहत चुनाव कराने का जिम्मा कार्यपालिका अर्थात सरकार पर होने से केवल मजाक होता था। इसलिए संविधान सभा में शुरू से आम राय उभरी कि वोट देना नागरिक का मूल अधिकार बनाएंगे। चुनाव के लिए स्वतंत्र मशीनरी की स्थापना भी करना होगा। विख्यात संविधानविद् जस्टिस वीआर कृष्ण अय्यर के अनुसार प्रजातंत्र का अर्थ ही चुनाव के प्रजातंत्र से है। संविधान एक अंतहीन बहस और लचीला हथियार है। उसकी संवेदना और गरिमा की घोषणाएं नागरिक संस्कारों की कहानी हैं।

## प्रसंगवश

# समाजवादी राजनीति के पुरोधा धरतीपुत्र मुलायम

**पुण्यतिथि**

समाजवादी पुरोधा नेता जी के नाम से उत्तर प्रदेश में लोकप्रिय रहे मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि है। पांच दशकों तक समाजवादी धारा की राजनीति करते हुए मुलायम सिंह यादव एक जनाधार वाले नेता के रूप में स्थापित रहे। उनके प्रभावी सार्वजनिक/राजनैतिक जीवन के कारण ही मरणोपरांत उन्हें पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

भारतीय राजनीति के बदलते मूल्यों के दौर में मुलायम सिंह आजीवन खांटी भारतीय वेशभूषा कुर्ता-धोती पहनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में देशी भाषा की लड़ाई का सवाल, भारत-पाक-बांग्लादेश महासंघ की वकालत, चीन की सीमा विस्तार नीति की निंदा, देश की अर्थव्यवस्था किसान केन्द्रित बनाए रखे जाने के पक्ष में मजबूत आवाज उठाते रहे। मुलायम सिंह यादव नेताजी के नाम से राजनीति में लोकप्रिय रहे। उन्होंने लोहिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। एक कुशल वक्ता के रूप में उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में अपनी प्रबल उपस्थिति दर्ज कराते हुए जनता की समस्याओं की मजबूत लड़ाई लड़ी। सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में सदन में उन्होंने सदैव समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए संघर्ष किया। इसी संघर्ष के फलस्वरुप वे तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार में रक्षा मंत्री पद पर सुशोभित हुए। मुख्यमंत्री एवं रक्षामंत्री के रूप में उन्होंने कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए जिनके निर्णयों की सराहना आज भी होती है।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

एक छोटे से गांव में जन्म लेकर यूपी जैसे विशाल प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का सफर विषमताओं से भरा रहा, लेकिन चुनौतियों का सामना करते हुए कुशल नेतृत्व के रूप में उन्होंने स्वयं को स्थापित किया। मात्र 15 वर्ष की आयु में समाजवाद के शिखर पुरुष डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के आह्वान पर किसानों की समस्याओं को लेकर पहली बार जेल गए मुलायम सिंह यादव 1954 में चर्चा में आए, जिसके बाद 1967 में सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर पहली बार में ही उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य चुने गए और 1974 से 2007 तक 10 बार विधानसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। दो दशकों से अधिक की जमीनी राजनीति करते हुए मुलायम सिंह यादव ने लोहिया के समाजवादी सिद्धांत एवं चौधरी चरण सिंह की किसान हितैषी नीतियों को आधार बनाकर 5 नवंबर 1992 को लखनऊ में समाजवादी पार्टी की स्थापना किया। एक तरफ सदन में बुनियादी प्रश्नों पर समाजवादी दृष्टि के आधार पर बहसों को प्रभावित किया, वहीं दूसरी तरफ जनता की जरूरत पर सजग दृष्टि रखते रहे। अपने दायित्व को पूरा करने में उन्होंने कभी भी दलीय दायरों तथा जाति-धर्म की भाषा को स्वीकार नहीं किया।

आज जब राजनीति में व्यक्तिगत कटुता, आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, सदन में असंसदीय भाषण का चलन जोरों पर है। बड़े-बुजुर्गों की उपेक्षा भी बेहिचक की जा रही है। ऐसे में राजनीति से जुड़े लोगों के लिए मुलायम सिंह यादव का राजनैतिक जीवन उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने दलीय राजनीति से परे जाकर अपने धुर राजनैतिक विरोधियों की मदद करने में पूरी उदारता दिखाई। संघर्ष के दिनों के साथियों का उन्होंने बड़ा ख्याल रखा। राजनैतिक सहयोगी और जीवन के अंतिम समय तक कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले छोटे लोहिया की स्मृति को संजोने के लिए लखनऊ में निर्मित जैव विविधता से परिपूर्ण जनेश्वर पार्क में उनकी आदमकद मूर्ति बनाने की प्रेरणा मुलायम सिंह की ही है। छोटे लोहिया के नाम से लोकप्रिय रहे जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि देने के इस अनूठे तरीके के राजनैतिक विरोधी भी कायल है।

जीवन के अंतिम समय में भी मुलायम सिंह यादव बेहद सक्रिय और राजनैतिक रूप से सचेत रहे। एक सामान्य ग्रामीण परिवार में जन्म लेकर देश के प्रथम पंक्ति के राजनीतिज्ञ बनने की उनकी यात्रा अनेक संघर्षों और जीवटता का प्रतीक है।

# हरियाणा में भाजपा के कुशल प्रबंधन की जीत



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

> हरियाणा की राजनीति जटिल सामाजिक समीकरणों से भरी हुई है। अलग-अलग जातियों के प्रति भाजपा की अपील इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है।

हरियाणा के नतीजों ने आज पूरे देश को हैरान कर दिया है और इसका कारण ये है कि हरियाणा के चुनावों को शुरुआत से ही कांग्रेस के पक्ष में माना जा रहा था। चुनावी एक्सपर्ट्स, राजनीतिक विश्लेषक, पत्रकार, मीडिया और यहां तक कि एग्जिट पोल भी इन चुनावों में बीजेपी की हार का अनुमान लगा रहे थे, लेकिन हरियाणा की जनता ने इन सबको एक्सपोज कर दिया और सारे एग्जिट पोल आज गलत साबित हो गए और बीजेपी ने तीसरी बार चुनाव जीतते हुए, पिछले दो विधानसभा चुनावों से भी अच्छा प्रदर्शन किया।

लोकसभा चुनावों की तरह बीजेपी ने इस बार अति आत्मविश्वास नहीं दिखाया, बल्कि बीजेपी हरियाणा में विनम्र बनी रही और उसके लाखों कार्यकर्ता दिन-रात चुपचाप जमीन पर काम करते रहे, जबकि बीजेपी की तुलना में इस बार कांग्रेस ज्यादा आक्रामक थी और अति आत्मविश्वास में थी। लोकसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस और विपक्षी दल लगातार ये माहौल पैदा कर रहे थे कि अब प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता कम हो रही है और धीरे-धीरे बीजेपी ढलान की ओर जा रही है, लेकिन हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बीजेपी के शानदार प्रदर्शन की वजह से ये माहौल रातों-रात बदल गया है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा 27 मौजूदा सीटें बचाने में कामयाब रही है तो 22 नई सीटें भी जीती हैं। इनमें से नौ नई सीटें जाटों के गढ़ से जीती हैं। इसी के साथ हरियाणा के 57 साल के इतिहास में भाजपा पहली पार्टी है, जो लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा चुनाव में भाजपा को 39.94 प्रतिशत, कांग्रेस को 39.09, आप को 1.79, जेजेपी को 0.90, आईएलडी को 4.14 प्रतिशत मिले हैं। साफ जाहिर है कि भाजपा और कांग्रेस के मतों में ज्यादा



का अंतर नहीं है, लेकिन सीटों में 11 का अंतर है। चुनाव के अंतिम मौके पर नायब सैनी को सीएम बनाना भी काम कर गया। दूसरी बात सैनी का सौम्य व्यक्तित्व भी काम कर गया। सैनी बड़बोले नहीं हैं। सैनी को समय बहुत कम मिला पर, उन्होंने ओबीसी अधिकारों के लिए कई कानून बनाए। कई ऐसी योजनाएं बनाईं जो सीधे आम जनता को फायदा पहुंचाने वाली हैं। ओबीसी वोटों का ध्रुवीकरण भी कराने में भी सैनी को सफलता मिली।

हरियाणा की राजनीति जटिल सामाजिक समीकरणों से भरी हुई है। अलग-अलग जातियों के प्रति भाजपा की अपील इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है। पार्टी ने रणनीतिक रूप से गठबंधन बनाने और विभिन्न समुदायों के साथ जुड़ने का प्रयास किया है, जिससे एक व्यापक समर्थन आधार तैयार हुआ है। भाजपा की जीत का एक प्रमुख कारण प्रभावी स्थानीय लीडरशिप है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वोटर्स से जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका शासन शैली, स्थानीय मुद्दों और विकास पर केंद्रित, वोटर्स के साथ गूंज उठी। साथ ही भाजपा की बूथ मैनेजमेंट रणनीति अत्यंत प्रभावशाली साबित हुई। पार्टी ने अपने वर्कर्स को मतदाता टर्नआउट सुनिश्चित करने के लिए संगठित किया। खास करेक, उन क्षेत्रों और जनसांख्यिकी पर ध्यान केंद्रित किया, जहां उनकी उपस्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता थी। यह सावधानीपूर्वक योजना पार्टी की चुनावी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली रही। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई कल्याणकारी योजनाएं और अवसंरचना परियोजनाएं हरियाणा में प्रभावी ढंग से संप्रेषित की गईं, जिससे पार्टी की छवि को मजबूती मिली। हरियाणा की जीत बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों में एक शुभ संकेत जैसा भी है, जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र से होगी। हरियाणा ने बीजेपी को 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान देखी गई गिरावट को उलटने का पहला वास्तविक मौका दिया है। यहां जीत से महाराष्ट्र, झारखंड और अंततः दिल्ली में बेहतर प्रदर्शन की नींव रखी जा सकती है। हरियाणा में हैट्रिक लगातार भाजपा के हौसले आने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बुलंद हैं। अगला विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में होना है, ऐसे में हरियाणा में पार्टी की जीत के कई मायने हैं। हरियाणा में भाजपा की जीत केवल एक चुनावी जीत नहीं है, यह प्रभावी लोकल लीडरशिप, मजबूत बूथ मैनेजमेंट और सेंट्रल लीडरशिप के रणनीतिक प्रभाव का एक मिश्रण है। यह जीत पार्टी के लिए आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाती है।

## सोशल फोरम

# लोकतंत्र में धनबल का प्रयोग

यह कैसी ग्राम सभा है, जहां नीलामी से सरपंच बना जाता हो। ग्राम सभा लोकतंत्र या स्वराज की बुनियाद है। स्थानीय ग्रामीण एवं शहरी निकायों की नींव पर ही लोकशाही के प्रासाद के अधिष्ठान की परिकल्पना की गई है। वह नींव जितनी ही पुख्ता, कारगर या ठोस रहेगी, लोकतंत्र की बृहत्तर होती जाती इकाइयां मंज़िल-दर-मंजिल यानी क्रमिक रूपेण उसके ऊपर उठती जाएंगी।



कृष्णस्वरूप आनन्दी
सेवानिवृत्त शिक्षक, प्रयागराज

पंजाब से एक निराशजनक समाचार सुनने को मिला है। गुरुदासपुर जनपद के हरदोवाल कलां ग्राम-सभा में सरपंच-पद के लिए नीलामी का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्रामीणजनों ने यह तय किया है कि उस व्यक्ति को सरपंच पद के लिए चुना जाएगा, जो ग्राम सभा के विकास के लिए अधिकतम धनराशि देगा। लोगों की मतिभ्रष्टता या विपरीतबुद्धि को क्या कहा जाए? अब तो लगता है कि पूरे कुएं में ही भांग पड़ गई है।

गांव में सरपंच पद के लिए नीलामी आयोजित की गई। नीलामी की बोली 50 लाख रुपये से शुरू हुई। एक स्थानीय नेता ने 2 करोड़ रुपये की बोली लगाई। बठिंडा के गहरी बुट्टर गांव में सरपंच पद के लिए इसी तरह की नीलामी हुई थी। उल्लेखनीय है कि पंजाब में जल्द ही ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं।

चुनावों में धनबल निर्णायक होता जा रहा है। चुनाव दलों के जरिए लड़े जाते हैं। दलीय उम्मीदवार भी अक्सर मोटी रकम का भुगतान करके ही टिकट खरीदते देखे जाते हैं। दलों की कॉरपोरेट-फंडिंग हो रही है। बड़े धन-कुबेर और कंपनी बहादुर अधिकांश चुनावबाज़ नेताओं और राजनीतिक दलों की नकेल थामते से नजर आ रहे हैं।

स्थानीय निकायों से लेकर केन्द्र या शीर्ष तक हुक्मरान अमूमन बड़े धनपशुओं से ही पोषण पा रहे हैं। भगवान वह दिन न दिखाए, जब जन-प्रतिनिधि सीधे तौर पर देशी-विदेशी यानी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के द्वारा नामित या प्रायोजित किए जाते हों। हम भारत के लोग इस संकल्प के साथ सतत आगे बढ़ते रहें कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को स्वदेशीपरक, स्वराजोन्मुख, स्वतः स्फूर्त, उत्तरदायी-संवेदनशील तथा सार्थक प्रभावी बनाना है।

-फेसबुक वॉल से

# सकारात्मक दृष्टिकोण से सुदृढ़ होगा मानसिक स्वास्थ्य

हाल ही में एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में अध्ययनरत छात्र ने एक छात्रा के बात न करने के कारण आत्महत्या कर ली। वहीं कोटा तथा अन्य शहरों में पढ़ाई के अत्यधिक दबाव या अन्य कारणों के चलते इस प्रकार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ध्यान देने योग्य बात यह है कि आत्महत्या करने वाला व्यक्ति सांकेतिक रूप से ऐसा प्रकट अवश्य करता है, परंतु बहुत बार इसे ड्रामा या नाटक का नाम दे दिया जाता है। यदि इन संकेतों को गंभीरता से लिया जाए तथा वक्त रहते उनके व्यवहार के पीछे के कारणों का पता लगा लिया जाए तो बहुत से लोगों को उनकी जीवनलीला समाप्त होने से बचाया जा सकता है।



डॉ. तान्या दीक्षित
मनोवैज्ञानिक, लखनऊ

अक्सर विषादग्रस्त व्यक्ति को पहली नजर में देखकर ये अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है कि वो डिप्रेशन से पीड़ित है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अवसाद की परिभाषा भी थोड़ी बदल गई है। ऐसे व्यक्ति हमेशा शांत या गंभीर रहें ये आवश्यक नहीं है। अपने चेहरे पर खिलखिलाती मुस्कान रखने वाले और खुशियां बिखेरने वाले व्यक्ति भी दुःखी और निराश हो सकते हैं। मनोवैज्ञानिक भाषा में कहें तो ये मुस्कुराहट उस डिफेंस मैकेनिज्म की तरह काम करती है, जिसके पीछे वो अपने दुखों को छिपाने की कोशिश करते रहते हैं, जिन्हें हम जिंदगी में खुश और संतुष्ट समझने की भूलकर बैठते हैं। अक्सर ऐसे ही व्यक्ति डिप्रेशन से पीड़ित होते हैं, पर अब प्रश्न ये उठता है कि ऐसा क्यों है?

ऐसे व्यक्ति कई बार सबके साथ हंसते बोलते तो देखे जाते हैं, लेकिन वो अपने मन की बातें किसी के साथ शेयर नहीं कर पाते। वो लोगों पर जल्दी विश्वास नहीं कर पाते और ऐसे में वो डरते हैं कि लोग उन्हें क्रिटिसाइज करेंगें या मजाक बनाएंगे। उनका यही विश्वास और भी दृढ़ होता चला जाता है, जिससे वो अपनी समस्या किसी से शेयर नहीं कर पाते और मन ही मन घुटते रहते हैं। ऐसे में टॉकिंग थेरेपी डिप्रेस्ड व्यक्ति के जीवन को निराशा के अंधेरे से बाहर लाने में सहायता कर सकती है। ये उनके विचार और भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनती है। याद रखें कि हताश और विषादी व्यक्ति चाहता है कि उसे कोई सुनें, जिससे उसकी आधी तकलीफ पहले ही कम हो सकती है। ऐसे व्यक्ति की मनोदशा को समझने का प्रयास किया जाना चाहिए। विषादी व्यक्ति को संवेदनशीलता, प्यार, सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार और सकारात्मक बातचीत करके ये भरोसा दिलाने की जरूरत होती है कि वो अकेले नहीं हैं। हमें ध्यान रखना चाहिए कि जैसे सागर की गहराई को केवल उसके सतह के आधार पर नहीं मापा जा सकता, उसकी गहराई में उतरना पड़ता है, वैसे ही किसी व्यक्ति के बाहरी व्यक्तित्व के आधार पर ये नहीं जाना जा सकता कि वे विषादग्रस्त है या नहीं। ये जानने के लिए उसके आतंरिक आत्म (इनर सेल्फ) को जानना भी आवश्यक होता है।

उन्हें सिर्फ ये यकीन दिलाने की दरकार होती है कि धैर्य और हिम्मत से हर समस्या का समाधान संभव है, जो मेंटल सपोर्ट और पॉजिटिविटी की पिल्स के द्वारा संभव है। विषादग्रस्त व्यक्ति को कभी भी अकेले नहीं छोड़ना चाहिए। साथ ही कोशिश ये भी करनी चाहिए कि चाकू, शीशे के सामान, पिस्टल, गन, ब्लेड जैसे सामान उस इंसान की पहुंच से बाहर रहें। उन्हें ये एहसास दिलाने की जरूरत होती है कि वे उनके अपनों के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। साथ ही नेवर गिव अप सिद्धांत को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना होगा, जिससे वो अपने नकारात्मक आज को महज एक अतीत की तरह भुलाकर सकारात्मक दृष्टिकोण से एक सुनहरे कल में प्रवेश कर सकें।

# मिलावट का दौर

व्रत-त्योहारों का समय हर बार मिलावट के लिए चर्चा का विषय बना रहता है। तिरुपति के प्रसादम में मिलावट के बाद ऐसा लगता है आम खाने-पीने के समान, मिठाइयों और नमकीन में कुछ भी शुद्ध नहीं बचा है, पनीर, घी तेल, मावे, बेसन और कुटू के आटे से बनाई चीजों के खाने से लोगों के बीमार होने की खबरे लगातार प्रकाशित हो रही हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी की हालिया रिसर्च के अनुसार देश के 17 शहरों से लिए गए फूड सैंपल बड़ी मात्रा में मेटल पाया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हाल ही में एनसीआर में की गई छापेमारी में नोएडा में नकली घी और पनीर पकड़ा गया, जो दूध हम लोग पी रहे हैं, उसके बारे में भी नहीं पता कि वो दूध है भी या केमिकल पिलाया जा रहा है। व्यवसाय करने वाले खुद बताते हैं कि त्योहारी सीजन में जितने दूध-घी, पनीर और मावे की मांग होती है, उतनी सप्लाई वास्तव में संभव नहीं है। जो मिलावटी सामान हमारे स्वास्थ्य को खराब कर रहा है, उसके इलाज के लिए दी जाने वाली दवाएं भी नकली पाई गई हैं। हाल में गाजियाबाद के पास पिलखुवा में बिना लाइसेंस के चल रही दवाई फैक्ट्री में 25 लाख की दवाइयां पकड़ी गई हैं, जिन्हें नामचीन दवाइयों के रैपर में बेचा जा रहा था।

ऐसे में जरूरत इस बात की है कि जनहित को ध्यान में रखकर मिलावट के खिलाफ एक बड़ी मुहिम चलाई जानी चाहिए। अन्यथा मिलावटखोर और मुनाफाखोर आम आदमी के साथ धोखा करते ही रहेंगे। इसके लिए हर लेवल पर जन सतर्कता ग्रुप बनाए जा सकते हैं, जो समय-समय पर कुछ दुकानों से नमूने ले सकें और सरकार को भी मिलावट के खिलाफ अभियान तेज करने और कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है।

## एक नजर

### लखीमपुर खीरी और पलिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के राजस्व क्षेत्र तय

**अमृत विचार, लखनऊ** : राज्यपाल की स्वीकृत के बाद शासन ने लखीमपुर खीरी और पलिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के राजस्व क्षेत्र की अधिसूचना जारी की है। प्रमुख सचिव न्याय विनोद सिंह रावत जारी आदेश में बताया है कि सिविल न्यायाधीश जूनियर डिविजन लखीमपुर खीरी की सीमा क्षेत्र में जिले की तहसील लखीमपुर, तहसील पलिया, तहसील गोला का केवल परगना भूड़ और परगना कुकरा, तहसील धौरहरा, तहसील मोहम्मदी का परगना कस्ता और परगना औरंगाबाद शामिल किया गया है। जबकि सिविल न्यायाधीश जूनियर डिविजन पलिया, लखीमपुर खीरी के सीमा क्षेत्र में तहसील पलिया का परगना पलिया, परगना निघासन व परगना भूड़ के वे क्षेत्र जो तहसील पलिया के अधीन आने वाले गांव शामिल होंगे।

### एचसीएल आईटी सिटी को 21.08 करोड़ की सब्सिडी

**अमृत विचार, लखनऊ** : राज्य सरकार ने लखनऊ के एचसीएल आईटी सिटी को 21.08 करोड़ की धनराशि सब्सिडी के तौर पर देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें ब्याज के तौर पर 19.50 करोड़ तथा ट्यूशन फीस के तौर पर 1.57 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है।

### रत्न व स्वर्णाभूषण उद्योग के लिए बनेगा कॉम्पलेक्स

**अमृत विचार, लखनऊ** : मेरठ के वेदव्यास पुरी में रत्नों व स्वर्णाभूषण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बहुमंजिला फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स का निर्माण होगा। मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा तैयार विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत 24 महीनों की समयावधि में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नवंबर अंत से निर्माण प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है। जेवर एयरपोर्ट से भी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से इसकी कनेक्टिविटी होगी और मात्र 45 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। यह क्षेत्र ज्वेलरी उद्योग के एक विस्तारित हब के रूप में विकसित होगा जहां दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा व फरीदाबाद समेत हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से उद्योगपति व आम नागरिक यहां ज्वेलरी की खरीदारी करने आ सकेंगे।

### राजभवन में नवरात्र के सातवें दिन हुई मां दुर्गा की आराधना

**अमृत विचार, लखनऊ** : राजभवन में बुधवार को नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की आराधना व आरती की गई। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, प्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी भी शामिल हुईं। गुजरात के पारंपरिक गरबा गीतों के साथ-साथ सनेडो, तीन-ताली आदि की प्रस्तुतियां हुईं। इस अवसर पर लखनऊ स्थित विविध विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत प्रस्तुत किया, साथ ही, गरबा नृत्य में शामिल हुए।

## एयरपोर्ट के बाहर टैक्सी न मिलने से यात्री परेशानी

**अमृत विचार, लखनऊः** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आवागमन करने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट परिसर से बाहर निकलने पर टैक्सी के लिए खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों को घंटों इंतजार के बाद जल्दी साधन नहीं मिल पा रहे हैं।

एयरपोर्ट परिसर से आधा किमी दूरी पर टैक्सी स्टैंड बना है जहां साधन पकड़ने जाने के लिए यात्रियों को भारी सामानों को लेकर पैदल जाना पड़ रहा है। दावा किया गया था कि जरूरत पड़ने पर एयरपोर्ट यात्रियों को घर तक पहुंचाने के लिए स्पेशल परमिट दिए जाएंगे। लेकिन यात्रियों को यह सुविधा न मिलने से उन्हें सामान सहित पैदल ही कानपुर रोड तक आना पड़ रहा है। दो दर्जन टैक्सियों को रेंटेड पास दिए थे लेकिन उससे भी यात्रियों की समस्या दूर नहीं हुई।

# आतंकवाद विषयक सेमिनार में धर्मगुरुओं ने रखे विचार

## शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद, यासूब अब्बास और मुस्तफा मदनी ने किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड, शिया उलेमा असेम्बली, उलेमा-ए-हिन्द और एनुल हयात ट्रस्ट जैसे 30 से ज्यादा संगठनों ने बुधवार रात छोटे इमामबाड़े में "आतंकवाद क्या है.." विषयक सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार में रघुकुल शक्तिपीठ और रामानन्द फाउंडेशन अयोध्या के पीठाधीश्वर स्वामी आनंद नारायण महाराज, शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद, मौलाना यासूब अब्बास, जहांगीर आलम कासमी, आशीष कपूर और तेजवीर सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि इजराइल-गाजा युद्ध के एक साल के अंतराल में 42 हजार से ज्यादा निर्दोष नागरिक मारे गए। इजराइल की बमबारी में लेबनान में 2000 लोगों की जानें गईं। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। वक्ताओं ने कहा कि आश्चर्य इस बात का है कि बावजूद इसके इजराइल और अमरीका का महिमामंडन किया जा रहा है। मीडिया में फिलिस्तीनियों, लेबनानी, हिजबुल्लाह और हमास जैसे सैन्यबलों को आतंकवादी बताया जा रहा है।



छोटे इमामबाड़ा में आयोजित सेमिनार में मौजूद धर्मगुरु। अमृत विचार

सेमिनार में एडवोकेट हैदर एजाज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इज़रायल पर गाजा में नरसंहार करने की बात कही। साथ ही फिलिस्तीन में उसके बसने को अवैध करार दिया। मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि इज़राइल और अमेरिका ने फ़िलिस्तीनियों पर अत्याचार किया, उनकी ज़मीन पर अतिक्रमण किया। इज़रायल आतंकवाद का मुख्य स्रोत है।

हिज़्बुल्लाह और हमास महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस जैसे स्वतंत्रता सेनानी हैं, आतंकवादी नहीं। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि इस्लाम का आतंकवाद से कोई संबंध नहीं है। इस्लाम में एक निर्दोष व्यक्ति को मारना मानवता की हत्या माना जाता है और एक निर्दोष को बचाना पूरी मानवता को बचाने के समान माना जाता है। लेकिन पक्षपाती मीडिया हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्लाह को आतंकवादी बता रहा है, जबकि भारतीय समूह द्वारा इसे आतंकवादी समूह की सूची में नहीं रखा गया है। भारत को हसन नसरल्लाह और ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी का एहसानमंद होना चाहिए।

जिन्होंने इराक के तिकरित में आईएसआईएस आतंकवादी समूह से 46 भारतीय नर्सों को बचाया था। मौलाना जहांगीर आलम कासमी ने कहा कि धर्म और संप्रदायों से परे मानवता के लिए एकजुट होना समय की मांग है। जब जुल्म बढ़ता है तो वह जुल्म करने वाले को खत्म कर देता है। मौलाना मुस्तफा मदनी ने कहा कि किसी भी धर्म में आतंकवाद की कोई गुंजाइश नहीं है और इस्लाम खुद आतंकवाद की अवधारणा की निंदा करता है।

इनके अलावा मौलाना सलमान नदवी, मौलाना मंजर सादिक, मौलाना इस्तफा रज़ा, मौलाना अख्तर अब्बास जॉन, मौलाना हसनैन बाकरी, मौलाना सकलैन बाकरी और डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### संयुक्त राष्ट्र व भारत सरकार को भेजे ज्ञापन

इस कार्यक्रम के आयोजकों ने भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र को आवश्यक कदम उठाने के लिए दो ज्ञापन भी भेजे हैं। भारत सरकार को भेजे गए ज्ञापन में फिलिस्तीन के लिए अपने रुख की पुष्टि करने तथा मीडिया चैनलों को लेबनानी मिलट्री समूह हिजबुल्लाह और फिलिस्तीनी प्रतिरोधी बल हमास को आतंकवादी समूह के रूप में लेबल न करने की मांग की गई है।

# विजयादशमी पर योगियों की अदालत में दंडाधिकारी होंगे आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गोरक्षपीठ में नाथपंथ की अवधूत भेष 12 पंथ योगियों की पात्र पूजा के बाद विवादों पर देंगे निर्णय

**अमृत विचार :** गोरक्षपीठ में विजयादशमी का दिन एक और मायने में भी विशेष होता है। इस दिन यहां नाथपंथ की अवधूत भेष 12 पंथ योगियों की पात्र पूजा के बाद लगने वाली अदालत में गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संत योगियों के विवादों पर सुनवाई करेंगे और दोषियों को दंड देंगे।

नाथपंथ की परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है। मुख्यमंत्री नाथपंथ की शीर्ष संस्था अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष 12 पंथ योगी महासभा के अध्यक्ष भी हैं। इस पद पर वह दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं।

गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी को पात्र पूजा का कार्यक्रम होता है। इसमें गोरक्षपीठाधीश्वर संतों के आपसी विवाद सुलझाते हैं।



विवादों के निस्तारण से पूर्व संतगण पात्र देव के रूप में योगी आदित्यनाथ का पूजन करते हैं। पात्र देवता के सामने सुनवाई में कोई भी झूठ नहीं बोलता है।

पात्र पूजा संत समाज में अनुशासन के लिए भी जाना जाता है। यदि किसी संत के विरुद्ध कोई शिकायत सही पाई जाती है या नाथ परंपरा के विरुद्ध किसी गतिविधि में संलिप्त मिलता है तो गोरक्षपीठाधीश्वर संबंधित संत पर कार्रवाई का निर्णय लेते हैं। सजा व माफी दोनों का अधिकार पात्र देवता को होता है। पात्र पूजा के दौरान संतों की अदालत करीब तीन घंटे लगती है। इस दौरान किसी को भी पूजा परिसर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती। पूजा में केवल वही संत व पुजारी हिस्सा लेते हैं, जिन्होंने नाथ पंथ के किसी योगी से दीक्षा ग्रहण की है। पूजा के दौरान सभी को अपने गुरु का नाम बताना पड़ता है।

### आज से तीन दिन विशिष्ट आराधना में लीन रहेंगे मुख्यमंत्री योगी

शिवावतार गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ गोरखपुर में शारदीय नवरात्र में गुरुवार से गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनवरत तीन दिन अनुष्ठान और आराधना में लीन रहेंगे। अष्टमी की शाम गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे। जबकि शुक्रवार को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन करेंगे। शनिवार को गुरु गोरक्षनाथ के विशिष्ट पूजन व गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव के बाद सायंकाल विजयादशमी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### 100 से अधिक लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के बाहर भाजपा की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने 100 से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के लिए प्रमुख स्थानों पर शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में रजनीश गुप्ता, उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, अन्नू मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर एमएलसी मुकेश शर्मा ने सेंट्रल बार काउंसिल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान विधि प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रशांत सिंह अटल, महानगर संयोजक केके मिश्रा, सहसंयोजक रोहित पवार आदि मौजूद रहे।

## कांशीराम ने बुलंद की वंचितों की आवाज : विश्वनाथ पाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुरानी जेल रोड स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर बसपा लखनऊ मंडल की ओर से परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान बुद्ध पूजा के बाद कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि कांशीराम ने समाज के दबे-कुचले लोगों की आवाज बुलंद की। वह मान-सम्मान के लिए आखिरी दम तक लड़ते रहे। कार्यक्रम में बसपा संस्थापक से जुड़े संस्मरणों को भी साझा किया गया। इस मौके पर मंडल प्रभारी लखनऊ डॉ. विजय प्रताप, मंडल प्रभारी पूर्व विधान परिषद सदस्य समसुद्दीन राइन, पूर्व एमएलसी अतर सिंह राव, जिला प्रभारी गंगा राम गौतम आदि मौजूद रहे।

## सही संविधानवादी न सच्चे देशभक्त हैं भाजपा-कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, नई दिल्ली

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस न सही संविधानवादी हैं और न ही सच्ची देशभक्त हैं। इन दलों के षडयंत्र के कारण बसपा की स्थिति खराब हुई है।

बसपा संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बसपा प्रमुख नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये बसपा प्रमुख ने कांशीराम को नमन कर बहुजन समाज को सावधान करते हुए कहा कि गांधीवादी कांग्रेस व आरएसएसवादी भाजपा व सपा आदि हितैषी नहीं हैं, बल्कि आत्मसम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट की राह में बाधा हैं, जबकि आंबेडकरवादी बसपा उनकी सही व सच्ची मंजिल है, जो मांगने वालों से देने वाला शासक वर्ग बनाने के लिए संघर्षरत है।


मायावती

▸▸ बसपा प्रमुख ने कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर की एकजुट होने की अपील

## हत्या से पहले सर्वेंट क्वार्टर में मौजूद थे महिला समेत तीन लोग

**अमृत विचार, लखनऊः** मानकनगर के स्लीपर ग्राउंड रेलवे कालोनी में लापता 46 वर्षीय महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पुलिस को कई चौंकाने वाली जानकारियां मिली हैं। वारदात से पहले रविवार देर शाम आलमबाग स्लीपर ग्राउंड कालोनी में रामू सर्वेंट क्वार्टर में एक अन्य महिला और दो पुरुष गए थे। पुलिस यह पता करने में जुटी है कि कमरे में जाने वाली दूसरी महिला और दो अन्य पुरुष कौन थे। फिलहाल पुलिस एक महिला समेत चार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बुधवार को पुलिस ने घटनास्थल के आस पास रहने वाले कुछ अन्य लोगों बयान भी दर्ज किए।

## छात्रा का पीछा करते हुए घर तक पहुंचे शोहदे, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पारा स्थित स्कूल से लौट रही छात्रा का पीछा करते हुए शोहदे घर तक पहुंच गए। छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने घर पहुंच कर परिवार को जानकारी दी। जिस पर भाई और पिता ने बाइक सवारों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी भाग निकले। छात्रा के पिता ने पारा कोतवाली में तहरीर दी है। वहीं, कैंट के बनिया मोहाल में छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गई।

पारा निवासी मजदूर की बेटी इंटर की छात्रा है। पीड़िता ने बताया कि सोमवार को कॉलेज से घर लौटते वक्त बाइक सवार युवकों ने उसे रोक कर छेड़छाड़ की थी। घर का पता पूछा था। किसी तरह वह भाग निकली। मंगलवार को कॉलेज से निकले ही शोहदे दोबारा से पीछा करने लगे। वह लोग छात्रा के पीछे घर तक आ गए थे। पिता ने बताया कि विरोध करने पर आरोपी गाली गलौज करते हुए भाग गए। वहीं, कैंट के बनिया मोहाल निवासी यश केसरवानी मंगलवार दोपहर घर के बाहर खड़े थे। तभी मोहल्ले की तीन लड़कियां कॉलेज से घर लौट रही थीं। तीन युवक छेड़छाड़ करने लगे। यश के विरोध करने पर शोहदों ने उन पर डण्डे से हमला कर दिया।

## उन्नति को समाज के अंगों का सम्मिलित रूप से कार्य करना आवश्यक : गोस्वामी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कानून और फॉरेंसिक के बीच समन्वय विषय पर कार्यशाला संपन्न

**अमृत विचारः** फॉरेंसिक साइंस के माध्यम से सच्चाई को वैज्ञानिक रूप से कानून के समक्ष लाकर पीड़ित को न्याय दिलाने में सहयोग करना ही उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस का मुख्य उद्देश्य है। इसी परिपेक्ष्य में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में कानून और फॉरेंसिक के बीच समन्वय विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने कार्यशाला के समापन के मौके पर कहा कि समाज में जितनी अच्छाई होगी, समाज उतना ही उन्नति करेगा। समग्र उन्नति के लिए समाज के सभी अंगों को सम्मिलित रूप से कार्य करना जरुरी है। यूजीसी सदस्य एवं एनआईईपीए दिल्ली की कुलपति प्रो. शशिकला वंजारी, विशिष्ट अतिथि आरएमएलयू के डा. अमर पाल सिंह, डा. दिनेश शर्मा विभागाध्यक्ष केएम राजकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय गौतमबुद्ध नगर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग। अमृत विचार

### कुशमिटा प्राथमिक विद्यालय को दी सामग्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज के कुशिमटा गांव के प्राथमिक विद्यालय में स्कूल की प्रधानाध्यापक रेनू त्रिपाठी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें ग्राम प्रधान सरिता, विपिन कुमार, बीईओ सुशील कुमार, मुकेश तिवारी व अनीता भंडारी उपस्थित रहीं। विभूतिखंड गोमती नगर स्थित साईं धाम ट्रस्ट के संस्थापक अमित शर्मा से मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन व समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने प्राथमिक विद्यालयों में सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। प्रधानाध्यापक से संपर्क कर संस्था ने स्कूल बैग, पेडेस्टल फैन, स्टेशनरी, टिफिन बॉक्स, खानपान हेतु सामग्री, वॉटर कूलर, कैरम बोर्ड, बैडमिंटन आदि उपलब्ध कराए। 100 कुष्ठ रोगियों को गोद लेने के आग्रह को संस्था पहले ही स्वीकार कर चुकी है। अमित ने बताया कि उनकी संस्था के मंदिर प्रांगण में 153 बच्चें नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करते हैं।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर इलाके में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल वाले अंतिम संस्कार की तैयारी में थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। विसरा और हार्ट सुरक्षित रखा गया है। महानगर के रहीमनगर निवासी गुंजन शर्मा (26) की मंगलवार दोपहर घर में अचानक तबीयत खराब हो गई। पति रत्नेश उन्हें अस्पताल ले गए, वहां उनकी मौत हो गई। पति व ससुराल घर आकर अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। भाई बबलू ने बताया कि आठ साल पहले बहन गुंजन की शादी हुई थी। मोहल्ले वालों से खबर मिलने पर वे लोग बहन की ससुराल पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। गुंजन के पति फर्नीचर बनाने का काम करते हैं। उनका एक बेटा है।

### पूर्व शिक्षा निदेशक की जमीन पर कब्जा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व शिक्षा निदेशक व लोक सेवा आयोग के सदस्य अमृत प्रकाश ने छह लोगों पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मोहनलालगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीजीआई के उतरेठिया निवासी अमृत प्रकाश ने बताया कि मोहनलालगंज के डेहवा में जमीन खरीदी थी है, जिस पर 1 अक्टूबर को दबंगों ने कब्जा कर लिया। मामले की शिकायत डीसीपी साउथ से की थी। आदेश पर पुलिस ने इजराउल हक, फैज, योगेंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव, सुरेश व रावेंद्र पासवान पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी से गैंगरेप करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चौथा आरोपी नितिन अभी फरार है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि सुल्तानपुर लम्भुआ निवासी गौरव, विपिन पाल और निखिल यादव को बसेरा एंक्लेव के पास से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी नितिन ने बताया कि बड़े भाई निखिल की दोस्ती रायबरेली निवासी किशोरी से थी। जिसे शादी करने की बात निखिल ने कही थी। आरोपी ने मुलाकात के बहाने किशोरी को बुलाया और दुष्कर्म किया था। इंस्पेक्टर के मुताबिक निखिल के बुलावे पर पहुंची किशोरी के साथ नितिन, विपिन और गौरव ने गैंगरेप किया था।

## 90 लाख में एक भी रुपये खर्च नहीं, लगाई फटकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** काकोरी और गोसाईंगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य नहीं कराए गए। 90 लाख रुपये बजट में एक भी रुपये खर्च नहीं किया गया। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने सचिवों को फटकार लगाई।

बुधवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में जिला पंचायत राज अधिकारी ने दोनों ब्लॉक में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की। पूर्व की बैठक में गैरहाजिर रहे सचिव नोटिस जारी करके बुलाए गए। समीक्षा के दौरान कार्रवाई की चेतावनी देकर ठोस व तरल का बजट तीन दिन में खर्च करने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्र व राज्य वित्त के कार्य एक सप्ताह के पूर्ण कराकर भुगतान करने का समय दिया।

# 12 ड्राइविंग ट्रेनिंग सेटरों के लिए मारूति सुजुकी से एमओयू

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▸▸ परिवहन मंत्री दयाशंकर की मौजूदगी में किए गए हस्ताक्षर

▸▸ ट्रेनिंग सेंटरों में 8 प्रकार के टेस्ट की व्यवस्था भी होगी

**अमृत विचार :** प्रदेश के 10 डीटीटीआई (ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट) और दो एडीटीटी पर सीएसआर फंड से निःशुल्क आटोमेशन करने के लिए बुधवार को परिवहन विभाग और मारूति सुजकी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि एमओयू सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

परिवहन मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सबसे अधिक हाईवे वाला प्रदेश है। इसे देखते हुए सड़क सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। इसी के चलते 12 जगहों पर ड्राइविंग के लिए इस्टीट्यूट के लिए मारूती सुजकी के साथ एमओयू किया गया है। मुरादाबाद, मेरठ, बस्ती, मिर्जापुर, बरेली, झांसी, अलीगढ़, देवीपाटन-गोण्डा, आजमगढ़ और मुजफ्फरनगर में डीटीटीआई व आजमगढ़ ,प्रतापगढ़ में एडीटीटी के संचालन किया जाएगा।

मारूति सुजकी 12 ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीटयूट उपलब्ध करायेगा। सेंटरों पर 8 प्रकार के टेस्ट की व्यवस्था भी होगी। अब प्रदेश में 17 ड्राइविंग ट्रेनिंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट संचालित होंगे। अपर मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू सड़क दुर्घटना होने पर मौके पर अधिकारियों को पहुंचने और घायल के बेहतर इलाज सुनिश्चित करने की बात कही।

# फिर विदेश में महकेगा गैर बासमती चावल

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ कोराना काल में निर्यात पर लगा प्रतिबंध हटा, इस वर्ष अधिक पैदावार की संभावना

**अमृत विचार :** प्रदेश में होने वाला गैर बासमती चावल फिर से विदेश में महकेगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने कोरोना काल में निर्यात पर लगाया प्रतिबंध हटा दिया है। इससे 2020 के बाद से गैर बासमती चावल का निर्यात शुरू हो जाएगा।

यह कदम इस वर्ष कई राज्यों में धान की अधिक पैदावार का अनुमान होने पर के कारण उठाया गया है। वहीं, पिछले वर्ष का धान भी किसानों के पास रखा हुआ है। जिसकी उपलब्धता अधिक होने के कारण बाजार में बिक्री नहीं है और दाम भी सामान्य हैं।

आगे और हालात न खराब हों इसलिए गैर बासमती के निर्यात को बढ़ावा दिया गया है। इससे समय से बिक्री होगी और किसानों को अच्छे दाम मिलेंगे। सर्वाधिक उत्पादन से उपलब्धता में कमी नहीं आएगी। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय किसानों व किसान उत्पादक संगठन को प्रोत्साहित करेगा।

> सरकार ने गैर बासमती के निर्यात से प्रतिबंध हटा दिया है। इससे निर्यात बढ़ेगा और किसानों को फायदा होगा। कृषि निर्यात नीति के तहत निर्यात करें और परिवहन व्यय पर अनुदान पाएं।
>
> – डॉ. सुग्रीव शुक्ल, उपनिदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय

### बासमती को बढ़ावा देने के लिए निर्यात पर लगा था प्रतिबंध

कोरोना से पहले देश से बासमती चावल और गैर बासमती चावल दोनों का निर्यात होता था। इसमें बासमती को बढ़ावा देने पर सरकार का हमेशा जोर रहा। लेकिन, गैर बासमती की अधिक उपलब्धता और कम दाम के कारण निर्यात अधिक हुआ। इस वजह से बासमती का निर्यात हर वर्ष गिरता गया। जिसे बढ़ाने के लिए सरकार ने गैर बासमती की तमाम प्रजातियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था। इससे तीन साल में बासमती चावल की पैदावार और निर्यात में कई गुना इजाफा हुआ था।

**25** फीसद मिलेगा परिवहन व्यय पर अनुदान

बासमती हो या गैर बासमती या फिर अन्य कृषि उत्पाद, निर्यात करने पर जो परिवहन व्यय आएगा उस पर 25 फीसद धनराशि प्रोत्साहन के तौर पर निर्यातकों को दी जाएगी। अनुदान राशि की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये तक है। यह बढ़ा अनुदान भी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष लागू हुआ है।

**25** लाख होगी अधिकतम सीमा


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,सिंचाई खण्ड, सीतापुर

### ई–नीलामी सूचना संख्या–01

ई–नीलामी सूचना संख्याः–01/सिं0खं0सी0/2024–25 दिनांक 2024

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, (शारदा सहायक) सिंचाई विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक सी0–659 दिनांक 03.11.2023 मे दिये गये निर्देश के अनुपालन में एवं जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर के आदेश दिनांक–30.09.2024 के क्रम में शारदा सहायक पोषक नहर के कि0मी0 26.500 से कि0मी0 98.650 के मध्य विभिन्न रींचों मे आगामी बन्दी अवधि माह अक्टूबर/नवम्बर, 2024 में निम्नानुसार रीचवार पोषक नहर की तलहटी में जमा सिल्ट/साधारण बालू को नीलामी हेतु अधोलिखित शर्तो के अन्तर्गत निस्तारित किये जाने हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई–नीलामी की कार्यवाही ई–निविदा पोर्टल etender.up.nic.in के माध्यम से की जाएगी। नीलामी आमन्त्रण की कार्य योजना एवं अवधि निम्नानुसार सम्पादित की जाएगीः–

| क0 सं0 | किमी0 से | किमी0 तक | नहर की साइड | सुरक्षित रूप से निकाली जाने वाली सिल्ट की मात्रा (घनमीटर मे) लम्बाई (मी0) | चौड़ाई (मी0) | गहराई (मी0) | कुल मात्रा (घनमी0) | अनुसूची के अनुसार निर्धारित दर (रायल्टी प्रति घनमीटर मे) | अनुसूची के अनुसार निर्धारित दर से सम्भावित मात्रा के आधार पर आकलित कुल रायल्टी (रूपये मे) | ई0एम0डी0 के रूप मे जमा की जाने वाली धनराशि (रायल्टी का 50 प्रतिशत) रूपये मे। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | किमी0 26.500 से | किमी0 27.900 तक | RFC | 1400.00 | 30.00 | 0.30 | 12600.00 | 55.00 | 693000.00 | 346500.00 |
| 2 | किमी0 30.500 से | किमी0 32.000 तक | RFC | 1500.00 | 30.00 | 0.30 | 13500.00 | 55.00 | 742500.00 | 371250.00 |
| 3 | किमी0 32.500 से | किमी0 34.000 तक | RFC | 1500.00 | 30.00 | 0.30 | 13500.00 | 55.00 | 742500.00 | 371250.00 |
| 4 | किमी0 42.000 से | किमी0 42.850 तक | RFC | 850.00 | 30.00 | 0.30 | 7650.00 | 55.00 | 420750.00 | 210375.00 |
| 5 | किमी0 42.950 से | किमी0 43.700 तक | RFC | 750.00 | 30.00 | 0.30 | 6750.00 | 55.00 | 371250.00 | 185625.00 |
| 6 | किमी0 43.900 से | किमी0 45.400 तक | RFC | 1500.00 | 30.00 | 0.30 | 13500.00 | 55.00 | 742500.00 | 371250.00 |
| 7 | किमी0 45.500 से | किमी0 46.000 तक | RFC | 500.00 | 30.00 | 0.30 | 4500.00 | 55.00 | 247500.00 | 123750.00 |
| 8 | किमी0 48.700 से | किमी0 49.900 तक | RFC | 1200.00 | 30.00 | 0.30 | 10800.00 | 55.00 | 594000.00 | 297000.00 |
| 9 | किमी0 84.850 से | किमी0 86.700 तक | RFC | 1850.00 | 30.00 | 0.25 | 13875.00 | 55.00 | 763125.00 | 381563.00 |
| 10 | किमी0 60.800 से | किमी0 61.800 तक | RFC | 1000.00 | 30.00 | 0.20 | 6000.00 | 55.00 | 330000.00 | 165000.00 |
| 11 | किमी0 64.000 से | किमी0 65.000 तक | RFC | 1000.00 | 30.00 | 0.20 | 6000.00 | 55.00 | 330000.00 | 165000.00 |
| 12 | किमी0 67.000 से | किमी0 68.500 तक | RFC | 1500.00 | 30.00 | 0.25 | 11250.00 | 55.00 | 618750.00 | 309375.00 |
| 13 | किमी0 71.000 से | किमी0 73.000 तक | RFC | 2000.00 | 30.00 | 0.25 | 15000.00 | 55.00 | 825000.00 | 412500.00 |
| 14 | किमी0 89.000 से | किमी0 91.030 तक | RFC | 2030.00 | 30.00 | 0.30 | 18270.00 | 55.00 | 1004850.00 | 502425.00 |
| 15 | किमी0 91.130 से | किमी0 94.350 तक | RFC | 3220.00 | 30.00 | 0.30 | 28980.00 | 55.00 | 1593900.00 | 796950.00 |
| 16 | किमी0 94.450 से | किमी0 98.650 तक | RFC | 4200.00 | 30.00 | 0.30 | 37800.00 | 55.00 | 2079000.00 | 1039500.00 |

| | |
|---|---|
| ई–टेण्डर पोर्टल पर आवेदन अपलोड करने की अवधि | दिनांक 11.10.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे से दिनांक–19.10.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे तक। |
| ई–टेण्डर/नीलामी खोलने की स्थान व तिथि। | कार्यालय राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र सीतापुर में दिनांक 19.10.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे। |

यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http//upgov.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइड http//information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइडhttp//irrigation.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

UP-220526 दिनांक 08.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड सीतापुर

# भड़काऊ भाषण पर करें सख्ती साम्प्रदायिक सौहार्द न बिगड़े

## अधिकारियों की अगुवाई में सार्वजनिक स्थलों पर रात से ही फुट पेट्रोलिंग शुरु

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि भड़काऊ भाषण देकर प्रदेश का माहौल खराब करने वाले व्यक्तियों से सख्ती से निपटा जाये। सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखी जाये। शरारती तत्वों द्वारा एक समुदाय की ओर से दूसरे समुदाय पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी अथवा पुराने वीडियो पोस्ट कर जानबूझकर माहौल खराब करने तथा किसान संगठनों की ड्रेस पहनकर टोल फ्री कराने व कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न करने की घटनायें प्रकाश में आ रही है, ऐसे लोगों को चिन्हित कर कठोरतम कार्यवाही हो।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर यह निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी स्थिति में साम्प्रदायिक सौहार्द नहीं बिगड़ने देना है। बुधवार शाम से ही पुलिस और प्रशासन की उपस्थिति सार्वजनिक स्थलों पर दिखनी चाहिये। खासकर शहरों, कस्बों व खासतौर पर उन इलाकों में जहां पर पण्डाल आदि लगे हुए हैं, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा फ्लैग मार्च भी किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों का अवकाश स्वीकृत न किया जाये। यह भी कहा कि धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर चर्चा की की जाये कि वह आपत्तिजनक टिप्पणी कर दूसरे धर्म की भावनाओं को आहत न करें। इसी प्रकार किसान संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक इस बारे में चर्चा की जाये।

उन्होंने कहा कि विभागीय महिला व बालिका छात्रावासों तथा ऐसे स्थान जहां महिलायें व लड़कियां पढ़ने व नौकरी के लिये निवास कर रही हैं, की पड़ताल कर यह सुनिश्चित कराया जाये कि वहां पर सुरक्षा के समुचित प्रबंध हो।


लोकभवन में मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार।

### ड्रोन से रखें निरन्तर नजरः प्रशांत कुमार

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि यह सुनिश्चित कराया जाये कि पुरुष एवं महिला बीट भ्रमणशील रहे। पीआरवी वाहन द्वारा गश्त के दौरान फ्लैशर लाइट व हूटर का प्रयोग किया जाये। आयोजकों से सम्पर्क व समन्वय बनाया रखा जाये। ड्रोन आदि से लगातार मॉनीटरिंग रखी जाये। उन्होंने कहा, पुलिस विभाग में मैनपावर की कहीं कोई कमी नहीं है। हर स्तर तक सभी पुलिस कर्मियों को सक्रिय कर उनकी पूरी क्षमता के अनुरूप कार्य लिया जाये।

### गर्ल्स हॉस्टल की सुरक्षा परखें: दीपक कुमार

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने कहा कि महिला पुलिस अधिकारी गर्ल्स हॉस्टल का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल करें। वार्डेन के सम्पर्क में रहें। अर्बन नक्सल पर भी इंटेलीजेन्स नजर रखे। वहीं, एडीजी ला एण्ड ऑर्डर अमिताभ यश ने कहा कि त्योहारों में नकबजनी व चोरी की घटनायें बढ़ जाती है। ऐसे स्थान जहां बीते वर्षों में चोरी व नकबजनी जैसे अपराध हुए हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाये। अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए वान्टेड क्रिमिनल की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाया जाये। बैठक में सचिव गृह संजीव गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

# जितने ज्यादा सदस्य बनाएंगे, उतनी अहम जिम्मेदारी मिलेगी

## भाजपा में सांगठनिक पदों पर दायित्व बदलने का नया फार्मूला तय, सक्रिय और युवा टीम को सौंपी जाएगी कमान

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** हरियाणा में विजय पताका फहराने के बाद भाजपा के शीर्ष नेताओं का फोकस उत्तर प्रदेश में नए ऑपरेशन पर है। इसका मानक लोकसभा में खराब प्रदर्शन को लेकर हुए शिकवा-शिकायतों के बजाय सदस्यता अभियान में सफलता-असफलता के ताजा आंकड़े होंगे। नए सदस्य बनाने में जिसकी जितनी संख्या भारी होगी, उतनी ही उसकी सांगठनिक अहम पदों पर दावेदारी होगी। यानि नए उत्तर प्रदेश के लिए सक्रिय और युवा टीम को कमान सौंपी जाएगी।

लोकसभा चुनाव में प्रदेश के परिणाम भाजपा के अनुकूल नहीं रहे। इसके पीछे हुई समीक्षा दर समीक्षा और तमाम स्तर की रिपोर्टों के बाद भी किसी की न जिम्मेदारी तय हो पाई न ही कार्रवाई हुई। पहले खराब प्रदर्शन के बाद 50 से अधिक जिलाध्यक्षों को हटाने की बात हो रही थी, लेकिन तमाम रिपोर्ट में जब जिलाध्यक्ष के बजाय हराने में सांसदों-प्रत्याशियों से नाराज विधायकों, महापौर आदि चुने हुए जनप्रतिनिधियों की लामबंदी सामने आई तो अनिर्णय के हालात उत्पन्न हो गए। यहीं नहीं, हारे हुए सांसद ही कई जिलाध्यक्षों के बचाव में खड़े थे। तमाम नेताओं-कार्यकर्ताओं के बगावत के मामले में कोई उन्हें हटाना चाहता था, तो कोई बचाव में पेशबंदी करता दिखा।

इसीलिए अब सदस्यता अभियान की कसौटी से बड़े पैमाने पर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। 15 अक्टूबर को अभियान पूरा होते ही 16 अक्टूबर से पार्टी के सक्रिय सदस्य बनने का अभियान चलेगा। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 साधारण सदस्य बनाने हैं, और बूथ स्तर तक 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया में अधिकाधिक सदस्य बनाने वालों को ही जिला-महानगर से लेकर बूथ कमेटियों की जिम्मेदारी मिलेगी। इसकी शुरुआत सबसे पहले बूथ अध्यक्षों के चयन से होगी।

लिहाजा पार्टी ने शीर्ष स्तर से ही तय किया है कि सदस्यता अभियान में जिसके द्वारा बनाए गए सक्रिय सदस्यों की संख्या अधिक होगी, उसकी सांगठनिक पदों पर दावेदारी मजबूत होगी। ताजपोशी में विरोध करने वाले अपने आप गौण हो जाएंगे। सभी सांसद-विधायक व पूर्व के जनप्रतिनिधियों और बड़े नेताओं समेत कार्यकर्ताओं की सक्रियता को देखते हुए उन्हें संगठन के साथ आयोग, निगमों, प्रकोष्ठों में स्थान दिया जाएगा।

### मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी गंवाएंगे कुर्सी

पार्टी के शीर्ष सूत्रों का कहना है कि बदलाव का असर केवल बूथ-मंडल, जिला-महानगर तक ही नहीं दिखेगा, बल्कि खराब प्रदर्शन करने वाले मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी कुर्सी गंवाएंगे। प्रदेश संगठन में जमे ऐसे तमाम दिग्गज भी नए फार्मूले पर धराशायी होते दिखेंगे, जो लोग एसी कमरे से बाहर नहीं निकलते है, और नए सदस्य जोड़ने में कोई रुचि लेते नहीं दिखते हैं।

### आखिरी हफ्ते में सुस्ती न टूटी तो होंगे किनारे

सदस्यता अभियान का अब आखिरी सप्ताह में भी सुस्ती न टूटी तो सांसद-विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष और निकाय समेत त्रिस्तरीय पंचायत में भाजपा के समर्थन से जीते लोगों के टिकट अगले चुनाव में बदले जा सकते है। सदस्यता का लक्ष्य पाने में जिन लोगों ने इसमें रुचि कम दिखाई उनकी समाज व जनता में स्वीकार्यता कैसे मानी जाएगी।

# महाकुंभ 2025 : संस्कृति ग्राम व 10 पर्यटन सूचना केंद्र बनेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ मेला क्षेत्र में समुद्र मंथन के 14 रत्नों पर आधारित 30 अस्थायी थीमैटिक गेट बनाए जाएंगे**

**अमृत विचार :** प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के लिए संस्कृति ग्राम व 10 पर्यटन सूचना केंद्र बनाए जाएंगे। मेला क्षेत्र में समुद्र मंथन के 14 रत्नों पर आधारित 30 अस्थायी थीमैटिक गेट भी बनाए जाएंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति ग्राम को छह जोन में बांटा जाएगा। यहां महाकुंभ के प्राचीन विरासत व गौरवगाथा और पौराणिक कथा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें महाकुंभ की ऐतिहासिक यात्रा, ज्योतिष विज्ञान पर प्रदर्शनी, कला संबंधी प्रदर्शनी, पाक कला व्यंजन संबंधी प्रदर्शनी व डिजिटल माध्यमों से कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। संस्कृति ग्राम की स्थापना के लिए आठ निजी संस्थाओं से प्रस्ताव मिले हैं। 30 अस्थायी थीमैटिक गेट की स्थापना के लिए 10 फर्मों से 600 गेटों की डिजाइन ली की गई है। मेला क्षेत्र में इंडिया स्टेट पवेलियन की स्थापना की जाएगी। मुख्य थीम मकर संक्रांति से बैशाखी पर्व के मध्य पड़ने वाले पारम्परिक त्योहारों पर आधारित होगी। इसके अलावा प्रदर्शनी के लिए 35 बूथ बनाए जाएंगे जिसमें फूड जोन, कार्यशाला,व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच बनेगा।

# बर्खास्त व जबरिया सेवानिवृत बैंक कर्मचारियों को भी मिलेगी पेंशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**1500 से अधिक को लाभ**

**▸▸ सुप्रीम कोर्ट के आदेश से 01 नवंबर 1993 के बाद रिटायर-बर्खास्त कर्मियों मिलेगी पेंशन**

**अमृत विचार :** बैंकिंग इतिहास में पहली बार बर्खास्त और अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए कर्मियों को भी पेंशन मिलेगी। यह सुविधा प्रदेश के तीन ग्रामीण बैंक समेत देश के सभी ग्रामीण बैंकों के कर्मचारियों के लिए होगी। इससे प्रदेश के 1500 से अधिक कर्मचारी लाभांवित होंगे।

यूनाइटेड फोरम ऑफ ग्रामीण बैंक यूनियंस के राष्ट्रीय संयोजक डीएन त्रिवेदी ने बताया कि भारत सरकार ने सभी ग्रामीण बैंक को पेंशन रेगुलेशन 2018 में संशोधन कर वंचित रिटायर कर्मचारियों को पेंशन पाने की पात्रता प्रदान करने के लिए नोटिफिकेशन कराने का निर्देश जारी कर दिया है। पेंशन से वंचित सभी रिटायर कर्मचारियों को अपने बैंक के वेबसाइट से पेंशन ऑप्शन फार्म डाउनलोड कर संबंधित बैंक के प्रधान कार्यालय या क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करना होगा।

सरकार ने यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जारी किया है, जिसमें एक नवंबर 1993 के बाद ग्रामीण बैंकों के अनिवार्य सेवानिवृत्त, बर्खास्त कर्मियों को पेंशन देने का निर्देश है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने देश के सभी 43 ग्रामीण बैंकों के प्रबंधन को पेंशन भुगतान संबंधी निर्देश दिए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा स्पष्ट किया गया कि ग्रामीण बैंक पेंशन रेगुलेशन-2018 के तहत उन सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन दी गई थी, जो एक अप्रैल 2010 के पूर्व सेवा में थे। परन्तु उच्चतम न्यायालय के 12 अगस्त 2024 को दिए गए आदेश के अनुसार अब एक नवंबर 1993 के बाद सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन का भुगतान करना है। इसमें सेवानिवृत्त, मृत, अनिवार्य सेवानिवृत्त, त्याग पत्र देने वाले, बर्खास्त, पेंशन विकल्प पत्र नहीं दे पाने या पीएफ की राशि नहीं लौटाने वाले सभी रिटायर कर्मचारी शामिल हैं।

# दिनभर फोन पर लगी रहती थी तो पत्नी को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** गुजैनी थानाक्षेत्र के अंबेडकरनगर में किराना व्यापारी हरीशंकर अग्निहोत्री ने पत्नी पुष्पांजलि उर्फ पूजा देवी की हथौड़े से वार करके हत्या की थी। पुलिस ने हत्यारोपी पति हरीशंकर अग्निहोत्री को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पति ने पुलिस को बताया कि पुष्पांजलि दिनभर फोन पर बात करती रहती थी। मना करने पर लड़ती थी। कानपुर देहात के थाना शिवली मैथा कोड़वा ग्राम निवासी संजय दीक्षित ने बताया कि उन्होंने अपनी इकलौती बहन 32 वर्षीय पुष्पांजलि उर्फ पूजा देवी का विवाह 4 दिसंबर 2011 को गुजैनी के अंबेडकर नगर एलआईजी 85 निवासी किराना व्यापारी हरीशंकर अग्निहोत्री से किया था। उनके एक 11 वर्षीय बेटा है। भाई संजय दीक्षित ने बताया था कि शादी के कुछ महीने बाद से हरीशंकर बहन से मायके से रुपये मंगाने लगा था। आए दिन पति और ससुरालीजन पूजा को प्रताड़ित करते थे। सोमवार रात पति नशे में धुत होकर घर पहुंचा और घर में लगे सीसीटीवी बंद करके पत्नी पूजा से गालीगलौज करने लगा। उसने विरोध किया तो हथौड़े से सिर और चेहरे पर वार करके उसे मार डाला।

# हास्टल में लटकता मिला इंजीनियरिंग छात्र का शव

**तिर्वा, कन्नौजः** इंजीनियरिंग कॉलेज के हास्टल में रह रहे छात्र का फंदे पर शव लटका मिला। इससे कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कालेज प्रशासन ने परिजनों को सूचना दी है। कोतवाली क्षेत्र के अहेर गांव के पास स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पड़ोसी जनपद हरदोई के मल्लावां थाना क्षेत्र के भरवाराखेड़ा गांव के रहने वाले लालबहादुर का पुत्र अश्वनी (25) कंप्यूटर साइंस का फाइनल इयर का छात्र था। वह हास्टल में रह रहा था।

# हर वर्ष एक लाख लोगों को मिलेगी वित्तीय मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ प्रमुख सचिव ने हर साल एक लाख सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना को बनाई मैकेनिज्म की रणनीति**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के जरिए युवाओं के सपनों को उड़ान देने की तैयारी तेजी से शुरू हो गई है। एमएसएमई के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने हर साल एक लाख सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना को लेकर विस्तृत मैकेनिज्म बनाने को लेकर 25 प्रमुख बैंकरों के साथ बुधवार को बैठक की। बैंकरों ने भी हर साल एक लाख लोगों को वित्तीय सहायता देने पर सहमति जताई। तय हुआ कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बैंकरों की मुलाकात कराई जाएगी।

बुधवार को लखनऊ के रेनेसां होटल में प्रमुख सचिव आलोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। स्टेट लेवल बैंकिंग कमेटी के मेंबर्स को इस योजना के बारे में जानकारी दी और प्रक्रिया से जुड़ी हुई कार्ययोजना को लेकर विस्तृत मंथन हुआ। इसमें, समन्वय समिति की स्थापना समेत प्रक्रिया से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने की रूपरेखा तय की गई।

एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव ने प्रदेश में कार्यरत 25 प्रमुख बैंकों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों को बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बैंक ॠण के माध्यम से सालाना 1,00,000 व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित है जिससे हर साल 1 लाख सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना का एक विस्तृत मैकेनिज्म प्रदेश में तैयार होगा। इस पहल का उद्देश्य अगले दशक में 10 लाख लोगों को सीधे लाभ पहुंचाना है, जो बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

बैठक में अभियान के अंतर्गत पात्रता मापदंडों के अतिरिक्त ॠण देने की ब्याज दर, सब्सिडी व योजना के प्रचार-प्रसार को लेकर भी गहन चर्चा की गई। बैंकों ने योजना के बारे में प्रमुख तथ्य और कार्रवाई योग्य बिंदुओं पर पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चर्चा हुई।

उद्योग आयुक्त एवं निदेशक के. विजयेंद्र पांडियन, यूपीएसआईसी के एमडी राजकमल यादव, एमएसएमई विभाग के सचिव प्रांजल यादव व अन्य अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी।

## सार-संक्षेप

### साप्ताहिक ट्रेन को सांसदों ने दिखाई हरी झंडी


साप्ताहिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते लोकसभा सांसद ।

**संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे ने ट्रेन संख्या 14049/4050 पुरानी दिल्ली-गोड्डा नई साप्ताहिक एक्सप्रेस को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद लोकसभा डॉ. निशिकांत दुबे एवं सांसद लोकसभा मनोज तिवारी ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह मंडल रेल प्रबंधक दिल्ली, कर्नल विक्रम सिंह राणा अपर मंडल रेल प्रबंधक दिल्ली एवं दिल्ली मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। यह साप्ताहिक ट्रेन सोमवार को दोपहर 3 बजे दिल्ली से रवाना होगी और मंगलवार को दोपहर 3 :45 बजे गोड्डा पहुंचेगी और वापसी में यह ट्रेन बुधवार को सुबह 10 बजे गोड्डा से रवाना होगी और गुरुवार को सुबह 9 :10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। रास्ते में यह ट्रेन टूंडला जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन, जमुआ, न्यू गिरिडीह, मधुपुर जंक्शन, जसीडीह जंक्शन, देवघर, काकनी और हंसडीहा पर रुकेगी।

### रेल ट्रैक से छेड़छाड़ करने वाले पर केस दर्ज

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार :** जिले में एक बार फिर रेल ट्रैक के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। ऊंचाहार आरपीएफ इस मामले में केस दर्ज कर सच्चाई का पता लगाने में जुट गई है। ऊंचाहार आरपीएफ के जुरिडीक्शन में आने वाले इस खंड को लेकर एसओ जीआरपी विनोद कुशवाहा ने बताया सोमवार रात यहां से गुजर रही मालगाड़ी का कैटल गार्ड रेल लाइन के बिलकुल करीब पड़े स्लीपर से टकरा गया था। ड्राइवर ने ट्रेन रोक कर स्लीपर को किनारे लगवाने के बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया था। जीआरपी थाना इंचार्ज विनोद कुमार कुशवाहा के मुताबिक आरपीएफ ऊंचाहार ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है। कुशवाहा के मुताबिक लक्ष्मणपुर दरियापुर के मध्य बेनीकामा गांव के पास सोमवार की रात सतना से सीमेंट लादकर रायबरेली आ रही मालगाउड़ी का कैटल गार्ड लाईन के बिलकुल करीब रखे पत्थर से टकरा गया था। खतरा भांपते हुए पायलट ने मालगाड़ी रोक दी।

### परिवादी ने राहुल गांधी के खिलाफ दी गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में परिवादी विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया। वही बचाव पक्ष ने जिरह की। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया जिरह के लिए कोर्ट ने 17 अक्टूबर की तारीख नियत की है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसे लेकर हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन ने चार अगस्त 2018 को राहुल पर मानहानि का केस दायर किया था।

### कुशाग्र हत्याकांड में 18 अक्टूबर को अगली सुनवाई

**कानपुर, अमृत विचार :** कुशाग्र हत्याकांड में एडीजी 17 की कोर्ट में एक बार फिर जिरह हुई। बुधवार को कुशाग्र के बाबा की बहस फिर हुई। अपर जिला सत्र न्यायालय त्रिपुरारी पांडे ने आरोपियों के वकील को याद दिलाया एक वर्ष के भीतर सुनवाई पूरी होनी है। ताकि तय समय सीमा में न्याय मिल सके। मामले की सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि बयान लगभग पूरे हो चुके हैं। 18 अक्टूबर संभवत: आखिरी तारीख होगी। दिलीप ने कहा कि प्रथम गवाह पीडब्ल्यू वन के तहत अब तक सात तारीखें हो चुकी, ऐसे में अब इतना समय लग जाए तो न्याय मिलने में देरी होगी। बता दें कि कानपुर के रायपुरवा के आचार्यनगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की बीते 30 अक्टूबर 2023 को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी।

### महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ में नेत्र सर्जन गिरफ्तार

**कानपुर, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज की महिला जूनियर डॉक्टर और मेडिकल छात्राओं से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे उर्सला के नेत्र रोग सर्जन डॉ के एन कटियार को स्वरूप नगर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ महिला डॉक्टर ने स्वरूप नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर ने एफआईआर में बताया था कि उनकी ड्यूटी अक्टूबर 2023 में तीन महीने के लिए उर्सला अस्पताल में लगी थी। वहां पर नेत्र रोग विभाग में तैनात सर्जन डॉक्टर केएन कटियार उन्हें परेशान करते थे। फोन करके और वाट्सएप पर मैसेज करके धमकियां भी दीं। नशे में धुत होकर डॉक्टर केएन कटियार ने 8 और 13 अगस्त को उनके छात्रावास में स्थित कमरे का दरवाजा पीटकर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत उन्होंने छात्रावास अधीक्षक और प्राचार्य से की थी।

# सुलतानपुर में युवक की गोली मारकर हत्या

## जमीन विवाद और प्रधानी चुनाव की रंजिश की बात आई सामने, बदमाशों ने किया फायर

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में मनबढ़ अपराधियों ने 12 घंटे के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी है। मंगलवार की रात में जहां दोस्तपुर थाने के गोशैंसिंहपुर में अंडा व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी, वहीं बुधवार भोर को बल्दीराय थाने के असरखपुर गांव में शौच को गए एक युवक को बखौफ बदमाशों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के उच्चाधिकारी घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल तेज कर दी है।

घटना बल्दीराय थानाक्षेत्र के असरखपुर गांव की है। गांव निवासी इच्छानाथ यादव (30) पुत्र जगत बहादुर यादव रोज की तरह सुबह उठकर घर से बाहर शौच के लिए गया था। बताया जा रहा है कि युवक जिस स्थान पर शौच के लिए जाकर बैठा था वहां पहले से अज्ञात बदमाश घात लगाकर बैठे थे। मौका पाते ही बदमाशों ने युवक पर निशाना लगाकर गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिजन जब तक मौके पर पहुंचते बदमाश फरार हो गए थे। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। परिवार की महिलाएं भी मौके पर पहुंची और युवक को मृत अवस्था में देख सभी चीखने चिल्लाने और रोने पीटने लगी। ग्रामीणों ने सूचना थाने पर दी। जिस पर थानाध्यक्ष आरबी सुमन दल-बल के साथ पहुंचे। वहीं, एसओ से सूचना मिलते ही सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत और अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे हैं। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम किया गया है। शुरुआती जांच में प्रधानी के चुनाव की रंजिश की बात सामने आ रही है, हम जांच कर रहे हैं। जल्द ही बदमाश गिरफ्तार किए जाएंगे।

### बहनोई की हत्या में गवाह भी थे इच्छानाथ

मृतक के चचेरे भाई शिवपूजन की ओर से दी गई नामजद तहरीर में राकेश यादव, अमरजीत, अनिल कुमार निवासी महमूदपुर व अर्जुन यादव, राम अचल निवासी जोहगीर थाना बल्दीराय पर हत्या का आरोप लगाया है। शिवपूजन का आरोप है कि मेरे चचेरे भाई की जमीन व चुनाव की रंजिश आरोपियों से चल रही थी। राकेश व अमरजीत ने मृतक इच्छानाथ के बहनोई सुरेश की हत्या कर दिया था। उसी केस में इच्छानाथ गवाह था। इसी कारण आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी।

# नेपाल के सिम से मांगी थी फिरौती, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** महमूदाबाद के एक व्यापारी से रंगदारी मांगने वाले कोई विदेशी नहीं बल्कि बाराबंकी और सीतापुर जिले के दो युवक थे। दोनों ने मिलकर नेपाल के सिम की मदद से पांच लाख रुपये महमूदाबाद के प्रमुख कपड़ा व्यापारी से मांगे थे। इनकी गिरफ्तारी के बाद वारदात का खुलासा करते हुए एएसपी ने बताया है कि एक आरोपियों के पास से नेपाल का वो सिम भी बरामद कर लिया गया है, जिसकी मदद से शातिरों ने फिरौती मांगी थी। एएसपी डॉ. प्रवीण रंजन ने बताया पिछले कुछ दिनों पहले महमूदाबाद कस्बे के प्रमुख व्यापारी ॠषि जैन को धमकी मिली थी, धमकी देने वाले ने पांच लाख की मांग की। इसी के बाद महमूदाबाद में पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि रंगदारी मांगने वाले नेपाल राष्ट्र के सिम का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसकी लोकेशन सीतापुर और बाराबंकी मिल रही है। इसी के बाद बाराबंकी जनपद के थाना मोहम्मदपुर खाला स्थित सैलक जलालपुर निवासी अंग्रेज कुमार और सीतापुर जनपद के रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र स्थित बहादुरगंज निवासी मो. अहमद को गिरफ्तार किया गया।

**आस्था** मानस की रचना के साथ अयोध्या में शुरू हो गई थी रामलीला, राष्ट्रपति भवन, अफ्रीका, वेस्टइंडीज सहित कई देशों में हो चुकी अयोध्या की रामलीला

# अयोध्या से विश्व में हो रहा श्री राम की लीलाओं का प्रसार

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** विश्व में सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले काव्य ग्रंथ रामचरितमानस की रचना के साथ ही अयोध्या में रामलीला का मंचन शुरू हो गया था। शुरुआत बाबा तुलसी ने की थी। 300 वर्ष से इस परंपरा को अयोध्या के पत्थर मंदिर की रामलीला मंडली आगे बढ़ा रही है। अफ्रीका, वेस्टइंडीज, दुबई, इंडोनेशिया, बैंकॉक सहित विश्व के कई अन्य देशों में अयोध्या की रामलीला का मंचन हो चुका है। देश में राष्ट्रपति भवन व अन्य प्रदेशों में इसका मंचन हुआ। यूनेस्को के अभिलेखों में अयोध्या की रामलीला को धरोहर के रूप में शामिल किया गया है।



**यूनेस्को के अभिलेखों में धरोहर रूप में शामिल है अयोध्या की राम लीला**

दुबई में आयोजित अवध आदर्श रामलीला मंडल से मंचित अवध शैली की रामलीला का दृश्य।

अयोध्या के संत बताते हैं कि पहले अयोध्या में रामलीला का मंचन केवल मंचन भर ही नहीं था। बल्कि श्रद्धा भाव के साथ श्री राम के साकार स्वरूप का पूजन था। इसमें पात्रों की भूमिका अयोध्या के संत ही निभाते थे। अयोध्या के पत्थर मंदिर के महंत मनीष दास अपने पूर्वज महंतों की श्रुति परंपरा से बताते हैं कि बाबा तुलसी राम चरित मानस की रचना के साथ तुलसी चौरा पर बालकों को श्री राम सहित अन्य स्वरूपों में सजाते थे। लीलाओं का मंचन करवाते थे। भावविभोर होते थे। यह उनकी पूजा भी थी। वह प्रयागराज और काशी में रहने के दौरान भी ऐसा करते थे। धीरे-धीरे यह अयोध्या की परंपरा बन गई। बाबा तुलसी के बाद यह परंपरा चलती रही। संतों में विस्तार हुआ। हालांकि इसे बहुत लिपिबद्ध नहीं किया गया है, लेकिन पत्थर मंदिर से की जाने वाली रामलीला तीन सौ साल से ज्यादा समय से लिपिबद्ध है। ऐसा मंदिर के महंत बताते हैं। ज्ञात समय के हिसाब से यह अयोध्या की सबसे पुरानी राम लीला है। अब राम लीला का मंचन अवध आदर्श राम लीला मंडल पत्थर मंदिर की ओर से किया जा रहा है। मंदिर के महंत मनीष दास बताते हैं कि रामलीला का संचालन करने वाले संस्थापक स्वामी बिंदुगाद्याचार्य से अपने गुरु रामदेव दास महराज तक 11 पीढ़ियों की जानकारी उनके पास है। अतीत में रामलीला में अयोध्या शीर्ष संत स्वामी बिंदु जी, स्वामी व्याकुल जी, पखावज सम्राट स्वामी पागलदास पात्र की भूमिका निभाते रहे हैं।

### कई देशों में हो चुकी है अयोध्या की रामलीला

पत्थर मंदिर की आदर्श राम लीला मंडली अफ्रीका, वेस्टइंडीज, दुबई, इंडोनेशिया, त्रिनिडाड, थाईलैंड, नेपाल, भारत के साथ कई अन्य देशों में मंचन कर चुकी है। देश में राष्ट्रपति भवन के साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित देश के विभिन्न प्रदेशों में अपनी प्रस्तुति दी है।

### महिला पात्र के साथ नहीं होता घुंघरू का प्रयोग

मंदिर की रामलीला के मंचन में महिला पात्र नहीं होंगी। नारद मोह से जैसे प्रसंगों में पुरुष नर्तकी होते हैं। रामलीला को पूजा माना जाता है। इसलिए मंच पर घुंघरू का प्रयोग नहीं किया जाता। एक प्रतिबंध और है श्रीराम लक्ष्मण और सीता के पात्र की भूमिका केवल ब्राह्मण व्यक्ति ही निभा सकते हैं। ऐसा मंदिर के महंत बताते हैं। पत्थर मंदिर की रामलीला यूनेस्को में धरोहर रूप में शामिल की गई है। आदर्श राम लीला मंडली देश विदेश में रामलीला में रामलला के जन्मोत्सव से शुरू करके राम राज्याभिषेक तक सजीव मंचन करती है। इसमें दस दिन लगते हैं।

# स्मृति शेष


**प्रसिद्ध उद्धरण**
- मैं सही निर्णय लेने में विश्वास नहीं करता। मैं निर्णय लेता हूं और फिर उन्हें सही बनाता हूं। ● शक्ति और धन मेरे दो मुख्य हित नहीं हैं।

**पुरस्कार**
- पद्म विभूषण (2008)
- पद्म भूषण (2000)

**उत्तराधिकारी**
- साइरस मिस्त्री (2012)
- नटराजन चंद्रशेखरन (2017-वर्तमान)

**परिवार**
- नवल टाटा (पिता)
- सूनी कमिसारीट (मां)

# संघर्ष से लड़कर पाया जीत का मुकाम



*भारत के महान रत्न रतन टाटा अब नहीं रहे। पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा वो पहले शख्स थे, जिन्हें भारत रत्न देने के लिए सोशल मीडिया पर आम लोगों ने कैंपेन चला दिया। यह इतना ज्यादा चलने लगा कि सरकार तक सोचने लगी कि क्या किया जाए? कोई आम दौलतमंद शख्स होता तो खुद भी पैरवी करता या इसे बढ़ावा देता, मगर ये तो रतन टाटा थे। इन्होंने खुद लोगों से भावुक अपील कर दी कि उनके लिए इस तरह का कैंपेन न चलाया जाए। रतन टाटा ने कहा कि वह भारतीय होने पर खुद को भाग्यशाली मानते हैं और उन्हें देश की वृद्धि और समृद्धि में योगदान देने पर खुशी होगी। रतन टाटा देश के ऐसे इकलौते उद्योगपति थे, जो अपनी संपति का सबसे ज्यादा हिस्सा दान करते थे। रतन टाटा अपनी दरियादिली के लिए पूरी दुनिया में मशहूर रहे। 28 दिसंबर 1937 को मुंबई में जन्मे रतन टाटा को अगर आप सोचते होंगे कि सारे सुख, मान-सम्मान विरासत में मिल गया तो आप गलतफहमी में हैं। रतन टाटा ने इसके लिए खूब संघर्ष किया।*

**रतन टाटा**
जन्म
28 दिसंबर 1937
मृत्यु
09 अक्टूबर 2024

## 1991 से 2012 तक ग्रुप के चेयरमैन थे रतन टाटा

28 दिसंबर 1937 को जन्मे रतन टाटा टाटा ग्रुप के संस्थापक जमशेदजी टाटा के पर पोते हैं। वह 1991 से 2012 तक ग्रुप के चेयरमैन थे और अक्टूबर 2016 से फरवरी 2017 तक अंतरिम चेयरमैन थे। रतन, टाटा ग्रुप के चैरिटेबल ट्रस्ट्स के प्रमुख थे। रतन ने अपनी विरासत को एक नए मुकाम पर पहुंचाया। उन्होंने एअर इंडिया को अपने एंपायर में शामिल किया। विदेशी कंपनी फोर्ड के लग्जरी कार ब्रांड लैंडरोवर और जगुआर को भी अपने पोर्टफोलियो में जोड़ा।

## सभी की हो कार

रतन टाटा का सपना था कि भारत का हर आदमी कार पर चले इसके लिए एक लाख रुपये में कार लॉन्च की 10 जनवरी 2008 को नैनो कार का उदघाटन कर के उन्होंने अपने सपने को पूरा किया। उन्होंने खुद इसके बारे में सोशल मीडिया पर लिखा था, भारतीय परिवारों का बच्चों के साथ स्कूटर पर भीगते हुए या गर्मी में परेशान चेहरा अक्सर सड़कों पर दिख जाता था इसी ने मुझे वास्तव में इस तरह की कार बनाने के लिए प्रेरित किया।

## बचपन में ही अलग हो गए थे माता-पिता

नवल टाटा और सूनी कमिसारीट के बेटे रतन टाटा जब 10 साल के थे, तब उनके माता-पिता अलग हो गए जेएन पेटिट पारसी अनाथालय के माध्यम से उनकी दादी नवाजबाई टाटा ने उन्हें औपचारिक रूप से गोद ले लिया था रतन टाटा का पालन-पोषण उनके सौतेले भाई नोएल टाटा (नवल टाटा और सिमोन टाटा के बेटे) के साथ हुआ1962 में वे टाटा संस में शामिल हुए वहां उन्हें फ्लोर पर काम दिया गया यह एक कठिन और थका देने वाला काम था, लेकिन उन्होंने पारिवारिक व्यवसाय के बारे में अनुभव और समझ हासिल की।

## हार से शुरू हुआ करियर

1971 में रतन टाटा को राष्ट्रीय रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड (नेल्को) का डायरेक्टर-इन-चार्ज नियुक्त किया गया उस समय इस कंपनी की माली हालत बहुत खराब थी नेल्को की बाजार में हिस्सेदारी 2% थी और घाटा बिक्री का 40% था तब टाटा संस के चेयरमैन जेआरजी टाटा को रतन ने सुझाव दिया कि इस कंपनी को उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स की बजाय उच्च-प्रौद्योगिकी उत्पादों के विकास में निवेश करना चाहिए जेआरडी ने रतन के सुझाव को मान लिया और 1972 से 1975 तक नेल्को ने बाजार अपनी में हिस्सेदारी 20% तक बढ़ा ली और अपना घाटा भी पूरा कर लिया।

## नई तकनीक से आगे बढ़े

1975 में इमरजेंसी लगने और इसके बाद 1977 में यूनियन की हड़ताल हो गई सात महीने की हड़ताल के बाद आखिरकार ये बंद हो गई मतलब जीत कर भी रतन टाटा हार गए फिर जेआरडी ने 1977 में रतन को इंप्रेस मिल सौंपा यह टाटा नियंत्रित कपड़ा मिल थी, मगर यह भी घाटे में थी। रतन टाटा ने इसमें काफी मेहनत की और इसमें पूंजी लगाने का कंपनी से आग्रह किया, लेकिन उन्हें मदद नहीं दी गई। अंत में 1986 में इस मिल को बंद कर दिया गया। इस फैसले से रतन टाटा निराश हो गए हिंदुस्तान टाइम्स से एक साक्षात्कार में उन्होंने दावा किया था कि अगर उस वक्त 50 लाख रुपये मिल गए होते तो कंपनी फायदे में आ जाती और उसे बंद नहीं करना पड़ता यह उनकी लगातार दूसरी हार थी। हालांकि जेआरडी टाटा का उन पर विश्वास बना रहा साल 1981 में ही उन्हें टाटा समूह की कई होल्डिंग कंपनियों को अध्यक्ष बना दिया गया। इस दौरान वो कंपनी में नये-नये तरह की टेक्नोलॉजी लाते रहे और रिसर्च पर जोर देते रहे इससे कंपनी को फायदा होने लगा।

## 1991 में बने चेयरमैन

1991 में जेआरडी ने रतन टाटा को ग्रुप का चेयरमैन का कार्यभार संभाला इसके बाद उन्होंने पुराने डायरेक्टरों और मैनेजरों की जगह युवाओं को मौका दिया। इसके बाद टाटा संस और तेज रफ्तार से आगे बढ़ने लगारतन टाटा के ही मार्गदर्शन में टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस सार्वजनिक निगम बनी और टाटा मोटर्स न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हुई 1998 में टाटा मोटर्स ने उनके संकल्पित टाटा इंडिका को बाजार में उतारा। 31 जनवरी 2007 को रतन टाटा की अध्यक्षता में टाटा संस ने कोरस समूह को सफलतापूर्वक अधिग्रहित किया, जो एक एंग्लो-डच एल्यूमीनियम और इस्पात निर्माता है इस अधिग्रहण के साथ रतन टाटा भारतीय व्यापार जगत में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बन गये। इस विलय के फलस्वरुप दुनिया को पांचवां सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक संस्थान मिला।

## कार बाजार में उतरे

1998 में रतन टाटा ने अपनी कंपनी की पहली कार लॉन्च की टाटा इंडिका को 1998 में लॉन्च किया गया था, जो डीजल इंजन वाली पहली भारतीय हैचबैक कार थी। इसके 25 साल पूरे होने पर रतन टाटा ने लिखा था, 25 साल पहले, टाटा इंडिका की लॉन्चिंग से भारत के स्वदेशी पैसेंजर कार उद्योग का जन्म हुआ था यह सुखद यादें हैं और इसके लिए मेरे दिल में एक खास जगह है आज भी यह कार मेरे लिए अच्छी यादों का खजाना है मेरे दिल में इस कार के लिए खास जगह है।

## घाटे के बाद खरीदी फोर्ड से जगुआर और फिर लैंड रोवर

घड़ी की सुई किस तरह घूमती है रतन टाटा को कार बनाने से घाटा होने लगा रतन टाटा ने अपनी कार कंपनी को बेचने का मन बनाया। वर्ष 1999 में वह फोर्ड को बेचने के लिए अमेरिका गए अमेरिका के डेट्रायट में फोर्ड के अधिकारियों के साथ रतन टाटा और अन्य शीर्ष अधिकारियों की बैठक को याद करते हुए टाटा समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था, उन्होंने हमसे कहा आपको कुछ पता नहीं है, आखिर अपने यात्री कार सेक्शन में कदम रखा ही क्यों? उन्होंने कहा कि टाटा की कार कंपनी को खरीदकर टाटा पर एहसान करेंगे। यह बात रतन टाटा को चुभ गई इसके बाद उन्होंने अपनी कार कंपनी पर और निवेश किया और नौ साल बाद ही टाटा समूह ने अमेरिकी कंपनी फोर्ड के प्रमुख ब्रांड जगुआर और लैंड रोवर को खरीद लिया।

## बॉलीवुड में 'ऐतबार' के रास्ते फिल्मों में भी आजमाया हाथ

रतन टाटा ने फिल्म इंडस्ट्री में भी किस्मत आजमाई थी, लेकिन उन्हें रिलायंस कंपनी की तरह सफलता नहीं मिली आज से 20 साल पहले रतन टाटा ने अपने करियर की पहली फिल्म पर पैसा लगाया था, जो अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी इस तरह यह फिल्म रतन टाटा की पहली और आखिरी फिल्म बनकर रह गई दरअसल, विक्रम भट्ट ने अमिताभ बच्चन, जॉन अब्राहम और बिपाशा बसु को लेकर रोमांटिक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म ऐतबार डायरेक्ट की थी, जो 23 जनवरी 2004 को रिलीज हुई थी इस फिल्म को रतन टाटा के इन्फोमीडिया फिल्म प्रोडक्शंस के तहत बनाया गया था। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 425 करोड़ रुपये और वर्ल्ड वाइड बॉक्स ऑफिस पर महज 796 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था ऐतबार बॉक्स ऑफिस पर अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी फिल्म का बजट 950 करोड़ रुपये था ऐसे में फिल्म पर लगाया रतन टाटा का पैसा और फिल्म इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की उम्मीद दोनों ही डूब गए।

## ...और वापस लिया एयर इंडिया

68 साल बाद एयर इंडिया की घर वापसी भी रतन टाटा ने करवा ली। 1953 तक टाटा समूह ही एयर इंडिया की मालिक थी। टाटा संस ने भारत सरकार से एयर इंडिया का मालिकाना हक 2022 में फिर से खरीद लिया। टाटा संस ने सरकार से एयर इंडिया 18 हजार करोड़ रुपये में खरीदा एयर इंडिया के मालिकाना हक के लिए टाटा संस ने एयर इंडिया के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई इसका मालिकाना हक मिलने पर रतन टाटा बेहद खुश हुए थे।


## यादों में रतन...



प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के क्षण... सौम्य मुस्कान और चेहरे पर तेज अद्भुत व्यक्तित्व थे रतन टाटा।



भारत ने ऐसे महान व्यक्तित्व को खो दिया है, जिन्होंने कॉर्पोरेट विकास को राष्ट्र निर्माण और उत्कृष्टता को नैतिकता के साथ जोड़ा। रतन टाटा ने टाटा की विरासत को आगे बढ़ाया तथा वैश्विक स्तर पर इसे वैश्विक पहचान दिलाई।
**-द्रौपदी मुर्मू,** राष्ट्रपति




यह भारत और भारतीय उद्योग जगत के लिए बहुत दुखद दिन है। रतन टाटा का निधन न केवल टाटा समूह के लिए बल्कि प्रत्येक भारतीय के लिए बड़ी क्षति है।
**-मुकेश अंबानी,** चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, रिलायंस समूह




भारत ने दिग्गज, दूरदर्शी व्यक्ति को खो दिया है जिन्होंने आधुनिक भारत के मार्ग को परिभाषित किया। उन्होंने ईमानदारी, करुणा और भलाई के लिए प्रतिबद्धता के साथ भारत की भावना को मूर्त रूप दिया।
**-गौतम अडाणी,** चेयरमैन, अडाणी समूह



भारत की अर्थव्यवस्था ऐतिहासिक छलांग लगाने के कगार पर है और रतन टाटा के जीवन और कार्य का हमारे इस स्थिति में आने में बहुत बड़ा योगदान रहा है।
**-आनंद महिंद्रा,** चेयरमैन, महिंद्रा एंड महिंद्रा



भारत ने ऐसे महान उद्योगपति और समाजसेवी को खो दिया, जिन्होंने न केवल भारतीय उद्योग जगत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि नि:स्वार्थ सेवा और उदारता से समाज के हर वर्ग को प्रेरित किया।
**-ओम बिड़ला,** लोकसभा अध्यक्ष



उनके निधन से हमने भारत का अनमोल सपूत खो दिया है। एक उत्कृष्ट परोपकारी व्यक्ति, जिनकी भारत के समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता सर्वोपरि रही, रतन टाटा निष्ठा और नैतिकतापूर्ण नेतृत्व के पर्याय थे।
**-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष



रतन टाटा एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने कारोबार और परोपकार की दुनिया में अमिट छाप छोड़ी है। उनके परिवार और टाटा समुदाय के प्रति मेरी संवेदनाएं।
**-राहुल गांधी,** लोकसभा में विपक्ष के नेता

# 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया चौकी इंचार्ज

**संवाददाता, कादरचौक/उझानी (बदायूं)**



हरगोविंद सिंह

**▸▸ गांव भुड़िया के ओमकार ने एंटी करप्शन से की थी रिश्वत मांगने की शिकायत**

**अमृत विचार :** एंटी करप्शन की लगातार कार्रवाई के बाद भी जिले में भ्रष्टाचार बंद नहीं हो रहा है। बुधवार को टीम ने थाना कादरचौक के भूड़ा भदरौल के चौकी इंचार्ज को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। ट्रैप टीम प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कोतवाली उझानी में उपनिरीक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव भुड़िया निवासी ओमकार सिंह पुत्र नेतराम सिंह फौजी का अपने दो भाइयों से जमीन का विवाद चल रहा है। कुछ दिन पहले ओमकार सिंह और उनके भाई अतेंद्र सिंह के बीच मारपीट हुई थी। अतेंद्र सिंह को ज्यादा चोट लगी थी। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। पुलिस ने एनसीआर दर्ज की थी। मामला पुलिस चौकी भूड़ा भदरौल के इंचार्ज हरगोविंद सिंह के पास था। वह ओमकार सिंह को एनसीआर को गंभीर धाराओं में तरमीम करने की धमकी दे रहा था। बचाव के एवज में ओमकार से 50 हजार रुपये की मांग की थी। पहली किश्त के रूप में 20 हजार रुपये देना तय हुआ। चौकी इंचार्ज से परेशान होकर ओमकार ने बरेली एंटी करप्शन टीम के सीओ से शिकायत की। कुछ साक्ष्य भी प्रस्तुत किए। सीओ ने ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम ने बुधवार सुबह थाना कादरचौक में पहुंचकर जाल बिछाया। ओमकार सिंह ने उपनिरीक्षक हरगोविंद सिंह को फोन किया। उपनिरीक्षक ने उन्हें कादरचौक के गांव ककोड़ा में उझानी मार्ग स्थित रामचंद्र शास्त्री मैमोरियल इंटर कॉलेज के पास बुलाया। ओमकार वहां पहुंचे और उपनिरीक्षक को 20 हजार रुपये दिए। इसी दौरान एंटी करप्शन की टीम ने उपनिरीक्षक को दोपहर 12 बजे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

> गांव भुड़िया निवासी ओमकार सिंह ने चौकी इंचार्ज की शिकायत की थी। टीम ने चौकी इंचार्ज को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उझानी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रुपये मांगने या लेने की शिकायत मोबाइल नंबर 9454405475 या 9454401653 पर कर सकते हैं।
> **- यशपाल सिंह, सीओ, एंटी करप्शन, बरेली**

# अब रायबरेली में पटरी पर मिला सीमेंट से निर्मित स्लीपर

**रायबरेली,एजेंसी :** रायबरेली में रेल की पटरियों पर मिट्टी का ढेर मिलने के दो दिन बाद ऐसी ही एक और घटना में मालगाड़ी के रास्ते में पटरी पर सीमेंट से बना स्लीपर पाया गया। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार रात करीब 11 बजे रायबरेली-प्रयागराज रेल खंड पर लक्ष्मणपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई। घटना के समय सतना (मध्य प्रदेश) से कुंदनगंज (रायबरेली) आ रही एक मालगाड़ी बेनीकामा के पास लक्ष्मणपुर और दरियापुर स्टेशनों के बीच पटरी पर रखे सीमेंट से निर्मित स्लीपर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि मालगाड़ी चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकने की कोशिश की लेकिन इसके बावजूद इंजन का कैटल गार्ड पटरी पर पड़े स्लीपर से टकरा गया। बहरहाल, घटना के बाद चालक ने इसकी सूचना नियंत्रण कक्ष को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रेलकर्मियों ने स्लीपर को पटरी से हटाया।

# जम्मू-कश्मीर में लापता जवान का मिला शव

**श्रीनगर, एजेंसी।** सेना के मंगलवार से लापता जवान का गोलियों से छलनी शव बुधवार सुबह अनंतनाग जिले में बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्रादेशिक सेना (टीए) की 162 यूनिट का एक जवान मंगलवार को होरनाग शंगुस वन क्षेत्र में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान लापता हो गया था। आतंकियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। बुधवार सुबह सैनिक का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ। दिन में सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा था कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सैनिक लापता हो गया था। चिनार कोर ने एक्स पर कहा था कि सेना ने 8 अक्टूबर को काज़वान वन, कोकेरनाग में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था।

# दंगे के 32 आरोपियों का मुकदमा खत्म होगा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** फजलगंज थाना क्षेत्र के दर्शनपुरवा इलाके में 24 अक्टूबर 2015 को मोहर्रम जुलूस के दौरान धार्मिक पोस्टर फाड़ने के बाद भड़के दंगे के 32 आरोपियों पर से मुकदमा वापस लेने का आदेश शासन ने जारी किया है।


यह क्षेत्र सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में आता है। यहां उप चुनाव की घोषणा के बाद प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर 32 लोगों पर लगे मुकदमे को खत्म करने की मांग की थी। आरोप था कि तत्कालीन सपा विधायक इरफान सोलंकी ने इन लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाकर जेल भिजवा दिया था। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय व भाजपा नेता अनुराग शर्मा ने बताया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में वर्ष 2015 में मोहर्रम जुलूस में एक धर्म से जुड़े पोस्टर फाड़ने पर सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी। पुलिस ने 32 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सपा विधायक इरफान सोलंकी के इशारे पर 32 लोगों को झूठे मुकदमे में जेल भिजवा दिया गया था। इस मुद्दे को प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री के सामने रखा था।

उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव मुकेश कुमार सिंह ने जिला मजिस्ट्रेट न्याय अनुभाग 5 (फौजदारी) को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि फजलगंज में हुए दंगे में 32 आरोपियों पर दर्ज अभियोग की वापसी की जाए।

## वर्ग पहेली-217

**बाएं से दाएं**
4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।
8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

**ऊपर से नीचे**
1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।
2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक
3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का श्रृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।
5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।
6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी
7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।



## वर्ग पहेली -216 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हु | 2 मा | यूँ | ■ | ■ | 3 शि |
| ■ | यू | ■ | 4 जी | ■ | ली |
| ■ | 5 स | रा | व | गी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | लो | ■ | ■ |
| ■ | 6 घ | 7 म | क | ना | ■ |
| ■ | ■ | सू | ■ | ■ | 8 थो |
| 9 ओ | गा | र | ना | ■ | ड़ा |

## सुडोकू -130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 2 |
| 6 | | 1 | | | | | 8 | |
| | | | 5 | | | 3 | | |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | 5 | 4 | | | | | | |
| | | | | | | 7 | | 9 |
| | | 5 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 8 | | | 4 | | 6 |
| 2 | | | 7 | | | | 1 | |

## सुडोकू - 129 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.31 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष:** आज कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा।

**वृष:** आज ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं। दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**मिथुन:** आज भोग-विलास का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें।

**कर्क:** आज चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है। हितशत्रुओं से सावधान रहें।

**सिंह:** आज लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**कन्या:** आज व्यर्थ में अपने शुभचिंतकों पर संदेह न करें। ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं। नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है।

**तुला:** आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपके संबंध काफी अच्छे रहेंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वादा आप पूरा कर सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक:** आज आपके विनम्र व्यवहार से लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।


**धनु:** आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

**मकर:** आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं, तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति दी जा सकती है। नई संपत्ति खरीदने के लिए बहुत शुभ समय है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मीन:** आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के व्यापार में बेहतरीन धन लाभ हो सकता है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11 अक्टूबर 05.41 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्यार के काबिल — सुबह : 10.13
आओ प्यार करें — रात : 09.00

**&pictures**
जब हैरी मेट सेजल — सुबह : 10.44
सूर्यवंशी — रात : 07.30

**Sony Pix**
गॉडजिला — दोपहर : 12.38
ऐनाकोंडास — रात : 09.00

**Zee Cinema**
चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 10.12
पुलिस पावर — शाम : 05.01

**Zee Action**
अखंडा — सुबह : 10.50
गौली — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बूढ़ा बस की सीट पर अकेला बैठा था तभी उसके साथ एक बुढ़िया आकर बैठ गई।
बुढ़िया बोली अंकल जी आप कहां जा रहे हो?
बूढ़ा कुछ नहीं बोला और चुप बैठा रहा ...
बुढ़िया फिर बोली अंकल जी कहां जा रहे हो?
अब बूढ़े से चुप नहीं रहा गया और वह बोला ,बेटी तुम बहुत सुंदर और जवान हो तेरे लिए लड़का देखने जा रहा हूं।

पति- आज खाना सासु मां ने बनाया है क्या ?
पत्नी- वाह कैसे पहचाना!
पति- जब तुम बनाती थी तो काले बाल निकलते थे ,आज सफ़ेद निकला है।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडर्ड | 77,350 |
| सोना रवा | 77,200 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# ऊंची ब्याज दर से आर्थिक वृद्धि पर असर नहीं पड़ेगा : दास


## आरबीआई गवर्नर ने चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की पेश

- बोले- आर्थिक वृद्धि मजबूत है और निवेश के इरादे साफ दिख रहे हैं

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि ब्याज की ऊंची दर वृद्धि को प्रभावित नहीं कर रही और आर्थिक गतिविधियां टिकाऊ बनी हुई हैं। उन्होंने पिछले 18 महीनों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों का जिक्र किया। उसी समय आरबीआई ने नीतिगत दर के मोर्चे पर यथास्थिति बनाये रखने का विकल्प चुना था।

गवर्नर ने मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद कहा कि हमें उच्च ब्याज दर का वृद्धि पर असर पड़ने का कोई सबूत नहीं दिख रहा है। आर्थिक वृद्धि बहुत मजबूत बनी हुई है और निवेश के इरादे साफ दिख रहे हैं। वृद्धि को गति देने वाले कारकों में निजी पूंजीगत व्यय में वृद्धि के संकेत, कंपनियों के मजबूत बही-खाते, कृषि में मदद करने वाली बारिश, जलाशयों का स्तर और मिट्टी की नमी आदि शामिल है।



मुंबई में प्रेसवार्ता के दौरान आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास, डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा, एम. राजेश्वर राव, स्वामीनाथन जानकीरमन और टी. रबी शंकर।

### मौद्रिक नीति व्यावहारिक, ब्याज में कटौती की उम्मीद

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के ब्याज दर यथावत रखने तथा तटस्थ मौद्रिक नीति रुख अपनाने का निर्णय व्यावहारिक है। आने वाले महीनों में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने यह कहा। उद्योग मंडल एसोचैम ने आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा को यथार्थवादी और व्यावहारिक बताते हुए कहा कि उदार रुख वापस लेने और तटस्थ रुख अपनाना संकेत है कि कुछ तिमाहियों में ब्याज दर में गिरावट आएगी। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा कि रुख में बदलाव कर तटस्थ करने को सकारात्मक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दरों में कटौती के निर्णय से नीतिगत दरों में बदलाव के लिए कुछ गुंजाइश बनी है। हालांकि, जरूरत पड़ी तो आरबीआई दिसंबर में ब्याज दर घटा सकता है। बंधन बैंक के अर्थशास्त्री और शोध प्रमुख सिद्धार्थ सान्याल, एचडीएफसी बैंक के अर्थशास्त्री अभीक बरुआ, आनंद राठी शेयर्स एंड स्टोक ब्रोकर्स के मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने कहा कि नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने और रुख को तटस्थ करने के आरबीआई का निर्णय अपेक्षा के अनुरूप है।

### दास ने चेताया, गलत तरीके अपनाकर आगे बढ़ने से बचें एनबीएफसी

**मुंबई।** शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें निवेशक कुछ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को आक्रामक रूप से बढ़ने को प्रेरित कर रहे हैं, जिससे अनुचित कारोबारी को बढ़ावा मिल रहा है। खराब ग्राहक सेवा, संस्थाओं की वित्तीय स्थिति पर दबाव और ऐसी गतिविधियों से वित्तीय स्थिरता को नुकसान पहुंचने जैसे जोखिमों को रेखांकित करते हुए दास ने आगाह किया कि यदि वे ऐसी गतिविधियां जारी रखते हैं तो आरबीआई दोषी संस्थाओं पर कार्रवाई करने में हिचकिचाएगा नहीं।

### आरबीआई के रुख में बदलाव से नीतिगत दर में कटौती की आशा : रियल एस्टेट

**नई दिल्ली।** जमीन-जायदाद से जुड़ी कंपनियों ने बुधवार को रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा में रुख बदलकर तटस्थ करने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे नीतिगत दर में जल्द कटौती की उम्मीद है। रियल एस्टेट क्षेत्र का शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष जी. हरि बाबू ने कहा कि यह आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की दिशा में सकारात्मक कदम है। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि इस समय दर में कटौती से उपभोक्ता मांग में तेजी में मदद मिलती। उम्मीद जतायी कि केंद्रीय बैंक अगली तिमाही में नीतिगत दर में कटौती करेगा।

# निफ्टी-50, सेंसेक्स : भारतीय अर्थव्यवस्था के सूचक

भारतीय शेयर बाजार में निफ्टी-50 और सेंसेक्स दो महत्वपूर्ण सूचकांक हैं, जो निवेशकों को बाजार की दिशा और स्थिरता का आभास कराते हैं। निफ्टी-50, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसमें 50 कंपनियां शामिल हैं, जबकि सेंसेक्स, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसमें 30 बड़ी कंपनियां होती हैं। दोनों सूचकांकों की गणना, प्रतिनिधित्व और संरचना में महत्वपूर्ण अंतर हैं, जो इन्हें अलग बनाते हैं। इस लेख में हम इन दोनों सूचकांकों के बीच के प्रमुख बिंदुओं की तुलना करेंगे। आइए इसके बारे में कुछ मत्वपूर्ण तथ्यों पर बात करें...

### स्टॉक एक्सचेंज

- **निफ्टी-50 :** यह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जिसकी स्थापना 1992 में की गई है। इसकी शुरुआत 1996 में हुई थी।
- **सेंसेक्स :** यह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख सूचकांक है, जो 1875 में स्थापित हुआ और दुनिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इसकी शुरुआत 1986 में हुई थी।




### शेयरों की संख्या

- **निफ्टी-50 :** इसमें 50 कंपनियां शामिल होती हैं, जो विभिन्न सेक्टरों का प्रतिनिधित्व करती हैं।
- **सेंसेक्स :** इसमें 30 कंपनियां शामिल होती हैं, जो भारत की सबसे बड़ी और स्थिर कंपनियां हैं।

### गणना पद्धति

- दोनों सूचकांक फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति का उपयोग करते हैं, लेकिन निफ्टी-50 में शामिल कंपनियों का अधिक विविध प्रतिनिधित्व होता है।

### प्रतिनिधित्व

- **निफ्टी-50 :** इसमें वित्तीय सेवाएं, आईटी, ऊर्जा, उपभोक्ता वस्तुएं, ऑटोमोबाइल आदि शामिल हैं।
- **सेंसेक्स :** इसमें बैंकिंग, ऊर्जा, आईटी, और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं।

### सेक्टर का कवरेज

- **निफ्टी-50 :** विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक कवरेज करता है।
- **सेंसेक्स :** कवरेज सीमित है, प्रमुख और स्थिर कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

### वोलैटिलिटी (अस्थिरता)

- **निफ्टी-50 :** अस्थिरता कम होती है, क्योंकि इसमें कई सेक्टर्स होते हैं।
- **सेंसेक्स :** अस्थिरता अधिक होती है, इसकी कंपनियां बड़ी और स्थिर होती हैं।

### निवेशकों का दृष्टिकोण

- **निफ्टी-50 :** दीर्घकालिक निवेश के लिए उपयुक्त माना जाता है।
- **सेंसेक्स :** स्थिर और भरोसेमंद कंपनियों में निवेश करने के लिए उपयुक्त होता है।

### 10. अंतरराष्ट्रीय निवेश

- **निफ्टी-50 :** वैश्विक निवेशकों के लिए विविधता का प्रतिनिधित्व करता है।
- **सेंसेक्स :** सबसे बड़ी और स्थिर कंपनियों में निवेश के लिए महत्वपूर्ण है।

निफ्टी-50 और सेंसेक्स दोनों बाजार की दिशा और स्थिरता को मापने में भूमिका निभाते हैं। निफ्टी में अधिक विविधता है, जबकि सेंसेक्स स्थिरता का प्रतीक है। दोनों निवेशकों के लिए बाजार की स्थिति को समझने में मदद करते हैं।

### आधार अंक

- **निफ्टी-50 :** इसका आधार अंक 1000 है।
- **सेंसेक्स :** इसका आधार अंक 100 है।

## ई-फाइलिंग पोर्टल पर 34.84 लाख लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सात अक्टूबर तक ई-फाइलिंग पोर्टल पर आकलन वर्ष 2024-25 के लिए 34.09 लाख कर लेखा-परीक्षा रिपोर्ट (टीएआर) सहित 34.84 लाख से अधिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल की गई हैं। आयकर विभाग ने लेखा परीक्षा रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी गई थी। आकलन वर्ष 2024-25 के लिए टीएआर दाखिल करने में सालाना आधार पर 4.8% की वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय ने कहा कि टीएआर और अन्य लेखा परीक्षा फॉर्म दाखिल करने के बारे में करदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए आयकर पोर्टल पर ईमेल, एसएमएस, वेब गोष्ठी, सोशल मीडिया अभियान और संदेशों के जरिये व्यापक प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंत्रालय के मुताबिक, ई-फाइलिंग सहायता टीम ने सितंबर और अक्टूबर 2024 के दौरान करदाताओं के 1.23 लाख सवालों को संभाला और उन्हें सक्रिय रूप से मदद दी।

## वेदांता पर लगा 92.04 करोड़ का जुर्माना, 10 करोड़ का हर्जाना

**नई दिल्ली।** वेदांता पर सीमा शुल्क प्राधिकरण ने 92.04 करोड़ रुपये का जुर्माना और 10 करोड़ रुपये का हर्जाना लगाया है। वेदांता लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह आदेश उसे मंगलवार आठ अक्टूबर को मिला। कंपनी ने कहा कि कंपनी को तूतीकोरिन के सीमा शुल्क आयुक्त के कार्यालय से नोटिस मिला, जिसमें 92,03,85,745 रुपये के जुर्माने और 10,00,00,000 रुपये के हर्जाने के साथ सीमा शुल्क तथा लागू ब्याज की मांग की गई है।

## सोने में 600 रुपये की गिरावट चांदी 2,800 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग के बीच बुधवार को सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। सोना 600 रुपये गिरकर 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मंगलवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 2,800 रुपये लुढ़ककर 91,200 रुपये प्रति किलो रही जो एक दिन पहले 94,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 99.5% शुद्धता वाला सोना 600 रुपये गिरकर 77,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मांग में सुस्ती से सोने की कीमतों में गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज के वायदा कारोबार में दिसंबर आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध की कीमत 29 रुपये बढ़कर 75,190 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।



## राष्ट्रीय

# बांटो और सत्ता पाओ के फार्मूले पर चली कांग्रेस : मोदी

## महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस से प्रधानमंत्री ने रखी आधारशिला

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मुसलमानों की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है लेकिन हिंदू की बात आते ही वह चर्चा जाति से ही शुरू करती है क्योंकि वह जानती है कि हिंदू जितना बंटेगा, उतना उसका फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है और भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वह इसी फार्मूले को लागू करती है।

महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस



से आधारशिला रखने के बाद मोदी ने विश्वास जताया कि समाज को तोड़ने की कोशिश को राज्य की जनता नाकाम करेगी। उन्होंने इस सरकारी कार्यक्रम में महाराष्ट्र के लोगों से देश के विकास को सर्वोपरि रखते हुए और एकजुट होकर भाजपा और उसके गठबंधन महायुति के पक्ष में मतदान करने की अपील की। हरियाणा के चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इसने बता दिया है कि आज देश का मिजाज क्या है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सांप्रदायिक और जातिवाद का चुनाव लड़ती है। हिंदू समाज को तोड़कर उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना, यही कांग्रेस की राजनीति का आधार है। कांग्रेस की नीति है, हिंदुओं की एक जाति को दूसरी से लड़ाओ। कांग्रेस जानती है कि जितना हिंदू बंटेगा, उतना उसका फायदा होगा। कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है, ताकि वो राजनीतिक रोटियां सेंकती रहे।

### प्रधानमंत्री के राजनीतिक भाषण और विपक्ष पर हमले के लिए सरकारी कार्यक्रम का इस्तेमाल क्यों: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के हमले पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि वह राजनीति भाषण तथा विपक्ष पर हमला करने के लिए सरकारी कार्यक्रम का उपयोग करते हैं, जबकि इसके लिए वह भाजपा के मंच का इस्तेमाल कर सकते हैं। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल राजनीतिक भाषण देने के लिए नहीं किया जा सकता और न ही किया जाना चाहिए। खेड़ा ने यह बातें एक्स पर पोस्ट की। प्रधानमंत्री मोदी ने के मुसलमानों की जाति की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया।

### नायब सिंह सैनी ने की मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** हरियाणा चुनाव में जीत के बाद भाजपा की सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ग्रहण से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सैनी को भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी और विश्वास जताया कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है। सैनी ने गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात की। मोदी ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के लिए उन्हें बधाई दीं।

## राहुल की नागरिकता के मुद्दे पर दस्तावेज के लिए स्वामी को मिला समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को भाजपा के नेता सुब्रमण्यम स्वामी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका की एक प्रति दाखिल करने के लिए समय दे दिया। स्वामी ने अदालत को बताया कि उन्होंने याचिका की प्रति प्राप्त कर ली है और इस मामले में की गईं प्रार्थनाएं उनकी दलीलों से भिन्न हैं। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि वह पिछले आदेश के अनुपालन में दस्तावेज दाखिल करें तथा अगली सुनवाई छह नवंबर को तय की। स्वामी ने गृह मंत्रालय को राहुल गांधी की नागरिकता रद करने की मांग वाली याचिका पर निर्णय लेने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# हरियाणा के नतीजों से आयोग को कराएंगे अवगत : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित करार देते हुए बुधवार को कहा कि अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराया जाएगा।



कांग्रेस नेता ने कहा कि जम्मू कश्मीर में गठबंधन की जीत संविधान की जीत है। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया! जम्मू-कश्मीर में नेकां और कांग्रेस गठबंधन 48 सीट के साथ सरकार बनाने को तैयार है।

### नतीजों को अस्वीकार्य बताने वाले बयान कभी नहीं सुने : आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजों को अस्वीकार्य बताने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बयान इतिहास में पहले नहीं सुने गए और ये बोलने की स्वतंत्रता की वैधानिकता से भी परे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि पार्टी नेताओं जयराम रमेश और पवन खेड़ा की टिप्पणियां वैधानिक और चुनावी ढांचे को खारिज करने की ओर ले जाती हैं। खरगे और राहुल के बयानों पर गौर किया है, जिनमें हरियाणा के नतीजों को अनपेक्षित बताया और पार्टी ने शिकायतों के साथ आयोग से संपर्क का प्रस्ताव रखा है।

## एक नजर

### बिहार में सड़क दुर्घटना में आठ बौद्ध भिक्षु घायल

**जहानाबाद।** बिहार के जहानाबाद जिले के करौना इलाके में बुधवार को पर्यटक बस के सड़क किनारे तालाब में गिरने से आठ बौद्ध भिक्षु घायल हो गए। जहानाबाद के एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि चालक के वाहन पर से नियंत्रण खोने से घटना हुई।

### पांच किलो हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर के अजनाला में पुलिस ने पांच किलो हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने सीमा पार के मादक पदार्थों के नेटवर्क को झटका दिया है।

### वांगचुक के प्रदर्शन पर पुलिस से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोनम वांगचुक और अन्य को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति मांगने संबंधी याचिका पर बुधवार को पुलिस से जवाब मांगा और साथ ही दिल्ली सरकार को नोटिस भेजा है।

### पूर्व मंत्री के खिलाफ दुष्कर्म व अपहरण का मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण और धमकी के दो साल पुराने मामले में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से संजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद कार्रवाई हुई।

# मानदंडों को पूरा न करने वाली दवाओं को वापस लिया जाए : दवा नियामक

- 45 दवाओं के निर्माताओं को वापसी और पांच नकली दवाओं के निर्माताओं पर हुई कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दवा नियामक ने बुधवार को कहा कि लगभग 45 दवाओं के निर्माताओं को गुणवत्ता मानदंडों को पूरा नहीं करने के कारण अपने उत्पादों को वापस लेने का आदेश दिया गया है, जबकि पांच नकली दवाओं के निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यहां सीआईआई फार्मा एंड लाइफ साइंसेज सम्मेलन में भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) एवं केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के प्रमुख राजीव सिंह रघुवंशी ने स्पष्ट किया कि 50 नकली दवाओं पर प्रतिबंध की हालिया खबरें गलत थीं। उन्होंने कहा कि वे नकली दवाएं नहीं हैं। वे मानक गुणवत्ता वाली दवाएं नहीं थीं। दोनों के बीच एक अंतर है। उनमें से केवल पांच नकली थीं, जिन्हें आप नकली कह सकते हैं। हर महीने सीडीएससीओ बाजार से 2,000 से अधिक नमूनों का परीक्षण करता है और उनमें से लगभग 40-50 नमूने एक या अधिक मानदंडों पर विफल होते हैं, जो बहुत मामूली मानदंड हो सकते हैं। इनमें से कोई भी स्वास्थ्य जोखिम नहीं होता है और हम उसकी जानकारी अपने पोर्टल पर देते हैं।

## पहला काम राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित करना : उमर

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि नये मंत्रिमंडल का पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रस्ताव पारित करना होना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा कि नए मुख्यमंत्री को प्रस्ताव लेकर दिल्ली जाना चाहिए और वरिष्ठ मंत्रियों से मिलकर उनसे अपना वादा पूरा करने के लिए कहना चाहिए।



उन्होंने बताया कि सरकार सिर्फ नेकां या उसके गठबंधन की नहीं होगी, बल्कि सभी को शामिल करेगी, खास तौर पर उन इलाकों पर ध्यान दिया जाएगा, जहां गठबंधन के कम विधायक हैं। कई निर्दलीय विधायकों ने नेकां में शामिल होने की बात की है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि निर्वाचित सदस्यों की विधायक दल की बैठक गुरुवार को होने वाली है।

# आरोपी की डीएनए रिपोर्ट समेत 11 साक्ष्य सूचीबद्ध

## आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई ने आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में गिरफ्तार कोलकाता पुलिस के संजय रॉय को इकलौता आरोपी ठहराने के लिए आरोपपत्र में डीएनए और रक्त नमूनों की रिपोर्ट जैसे 11 साक्ष्य सूचीबद्ध किए हैं।

सीबीआई ने रॉय के खिलाफ सबूत के तौर पर मृतक चिकित्सक के शरीर में आरोपी के डीएनए की मौजूदगी, छोटे बाल, मृतका के खून के धब्बे, रॉय के शरीर पर चोटों, सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के मुताबिक उसके मोबाइल फोन की लोकेशन का उल्लेख किया है। आरोपपत्र में कहा गया है कि रॉय को महिला चिकित्सक द्वारा प्रतिरोध/संघर्ष के निशान के तौर पर चोटें लगी थीं। कोलकाता पुलिस ने 10 अगस्त को रॉय को गिरफ्तार किया था। आरोपपत्र में कहा कि जहां अपराध हुआ, वहां आठ और नौ अगस्त की मध्यरात्रि को उसकी (रॉय की) मौजूदगी सीसीटीवी फुटेज से साबित हुई है।

### दो सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**कोलकाता।** आर जी कर मेडिकल कॉलेज के 50 सीनियर डॉक्टरों के अपने जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इस्तीफा देने के बाद यहां के दो और सरकारी अस्पतालों कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल तथा उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के डॉक्टरों ने बुधवार को सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। सभी डॉक्टर 10 मांगों को लेकर आमरण अनशन पर थे। कलकत्ता मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक ने बताया कि 68 वरिष्ठ डॉक्टरों और प्रोफेसरों ने इस्तीफा दे दिया है और इस्तीफे की प्रति राज्य स्वास्थ्य विभाग को ईमेल कर दी गई है। एनबीएमसीएच के करीब 50 डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया और उत्तर बंगाल में अनशन पर बैठे दो जूनियर डॉक्टरों के साथ शामिल हो गए।

## नाबालिग से सूरत में सामूहिक बलात्कार

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में नवरात्रि उत्सव के दौरान दोस्तों के साथ गई 17 वर्षीय लड़की से तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। एसपी (ग्रामीण) हितेश जोयसर ने कहा कि मंगरोल तालुका में मोटा बोरसारा गांव के बाहरी हिस्से में नाबालिग लड़की के साथ मंगलवार रात 11 बजे दुष्कर्म हुआ। घटनास्थल कोसम्बा थाना क्षेत्र के तहत आता है। कुछ दिन पहले वडोदरा के बाहरी इलाके में एक अन्य लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। उस वक्त वह भी अपने दोस्तों के साथ बाहर गई थी।

## चुनाव परिणाम घोषित करवाने हैं तो पहले गंदगी साफ करें : कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के उम्मीदवारों से कहा कि वे मतगणना चाहते हैं तो पहले परिसर में फैलाई गंदगी को साफ करें। कोर्ट ने 26 सितंबर को डूसू और कॉलेजों के चुनावों की मतगणना पर रोक लगा दी थी।

कोर्ट ने कहा कि उसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना नहीं बल्कि यह संदेश देना था कि इस तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं होगा। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि आखिर आप गंदगी साफ क्यों नहीं करते। जिस दिन उस जगह की गंदगी साफ कर दी जाएगी उसके अगले ही दिन हम मतगणना की अनुमति दे देंगे। अदालत डीयू के दो कॉलेज में चुनाव लड़ने वाले दो उम्मीदवारों के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी।

## राजद विधायक, उनके परिवार की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को कहा कि धनशोधन जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति एवं पूर्व विधायक अरुण यादव और कुछ संबंधित संस्थाओं की 21 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत आदेश जारी होने के बाद बिहार के भोजपुर जिले के ग्राम अगियांव और पटना के पॉश इलाकों में स्थित 46 अचल संपत्तियों के साथ दो करोड़ की बैंक राशि कुर्क हुई है। कुर्क संपत्ति की कीमत 21.38 करोड़ है।

## जम्मू-कश्मीर में गोलियों से छलनी मिला जवान का शव

**श्रीनगर।** सेना के मंगलवार से लापता जवान का गोलियों से छलनी शव बुधवार सुबह अनंतनाग जिले में मिला। प्रादेशिक सेना (टीए) की 162 यूनिट का जवान होरनाग शंगुस वन क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान लापता हो गया था। आतंकियों ने उसकी हत्या कर दी।

दिन में सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा था कि खुफिया जानकारी पर शुरू संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सैनिक लापता हो गया था। चिनार कोर ने एक्स बताया था कि सेना ने 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य एजेंसियों के समन्वय से काज़वान वन, कोकेरनाग में संयुक्त अभियान शुरू किया था। प्रादेशिक सेना के दो जवान जानकारी की पुष्टि को वन में गए थे जहां उनका आतंकियों से सामना हुआ।

# मप्र : भाजपा विधायक एएसपी के पैरों में गिरे आए नजर

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल पुलिस पर गुंडों से विधायक ने हत्या करवाने का लगाया आरोप

भोपाल, एजेंसी

सोशल मीडिया पर बुधवार को एक वीडियो सामने आया, जिसमें मध्य प्रदेश में भाजपा के विधायक को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के पैरों पर गिरते हुए दिखाया गया है। साथ ही यह आरोप लगाते हुए देखा जा सकता है कि कुछ अन्य पुलिसकर्मी गुंडों से उसकी हत्या करवाना चाहते हैं।

इस वीडियो में विधायक प्रदीप पटेल मऊगंज जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनुराग पांडे के सामने फर्श पर लेटे नजर आ रहे हैं। उनका चेहरा नीचे की तरफ है और दोनों हाथ फैले हुए दिखाई दे रहे हैं। मऊगंज के विधायक पटेल को पांडे से यह कहते हुए सुना जाता है कि उन्होंने और अन्य पुलिस अधिकारियों ने गुंडों से उनकी हत्या करने के लिए कहा है। वीडियो में पांडे सत्तारूढ़ दल के विधायक के आरोपों का खंडन करते दिखाई दे रहे हैं।

## एक नजर

### ब्राजील ने एक माह बाद एक्स पर से हटाया प्रतिबंध

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने अदालत के आदेश की अवहेलना करने के कारण एक महीने से अधिक समय से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार,जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने एक्स की ओर से लगभग 2.86 करोड़ रियाल के जुर्माने का भुगतान किये जाने के बाद देश में उसकी सेवाएं बहाल करने का आदेश दे दिया।

### अमेरिकी चुनाव में हमले की साजिश का आरोपी गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने देश में चुनाव वाले दिन हमले की साजिश रचने के आरोप में एक अफगान शख्स को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार व्यक्ति आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से प्रेरित था और वह अमेरिका में चुनाव वाले दिन बड़ी भीड़ को निशाना बनाकर हमला करने की साजिश रच रहा था। न्याय विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### पाकिस्तान में पोलियो के चार नए मामले सामने आए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पोलियो के कम से कम चार नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही इस साल सामने आए मामलों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सामने आए चार नए मामलों में से तीन सिंध प्रांत से तथा एक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक बलूचिस्तान से 16, सिंध से 10, खैबर पख्तूनख्वा से चार और पंजाब तथा इस्लामाबाद से एक-एक मामले सामने आए हैं।

### उड़ान के दौरान पायलट की मौत, आपातकालीन लैंडिंग

**इस्तांबुल।** सिएटल से इस्तांबुल के मार्ग पर उड़ान के दौरान पायलट की मौत होने के कारण तुर्की एयरलाइंस के एक यात्री विमान की बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 06 बजे न्यूयॉर्क के जॉन एफ कैनेडी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि 59 वर्षीय कैप्टन इलसेहिन पहलवान उड़ान के दौरान बेहोश हो गए। विमान में तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान किए जाने के बावजूद उन्हें बचाने के प्रयास असफल रहे।

### जापान की संसद के निचले सदन को किया भंग

**टोक्यो।** जापान की संसद के निचले सदन को बुधवार को आधिकारिक रूप से भंग कर दिया गया, ताकि आम चुनाव के लिए तैयारी पूरी की जा सके। दरअसल प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा निचले सदन में बहुमत हासिल करना चाहते हैं। इसी के मद्देनजर निचले सदन को भंग किया गया है। जापान में आम चुनाव 27 अक्टूबर को होने वाले हैं तथा प्रचार अभियान 15 अक्टूबर से शुरू होगा। इशिबा गत 27 सितंबर को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष चुने गये।

### साइबर अपराध में संलिप्त 20 चीनी नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** कोलंबो के निकट एक उपनगरीय इलाके में 20 से अधिक चीनी नागरिकों को साइबर अपराध में शामिल होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि ये सभी बिना वैध वीजा के रह रहे थे। चीन के इन सभी नागरिकों की उम्र 22 से 49 वर्ष के बीच है। इन लोगों को कोलंबो के दक्षिण में स्थित पनादुरा उपनगर के गोराकाना इलाके में स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया।

### पाकिस्तान: पुलिस से झड़प में 3 प्रदर्शनकारियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान पुलिस और पश्तून जातीय अल्पसंख्यकों की वकालत करने वाले एक अधिकार समूह के समर्थकों के बीच बुधवार को हुई झड़प में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि ये प्रदर्शनकारी इस सप्ताह संगठन पर लगाए गए सरकारी प्रतिबंध से नाराज थे। अधिकारियों ने प्रतिबंध की निंदा करने के लिए पेशावर शहर के पास जमरूद शहर में एकत्र हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी और लाठियां बरसाईं।

# दो हिंदू कारोबारियों का पाकिस्तान में अपहरण

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में दो हिंदू कारोबारियों का बदमाशों ने अपहरण कर लिया और उनकी रिहाई के एवज में अपने साथियों को पुलिस हिरासत से रिहा करने की मांग की है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से 500 किलोमीटर दूर रहीम यार खान की है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी रिजवान गोंडल ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया, शुक्रवार को डकैतों ने हिंदू व्यापारी शमीर जी और धीमा जी का अपहरण कर लिया। बाद में डकैतों ने उन्हें छोड़ने के बदले अपने साथियों को रिहा करने की मांग की। उन्होंने बताया कि इस अपहरण में सरगना काबुल सुखन शामिल है जिसके ऊपर पर एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का इनाम घोषित है।

### इमरान खान की पार्टी के विरोध प्रदर्शन से 24 करोड़ रुपये का नुकसान

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में सप्ताहांत में किए गए विरोध प्रदर्शनों के चलते 24 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इस क्षति के आकलन का उल्लेख एक रिपोर्ट में किया गया है।

## अमेरिकी विवि भारतीय छात्रों और शोधकर्ताओं को मिलेगा मार्गदर्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में अब भारतीय और भारतीय मूल के संकाय सदस्य, भारत के छात्रों एवं शोधकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। मंगलवार को इसके लिए एक विशिष्ट मार्ग श्रृंखला की घोषणा की गई। अमेरिका में भारतीय दूतावास की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ऑनलाइन परामर्शदाता मार्ग (अकादमिक उत्कृष्टता और अनुसंधान मार्गदर्शन के लिए परामर्शदाता) श्रृंखला शिक्षा मंत्रालय तथा भारत के यूजीसी के समन्वय से शुरू की गई पहल है और यह भारतीय विश्वविद्यालयों, विशेष रूप से छोटे शहरों तथा कस्बों के छात्रों को शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालयों से जोड़ने की पहल करता है।

### गरबा



राजकोट में नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा करतीं महिलाएं। नौ दिवसीय हिंदू त्योहार नवरात्रि के दौरान यह नृत्य किया जाता है। एजेंसी

## अमेरिका के 14 अटॉर्नी जनरल ने टिकटॉक पर मुकदमा किया दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 14 अटॉर्नी जनरल ने टिकटॉक वीडियो-शेयरिंग ऐप पर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। यह जानकारी एनबीसी न्यूज ने दी। पिछले सप्ताह, टेक्सास के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन ने नाबालिग बच्चों के लिए राज्य की गोपनीयता कानूनों का कथित उल्लंघन करने के लिए टिकटॉक के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया के अधिकारियों के नेतृत्व में 14 अटॉर्नी जनरल ने मुकदमा दायर किया, जिसमें टिकटॉक पर युवा उपयोगकर्ताओं के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने और सहमति के बिना उनका डेटा एकत्रित करने का आरोप लगाया गया है।

# गाजा के उत्तरी क्षेत्र में भारी तबाही

## इजराइल के हवाई हमले में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए, अस्पतालों पर खतरा

दीर अल-बला, एजेंसी

फिलिस्तीनी अधिकारियों और नागरिकों ने बुधवार को कहा कि उत्तरी गाजा में बड़े पैमाने पर इजराइल के हमलों में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हुए हैं, तथा हमास के साथ युद्ध के एक वर्ष बाद तीन अस्पतालों के बंद होने का खतरा है। जबालिया में भीषण लड़ाई चल रही है, जहां इजराइली सेना ने युद्ध के दौरान कई बड़े अभियान चलाए और जब चरमपंथी एकजुट होने लगे तो सेना वापस आ गई।

गाजा शहर सहित पूरे उत्तरी क्षेत्र में भारी तबाही हुई है और पिछले साल के अंत से इजराइली सेना द्वारा इसे काफी हद तक अलग-थलग करके रखा गया है। गाजा में विनाश और मौत के चक्र की शुरुआत पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के साथ हुई। इजराइल अब लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ एक सप्ताह पुराने जमीनी हमले का विस्तार कर रहा है और ईरान पर एक बड़ा जवाबी हमला करने पर विचार कर रहा है। साल 1948 में इजराइल के निर्माण के समय से चले आ रहे शरणार्थी शिविर जबालिया के निवासियों का कहना है कि भारी हवाई हमलों और इलाका छोड़ने की चेतावनियों के कारण सैकड़ों लोग अपने घर छोड़ चुके हैं। लोगों के शवों को अल-अहली अस्पताल में लाया जा रहा है। अस्पताल के अनुसार, बुधवार सुबह हवाई हमले में दो महिलाओं और दो बच्चों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। मध्य गाजा में हमलों में नौ अन्य लोग मारे गए जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से फलस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 42,000 को पार कर गया है और 97,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अस्पतालों पर भी खतरा है।

**इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा- ईरान पर इजराइल का हमला घातक और चौंकाने वाला होगा :** इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने बुधवार को कहा कि ईरान पर उसकी ओर से किया जाने वाला हमला घातक और चौंकाने वाला होगा। गैलेंट ने कहा कि हाल में ईरान द्वारा किये गये मिसाइल हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा।



लेबनान में इजराइली हमले के बाद राहत कार्य में जुटे लोग।

### बाइडन ने नेतन्याहू से फोन पर की बात

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने फोन पर बातचीत की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब इजराइल ने हाल में लेबनान में जमीनी सैन्य कार्रवाई शुरू की और ईरान के बैलेस्टिक मिसाइल हमले की जवाबी कार्रवाई पर विचार कर रहा है।

### हिजबुल्ला के नेता के मारे जाने की पुष्टि

**यरूशलम।** नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने हिजबुल्ला के हजारों सदस्यों को मार डाला है, जिसमें समूह के मारे गए नेता हसन नसरल्ला का संभावित उत्तराधिकारी हाशेम सफीद्दीन भी शामिल है। यह बयान लेबनान के लोगों के लिए नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा जारी एक वीडियो संदेश में दिया गया।

### लेबनान में 36 की मौत, 150 घायल

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों पर पिछले 24 घंटों में हुए इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 36 हो गई है, जबकि 150 लोग घायल हुए हैं। बेका क्षेत्र में छह लोग मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए, जबकि नबातीह प्रांत में 30 मौतें हुईं और 121 घायल हो गए।

### राजदूत ने गांधी का जिक्र कर कहा- आप एक क्रांतिकारी को मार सकते हैं, क्रांति को नहीं

**नई दिल्ली।** हिजबुल्ला के हसन नसरल्ला के उत्तराधिकारियों को मार गिराए जाने की इजराइल की घोषणा के बाद भारत में लेबनान के राजदूत रबी नर्श ने महात्मा गांधी के कथनों का हवाला देते हुए कहा कि हिजबुल्ला लोगों द्वारा समर्थित एक वैध राजनीतिक दल है और इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। राजदूत ने कहा आप हिजबुल्ला के नेताओं को खत्म कर सकते हैं, लेकिन आप हिजबुल्ला को खत्म नहीं कर सकते, क्योंकि ये छिपकर नहीं रहते हैं। यह कोई काल्पनिक संरचना नहीं है जो पैराशूट से लेबनान में आई है। नर्श ने कहा कि हिजबुल्ला दुष्ट राष्ट्र इजराइल के खिलाफ एक आंदोलन का प्रतीक है और इस आंदोलन को उसके नेताओं को खत्म करके कुचला नहीं जा सकता। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को एक वीडियो पोस्ट में कहा था कि उनके देश की सेनाओं ने हाल में मारे गए हिजबुल्ला नेता सैयद हसन नसरल्ला के संभावित उत्तराधिकारियों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाया और उनका खात्मा कर दिया।

### हिजबुल्ला ने रॉकेट हमले किए तेज

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने इजराइल में कई रॉकेट दागे और आतंकवादी समूह के कार्यवाहक नेता ने उस दबाव को बनाए रखने का संकल्प लिया जिसके कारण हजारों इजराइलियों को लेबनानी सीमा के समीप अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा है।

## उ. कोरिया, द. कोरिया से लगती सीमा करेगा बंद


- द. कोरिया एवं अमेरिकी सेनाओं से टकराव की स्थिति से निपटने के लिए कर रहा तैयारी

सियोल, एजेंसी

उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि वह दक्षिण कोरिया के साथ लगने वाली अपनी सीमा को स्थायी रूप से बंद कर देगा और दक्षिण कोरिया एवं अमेरिका की सेनाओं के साथ टकराव की स्थिति से निपटने के लिए अपने अग्रिम मोर्चे की रक्षा स्थिति को मजबूत करेगा। उत्तर कोरिया ने हालांकि दक्षिण कोरिया को औपचारिक रूप से अपना प्रमुख शत्रु घोषित करने तथा नयी राष्ट्रीय सीमाओं को संहिताबद्ध करने के लिए अपेक्षित संवैधानिक संशोधन की घोषणा नहीं की।

उत्तर कोरिया के ये कदम दबाव बनाने की रणनीति प्रतीत होते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इसका दक्षिण कोरिया के साथ संबंधों पर क्या असर पड़ेगा, क्योंकि सीमा पार यात्रा और दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान वर्षों से रुके हुए हैं।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, उत्तर कोरिया की सेना ने बुधवार को कहा कि वह दक्षिण कोरिया से लगती सड़कों और रेलमार्गों से संपर्क को पूरी तरह से काट देगी और अपनी ओर के संबंधित क्षेत्रों को मजबूत रक्षा संरचनाओं से सुदृढ़ करेगी। उत्तर कोरिया की सेना ने इस कदम को युद्ध को रोकने और सुरक्षा के इरादे से आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया है।



### उकसावे को बर्दाश्त नहीं करेगा दक्षिण कोरिया

दक्षिण कोरिया की सेना ने बाद में बुधवार को कहा कि वह यथास्थिति को बदलने के उत्तर कोरिया के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसने कहा कि अगर उत्तर कोरिया ने उकसावे का प्रयास किया तो दक्षिण कोरिया उसे कड़ा दंड देगा। दक्षिण कोरिया की सेना के बयान में कहा गया है कि उत्तर कोरिया के परमाणु एवं मिसाइल कार्यक्रमों ने कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति के लिए खतरा पैदा किया है। द. कोरिया के अधिकारियों ने इससे पहले कहा था कि उत्तर कोरिया अप्रैल से ही अपनी सीमा पर टैंक रोधी अवरोध लगा रहा है।

## ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की, सबसे अच्छा इंसान बताया




**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें सबसे अच्छा इंसान' बताया और कहा कि वह उनके दोस्त हैं। ट्रंप ने फ्लैगरेंट पॉडकास्ट के दौरान एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की, जिसे बुधवार को अपलोड किया गया। उन्होंने कहा, मोदी, भारत। वह मेरे दोस्त हैं। वह सबसे अच्छे इंसान हैं।

# भारत का ग्लोबल साउथ की संरचना में सुधार का आह्वान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने ग्लोबल साउथ के लिए ऋण स्थिरता सुनिश्चित करने और उसे ऋण जाल से बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना में सुधार की खातिर ठोस वैश्विक प्रयास का आह्वान किया है, जो कई संकटों से प्रभावित है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश अनिश्चित दुनिया में लचीलापन और विकास को बढ़ावा देने विषय पर संयुक्त राष्ट्र के 79वें सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस ओर ध्यान आकृष्ट किया कि किस प्रकार विकास लाभ पटरी से उतर गए हैं, जिससे सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में प्रगति को खतरा है। उन्होंने कहा, ऋण स्थिरता सुनिश्चित करने और ऋण जाल को रोकने, किफायती वित्त तक पहुंच मुहैया कराने और वैश्विक व्यापार एवं निवेश प्रवाह में असमानता को दूर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना में सुधार की खातिर ठोस वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है। हरीश ने सबसे संवेदनशील लोगों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए।



- संरा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने रखी बात

## नेपाल के नीमा 14 चोटियों पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बने

**काठमांडू।** नेपाल के किशोर पर्वतारोही ने सबसे कम उम्र के पर्वतारोही क्लब में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। सेवन समिट ट्रेक्स के अभियान निदेशक छांग दावा शेरपा ने बताया कि मकालू के नीमा रिंजी शेरपा (18) बुधवार को तिब्बत में माउंट शिशापांगमा पर पहुंचे और आठ हजार मीटर से अधिक ऊंचे सभी 14 पर्वतों पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बन गए। नीमा रिंजी के पिता एवं 14 पीक्स एक्सपीडिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ताशी लकपा शेरपा ने बताया कि नीमा रिंजी अपने पर्वतारोही साथी पासांग नूरबू शेरपा के साथ आज सुबह 6.05 बजे शीशपांगमा के शिखर पर पहुंचे और आठ हजार मीटर से अधिक ऊंची 14 चोटियों पर चढ़ाई पूरी की।

# समुद्री विवाद से निपटने को बैठक की

## लाओस में वार्षिक क्षेत्रीय मंच में एकत्र हुए दक्षिण-पूर्व एशियाई नेता

वियनतियान (लाओस), एजेंसी

दक्षिण-पूर्व एशियाई नेता बुधवार को लाओस की राजधानी में वार्षिक क्षेत्रीय मंच के लिए एकत्र हुए, जिसमें म्यांमा में लंबे समय से चल रहे गृह युद्ध और दक्षिण चीन सागर में क्षेत्रीय तनाव से निपटने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह दो प्रमुख चुनौतियां हैं, जो लंबे समय से इस समूह की विश्वसनीयता की परीक्षा ले रही हैं।

दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) शिखर सम्मेलन के बाद चीन, अमेरिका और रूस सहित वैश्विक शक्तियों के साथ बैठकें भी होंगी, जो इस क्षेत्र में प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। वियनतियान में जब यह बैठक हो रही हैं तो इस बात की भी संभावना है कि बातचीत में पश्चिम एशिया में बढ़ती हिंसा का मुद्दा भी शामिल हो। हालांकि दक्षिण-पूर्व एशिया को केवल अप्रत्यक्ष प्रभाव का सामना करना पड़ा है। ऐतिहासिक रूप से आसियान का प्रभाव इसके अपने सदस्यों के बीच भी सीमित ही रहा है, लेकिन यह अक्सर क्षेत्र के साथ जुड़ने की इच्छुक महाशक्तियों के बीच संवाद के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता रहा है। आसियान के 10 सदस्य देश - इंडोनेशिया, थाईलैंड, सिंगापुर, फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, म्यांमा, कंबोडिया, ब्रुनेई और लाओस - क्षेत्र के अन्य स्थानों के अपने संवाद साझेदारों जापान, दक्षिण कोरिया, भारत और ऑस्ट्रेलिया आदि के साथ अर्थव्यवस्था से लेकर जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा जैसे विषयों पर बातचीत करेंगे।




# जयशंकर की दखल पर ब्रिटेन के नीलामी गृह ने नगा मानव खोपड़ी की बिक्री रोकी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के एक नीलामी गृह ने बुधवार को अपने नगा मानव खोपड़ी को अपने लाइव ऑनलाइन बिक्री की सूची से हटा लिया है। नीलामी गृह ने इस मुद्दे पर भारत के विरोध के बाद यह कदम उठाया। ऑक्सफोर्डशायर के टेस्ट्सवर्थ में स्वॉन नीलामी गृह के पास उसके 'द क्यूरियस कलेक्टर सेल, एंटीक्वेरियन बुक्स, मैनुस्क्रिप्ट्स एंड पेंटिंग्स' के तहत दुनियाभर से प्राप्त खोपड़ियों और अन्य अवशेषों का संग्रह है।

19वीं शताब्दी की सींग युक्त नगा मानव मानव खोपड़ी, नगा जनजाति' को बिक्री के लिए सूची में लॉट नंबर 64 पर रखा गया था। इसकी बिक्री को लेकर नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने विरोध जताया था और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस बिक्री को रोकने में दखल की मांग की थी। रियो ने अपने पत्र में लिखा ब्रिटेन में नगा मानव खोपड़ी की नीलामी के प्रस्ताव की खबर ने सभी वर्ग के लोगों पर नकरात्मक असर डाला है क्योंकि हमारे लोगों के लिए यह बेहद भावनात्मक और पवित्र मामला है।

### संग्रहकर्ताओं के लिए विशेष रुचिकर होगी

नीलामी सूची में नगा मानव खोपड़ी की तस्वीर के नीचे लिखा था, यह कृति मानवशास्त्र और जनजातीय संस्कृतियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले संग्रहकर्ताओं के लिए विशेष रुचिकर होगी। नीलामी के लिए शुरुआती राशि 2,100 जीबीपी (ग्रेट ब्रिटिश पाउंड) (करीब 2.30 लाख रुपये) रखी गई थी और नीलामीकर्ताओं को इसके 4,000 जीबीपी (करीब 43 लाख रुपये) में बिकने की उम्मीद थी। इसका उत्पत्ति के बारे में 19वीं शताब्दी के बेल्जियम के वास्तुकार फ्रेंकोइस कोपेन्स के संग्रह से पता चलता है। एफएनआर ने जोर देकर कहा कि मानव अवशेषों की नीलामी संयुक्त राष्ट्र द्वारा जातीय मूल के लोगों के अधिकारों की घोषणा (यूएनडीआरआईपी) के अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है, जिसमें कहा गया है, जातीय मूल के लोगों को अपनी संस्कृतियों, परंपराओं, इतिहास और आकांक्षाओं की गरिमा और विविधता को बनाए रखने का अधिकार है, जिसे शिक्षा और सार्वजनिक सूचना में उचित रूप से प्रतिबिंबित किया जाना चाहिए।

## ज्ञान-विज्ञान

### खगोलविदों द्वारा बाहरी ग्रह की खोज से यह जानकारी सामने आई

# 5 अरब वर्ष बाद भी जीवित रहेगी हमारी पृथ्वी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारी पृथ्वी कभी खत्म नही होगी, बल्कि सूर्य के सफेद तारे में तब्दील होने बाद भी जीवित रहेगी। खगोलविदों द्वारा बाहरी ग्रह की एक खोज में यह जानकारी सामने आई है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के खगोलविदों की एक टीम ने हवाई में मौनाकिया के डब्ल्यू.एम. केक वेधशाला से यह खोज की है।

खगोलविद मानते हैं कि अब से लगभग 5 अरब वर्ष बाद हमारा सूर्य एक लाल विशाल तारा बन जाएगा। तब यह बुध, शुक्र और संभवतः पृथ्वी को भी निगल जाएगा। इसके बाद सूरज ढहकर घना कोर बन जाएगा और एक छोटा सा सफेद बौना तारा बन जाएगा। मगर खगोलविदों ने अब एक ऐसा बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) खोज निकाला है, जो हमारी पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य की जानकारी देता है। यह बाहरी ग्रह 4,000 प्रकाश वर्ष दूर एक सफेद बौने तारे की परिक्रमा कर रहा है। इसका आकार पृथ्वी के बराबर है। हमारे सूर्य का अंत भी एक सफेद बौने तारे के रूप में होगा। इससे पता चलता है कि हमारी दुनिया का भाग्य, जैसा हम सोचते हैं, वैसा नही है, बल्कि खोजे गए ग्रह की तरह सुरक्षित हो सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार सफ़ेद बौने तारे मृत तारों के छोटे व गर्म कोर होते हैं। एक तारे के लाल विशालकाय में फैलने के बाद अपने नजदीकी ग्रहों को निगल जाता है। इसके बाद सिकुड़ने लगता है और अंत मे विशिष्ट सफेद बौना बन जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि जैसे-जैसे हमारा सूर्य फैलेगा, वह अपना द्रव्यमान भी खो देगा। यानी इसका गुरुत्वाकर्षण आकर्षण कम हो जाएगा। इस अवस्था में यदि हमारा सूर्य अपना द्रव्यमान जल्दी से खो देगा तो इसका प्रभाव पृथ्वी की कक्षा तक नही पड़ेगा और हमारी पृथ्वी सुरक्षित रह जाएगी।



### चार वर्ष पहले हुई थी खोज

खगोलविदों ने पहली बार 2020 में इस बाहरी ग्रह का पता लगा लिया था। इसे माइक्रोलेंसिंग तकनीक का उपयोग करके खोजा गया। इस ग्रह व तारे के व्यवहार के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई गई। जिसमें लंबा समय लग गया और अब यह जानकारी निकलकर सामने आई तो वह चौकाने वाली थी। नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।